अचलगच्छ का इतिहास

लेखक
डॉ० शिवप्रसाद

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी
प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक-परिचय

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समुदाय में अंचलगच्छ (वर्तमान में अचलगच्छ) का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। वि.सं. 1169 में आचार्य आर्यरक्षितसूरि द्वारा विधिमार्ग की प्ररूपणा और उसका पालन करने के कारण यह गच्छ अस्तित्व में आया। इस गच्छ में आचार्य जयसिंहसूरि, धर्मघोषसूरि, महेन्द्रसिंह सूरि, धर्मप्रभसूरि, महेन्द्रप्रभसूरि, जयशेखरसूरि, मेरुतुंगसूरि, जयकेशरीसूरि आदि विभिन्न प्रभावक एवं विद्वान् आचार्य हो चुके हैं। वर्तमान युग में आचार्य गौतमसागरसूरि ने इस गच्छ में संविग्नमार्ग की पुनः प्रतिष्ठा की। उनके पट्टधर आचार्य गुणसागरसूरि ने उक्त कार्य को और आगे बढ़ाया। वर्तमान गच्छाधिपति गुणोदयसागर सूरीश्वर जी व आचार्य कलाप्रभसागर जी के कुशल मार्गदर्शन में यह गच्छ उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। इस गच्छ से भी समय-समय पर विभिन्न शाखाएँ अस्तित्व में आयीं और समय के साथ-साथ नामशेष भी हो गयीं। इन सभी का शोधपूर्ण विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में संग्रहीत है। अन्त में इस गच्छ के प्रमुख रचनाकारों के साहित्यावदान की सूची भी दी गयी है।

❖❖❖

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला : १३५
प्राकृत भारती पुष्प : १४१

प्रधान सम्पादक
प्रो० सागरमल जैन
महोपाध्याय विनयसागर
प्रो० भागचन्द्र जैन भास्कर

अचलगच्छ का इतिहास

लेखक
डॉ० शिवप्रसाद

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी
प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर
२००१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला सं० - १३५
प्राकृत भारती पुष्प - १४१

लेखक	:	डॉ० शिवप्रसाद
पुस्तक	:	अचलगच्छ का इतिहास
प्रकाशक	:	पार्श्वनाथ विद्यापीठ, आई०टी०आई० रोड, करौंदी, वाराणसी-२२१००५ दूरभाष संख्या : ३१६५२१, ३१८०४६ फैक्स : ०५४२-३१८०४६
	:	प्राकृत भारती अकादमी, १३-ए, मेन मालवीय नगर, जयपुर-३०२०१७ दूरभाष संख्या : ५२४८२७, ५२४८२८
प्रथम संस्करण	:	२००१ ई०
मूल्य	:	२५०.०० रुपये मात्र
अक्षर-सज्जा	:	सरिता कम्प्यूटर्स, औरंगाबाद, वाराणसी-१० (फोन नं० ३५९५२१)
मुद्रक	:	वर्द्धमान मुद्रणालय, भेलूपुर, वाराणसी
ISBN	:	81-86715-61-4
©	:	पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी

Pārśwanātha Vidyāpīṭha Series No. 135
Prakrit Bharati Puṣpa-141

Author	:	Dr. Shiva Prasad
Title	:	Acala Gaccha Kā Itihās
Publisher	:	Pārśwanātha Vidyāpīṭha, I.T.I., Road, Karaundi, Varanasi-221005 Telephone No. : 316521, 318046 Fax : 0542-318046
	:	Prakrit Bharti Academy, 13-A, Main Malviya Nagar, Jaipur-302017. Telephone No. : 524827, 524828
First Edition	:	2001
Price	:	Rs. 250.00 only
Type Setting	:	Sarita Computers, Aurangabad, Varanasi. (Phone No. 359521)
Printed at	:	Vardhaman Mudranalaya, Bhelupur, Varanasi.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवन में अनेक झंझावतों को झेलने वाले, संघर्षशील व्यक्तित्त्व के धनी

पूज्य पिता स्व० श्री त्रिलोकीनाथ जी एवं माता श्रीमती सावित्रीदेवी

जिनके असीम प्यार, आत्मीय सहयोग और

कठोर अनुशासन ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया,

उन्हीं माता-पिता की पुण्यस्मृति

में

सादर समर्पित

शिवप्रसाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

अद्यावधि विद्यमान गच्छों में अचलगच्छ (अंचलगच्छ) का महत्त्वपूर्ण स्थान है। चन्द्रकुल से निष्पन्न प्रवर्तमान गच्छों में प्राचीनता की दृष्टि से खरतरगच्छ के पश्चात् अंचलगच्छ का ही स्थान है। वि०सं० ११६९ में आचार्य आर्यरक्षितसूरि द्वारा विधिमार्ग की प्ररूपणा और उसका पालन करने के कारण यह गच्छ अस्तित्व में आया। इस गच्छ में आचार्य जयसिंहसूरि, धर्मघोषसूरि, महेन्द्रसिंहसूरि, धर्मप्रभसूरि, महेन्द्रप्रभसूरि, जयशेखरसूरि, मेरुतुंगसूरि, जयकेशरीसूरि, धर्ममूर्तिसूरि, दादा कल्याणसागरसूरि आदि विभिन्न प्रभावक एवं विद्वान् आचार्य हो चुके हैं। धीरे-धीरे इस गच्छ में भी शिथिलाचार प्रविष्ट हुआ और क्रमशः बढ़ता गया। विक्रम संवत् की २०वीं शती में हुए मुनि गौतमसागर जी ने गच्छ में व्याप्त शिथिलाचार का प्रबल विरोध करते हुए सुविहित मार्ग को पुनः प्रतिष्ठापित किया। वि०सं० २००४ में इस गच्छ के अन्तिम श्रीपूज्य आचार्य जिनेन्द्रसागरसूरि के निधन के पश्चात् यति-गोरजी की परम्परा यहाँ से समाप्त हो गयी और संवेगी मुनि गौतमसागर जी के नेतृत्व में गच्छ मे पुनः नवीन स्फूर्ति आयी। वि०सं० २००८ में गौतमसागर जी म०सा० आचार्य और गच्छनायक के पद पर प्रतिष्ठित हुए। उनके निधन के पश्चात् आचार्य गुणसागरसूरि जी के नेतृत्व में इस गच्छ का चातुर्दिक विकास प्रारम्भ हुआ जो वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य गुणोदयसागरसूरि जी व आचार्य कलाप्रभसागरसूरि जी म०सा० के समय भी निर्बाध रूप से जारी है। अंचलगच्छ से भी समय-समय पर विभिन्न शाखायें अस्तित्व में आयीं, परन्तु वे सभी समय के साथ-साथ समाप्त हो गयीं। वर्तमान में इस गच्छ की कोई शाखा विद्यमान नहीं है।

वर्षों पूर्व सुप्रसिद्ध विद्वान् भाई श्रीपार्श्व द्वारा लिखित **अंचलगच्छीय दिग्दर्शन** नामक एक बड़ा और प्रामाणिक ग्रन्थ गुजराती भाषा और उसी लिपि में प्रकाशित हुआ था, जो लम्बे समय से अनुपलब्ध रहा। हिन्दी भाषा में तो इस विषय पर कोई पुस्तक ही नहीं थी। संस्थान के प्रवक्ता डॉ० शिवप्रसाद ने इस कमी को पूर्ण करते हुए इस गच्छ का प्रारम्भ से लेकर वर्तमान समय तक का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया है। प्रामाणिकता की पुष्टि हेतु लेखक के अनुरोध पर जैन इतिहास व पुरातत्त्व के अधिकारिक विद्वान् साहित्य वाचस्पति म० विनयसागर द्वारा इसका आद्योपान्त अवलोकन भी करवा दिया गया है। इसके प्रकाशन के लिये आचार्य कलाप्रभसागर जी म०सा० की प्रेरणा से आर्य जयकल्याण केन्द्र ट्रस्ट, मुम्बई की ओर से ५ हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई है, अतः हम आचार्यश्री एवं उक्त ट्रस्ट के ट्रस्टीजनों के आभारी हैं। इसके प्रकाशन सम्बन्धी जिम्मेदारी संस्थान के ही प्रवक्ता डॉ० विजयकुमार ने वहन की है, अतः हम उनके भी आभारी हैं।

अन्त में सुन्दर अक्षर-सज्जा के लिये सरिता कम्प्यूटर्स और मुद्रण के लिए वर्धमान मुद्रणालय, भेलूपुर, वाराणसी के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं।

संजय कुमार कानोड़िया
अध्यक्ष
प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

प्रो० सागरमल जैन
मंत्री
पार्श्वनाथ विद्यापीठ,
वाराणसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो शब्द

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक गच्छों में अचलगच्छ (पूर्व प्रचलित नाम विधिपक्ष और अंचलगच्छ) का महत्त्वपूर्ण स्थान है। बृहद्गच्छीय आचार्य जयचन्द्रसूरि के शिष्य विजयचन्द्रगणि अपरनाम आर्यरक्षितसूरि द्वारा वि०सं० ११६९/ई०स० १११३ में विधिमार्ग की प्ररूपणा और उसके पालन करने से यह गच्छ अस्तित्त्व में आया। अचलगच्छ नाम पड़ने के सम्बन्ध में प्रचलित कथा के अनुसार गूर्जरेश्वर जयसिंह सिद्धराज ने एक बार पुत्रकामेष्टि यज्ञ प्रारम्भ किया था। वहां सर्पदंश के कारण यज्ञमण्डप में ही गाय की मृत्यु हो गयी। यज्ञ की सफलता के लिये गाय का यज्ञस्थल से जीवित ही बाहर आना अनिवार्य था। इस समस्या के समाधान के लिये राजा ने आर्यरक्षितसूरि से निवेदन किया और आचार्य द्वारा परकायप्रवेशिनीविद्या के प्रयोग से गाय के सजीवन हो कर यज्ञस्थल से बाहर आने पर यज्ञ सफल हो गया। इस प्रकार आचार्य आर्यरक्षितसूरि के स्ववचन पर अचल रहने के कारण सिद्धराज ने उन्हें 'अचल' विरुद प्रदान किया। यह दन्तकथात्मक घटना वि०सं० ११८५-९५ के मध्य घटित हुई बतलायी जाती है। इस प्रकार विधिपक्ष का एक नाम **अचलगच्छ** प्रचलित हो गया।

अंचलगच्छ नाम पड़ने के सम्बन्ध में जो कथा मिलती है उसके अनुसार चौलुक्यनरेश कुमारपाल ने आर्यरक्षितसूरि का यश सुनकर उन्हें अपनी सभा में आमन्त्रित किया। वहां उपस्थित कुडी व्यवहारी नामक श्रावक ने अपने उत्तरीय के एक छोर से भूमि का प्रमार्जन कर आर्यरक्षितसूरि को वन्दन किया और कुमारपाल की जिज्ञासा पर हेमचन्द्राचार्य ने वन्दन की उक्त विधि को शास्त्रोक्त बतलाया जिससे कुमारपाल ने विधिपक्ष को **अंचलगच्छ** नाम प्रदान किया। यह घटना वि०सं० १२१३/ई०स० ११५७ में हुई, ऐसा उल्लेख मिलता है।

दोनों घटनाओं में द्वितीय घटना, जो कुमारपाल से सम्बन्धित है, वह सत्य के निकट प्रतीत होती है, क्योंकि प्राचीन प्रशस्तियों, शिलालेखों-प्रतिमालेखों आदि से भी अंचलगच्छ नाम की ही पुष्टि होती है, अचलगच्छ की नहीं। इस प्रकार अचलगच्छ नाम बाद में पड़ा प्रतीत होता है। वर्तमान में इस गच्छ अनुयायी श्रमण और श्रावक अलबत्ता अचलगच्छ शब्द का प्रयोग करने लगे हैं, अंचलगच्छ शब्द का नहीं।

इस गच्छ में जयसिंहसूरि, धर्मघोषसूरि, महेन्द्रसिंहसूरि, धर्मप्रभसूरि, महेन्द्रप्रभसूरि, जयशेखरसूरि, मेरुतुंगसूरि, जयकेशरीसूरि, धर्ममूर्तिसूरि, कल्याणसागरसूरि आदि प्रभावक और विद्वान् जैनाचार्य और मुनिजन हो चुके हैं। जैन-परम्परा में समय-समय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर अस्तित्त्व में आये अनेक गच्छ जहां विलुप्त हो गये, वहीं अंचलगच्छ आज भी न केवल विद्यमान है, बल्कि उत्तरोत्तर उसके प्रभाव में वृद्धि ही होती जा रही है, जिसका श्रेय इस गच्छ के क्रियासम्पन्न मुनिजनों को है। इसी गौरवशाली अचलगच्छ का सम्यक्, प्रामाणिक और सुव्यवस्थित विवरण प्रस्तुत पुस्तक में सन्निहित है।

इस अवसर पर संक्षेप में इस ग्रन्थ के प्रारूप और इसमें विवेचित सामग्री पर प्रकाश डालना उपयुक्त होगा। किसी भी गच्छ के इतिहास के अध्ययन के मूल स्रोत के रूप में उससे सम्बद्ध रचनाकारों के कृतियों में दी गयी प्रशस्तियाँ, उनकी प्रेरणा से या स्वयं उनके द्वारा प्रतिलिपि किये गये ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ, विवेच्य गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित की गयी जिनप्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों और सम्बद्ध गच्छ की पट्टावलियों का उपयोग अपरिहार्य है। अचलगच्छ के इतिहास के सम्बन्ध में भी ठीक यही बात कही जा सकती है। चूंकि यह जीवन्त गच्छों में एक है अत: स्वाभाविक रूप से हमें इस गच्छ के उक्त तीनों प्रकार के साक्ष्य अत्यधिक संख्या में उपलब्ध हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में उन सभी का सम्यक् उपयोग किया गया है।

अन्यान्य गच्छों की भाँति अंचलगच्छ (अचलगच्छ) से भी समय-समय पर विभिन्न कारणों से विभिन्न शाखायें अस्तित्त्व में आयीं। इनमें कीर्तिशाखा, गोरक्षशाखा, चन्द्रशाखा, पालितानाशाखा, लाभशाखा और सागरशाखा प्रमुख हैं। सम्भवत: ये सभी शाखायें मूल परम्परा की अनुगामी थीं। अंचलगच्छीय मुनिजनों में शनै: शनै: शिथिलाचार बढ़ता गया और १९वीं शताब्दी में मूलपरम्परा के गच्छनायक श्रीपूज्य कहे जाने लगे और मुनिजन यतियों के रूप में विचरण करने लगे। साध्वाचार का द्रुतगति से ह्रास होने लगा। फिर भी क्रियाशील मुनिजनों की परम्परा पूर्णतया समाप्त न हो सकी। सागरशाखा के यति देवसागर के प्रशिष्य और स्वरूपसागर के शिष्य गौतमसागर जी ने वि०सं० १९४६ में संवेगी दीक्षा लेकर साध्वाचार को पुनर्जीवित किया। गौतमसागर जी के कठोर प्रयासों से इस गच्छ में संविग्नपक्षीय मुनिजनों की संख्या बढ़ने लगी और यति परम्परा का प्रभाव कम होने लगा। वि०सं० २००४ में जब अन्तिम श्रीपूज्य जिनेन्द्रसागर जी का निधन हुआ तो उन्हीं के साथ-साथ इस गच्छ के यति-गोरजी की परम्परा भी समाप्त हो गयी। वि०सं० २००८ में संघ ने गौतमसागर जी को आचार्य गच्छनायक (गच्छाधिपति) के रूप में प्रतिष्ठापित किया। उनके निधन के पश्चात् आचार्य गुणसागरजी के कुशल नायकत्त्व में इस गच्छ का द्रुत गति से विकास प्रारम्भ हुआ और बड़ी संख्या में बालक-पुरुष, बालिकायें एवं महिलाओं ने साधु-साध्वी की दीक्षा ग्रहण की। गच्छाधिपति आचार्य गुणसागर जी ने साधु-साध्वियों के चातुर्दिक विकास के लिये उनकी शिक्षा की भी विशेष व्यवस्था की, परिणामस्वरूप आज इस गच्छ के प्राय: सभी साधु-साध्वी उच्च शिक्षित हैं और उनमें से कुछ तो अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वान् हैं। ऐसे मुनिजनों में आचार्य कलाप्रभसागर जी का नाम अग्रगण्य है। आचार्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणसागरसूरीश्वर जी के निधन के पश्चात् उनके शिष्य आचार्य गुणोदयसागर जी के नेतृत्व में यह गच्छ उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर है।

प्रो०एम०ए०ढ़ांकी, शोध निदेशक, अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डियन स्टडीज, वाराणसी (वर्तमान में गुड़गाँव-हरियाणा) की प्रेरणा एवं सहयोग तथा प्रो०सागरमल जैन के निर्देशन में पार्श्वनाथ विद्यापीठ में रहते हुए मैंने श्वेताम्बर गच्छों के इतिहास लेखन का कार्य प्रारम्भ किया और पिछले १७ वर्षों में इस कार्य को एक सीमा तक पूर्ण करने का प्रयास किया, जिसका एक बड़ा भाग देश की प्रतिष्ठित शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित है।

अचलगच्छ के इतिहास के लेखन में मुझे प्रो०एम०ए०ढ़ांकी, प्रो०सागरमल जैन, साहित्य महारथी श्री भंवरलाल जी नाहटा, महोपाध्याय विनयसागर जी आदि से जो सहयोग मिला उसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मेरे लिये कठिन है। आचार्य कलाप्रभसागर जी से मुझे न केवल समय-समय पर मार्गदर्शन मिला बल्कि उन्होंने इस गच्छ से सम्बद्ध अनेक दुर्लभ ग्रन्थों को मुझे उपलब्ध कराया जिससे लेखन कार्य में अत्यधिक सहायता मिली।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन का पूर्ण श्रेय पूज्य आचार्यश्री कलाप्रभसागरसूरीश्वर जी म०सा०, मुम्बई विश्वविद्यालय के गुजराती भाषा विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध विद्वान् प्रो० रमणलाल ची०शाह; पार्श्वनाथ विद्यापीठ के मानद् निदेशक प्रो० सागरमल जैन; वर्तमान निदेशक प्रो० भागचन्द्र जैन तथा प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर के निदेशक महोपाध्याय विनयसागर जी को है, अत: मैं इन सभी का हृदय से आभारी हूँ।

शिवप्रसाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

भगवान् महावीर का शासन आज ढाई हजार वर्ष से भारतवर्ष में अपने मूल आचार और सिद्धान्तों पर अविच्छिन्न रूप से विद्यमान है। इसी बीच अनेक उदय और अस्तकाल आये और श्वेताम्बर एवं दिगम्बर आचारचर्या में कई विभिन्नताएँ आयीं; किन्तु मूल सिद्धान्त के शाश्वत तत्त्वों में कोई भी विभेद न आया। श्वेताम्बर समाज में अनेक गच्छ एवं शाखा-प्रशाखाओं का जन्म हुआ और इतिहास में अनेक परम्पराएँ नाम शेष रह गईं और उनकी श्रुतज्ञान की सेवाएँ—असंख्य रचनाएँ निर्मित हुईं, विच्छेद हुईं, लुप्त हुईं, नाम-शेष भी न रहीं; किन्तु उनमें से आज भी विपुल परिमाण में उपलब्ध हैं। उनका लेखा-जोखा एवं परम्परा व रचनाओं को जो उपलब्ध हैं, उन्हें शोध-खोजपूर्वक प्रकाश में लाने का भगीरथ प्रयत्न करने के लिए जैन विद्या के मूर्धन्य विद्वान् डॉ० सागरमलजी जैन ने डॉ० शिवप्रसाद जी को सौंपा जिसे वे पूरी लगन से सम्पन्न कर रहे हैं। इसी महत्त्वपूर्ण निर्माण में बहुत कुछ कार्य सम्पन्न हुआ है। प्रस्तुत अचलगच्छ का इतिहास इसी प्रयत्न के फलस्वरूप पार्श्वनाथ विद्यापीठ से प्रकाशित हो रहा है।

गच्छ और परम्पराएँ प्रचुर परिमाण में विभिन्न प्रकार से शासन सेवा कर गईं; किन्तु वर्तमान में खरतरगच्छ, तपागच्छ, अचलगच्छ और पायचन्दगच्छ आदि ही विद्यमान रही हैं। प्रस्तुत अचलगच्छ वर्तमान में गुजरात-कच्छ और राजस्थान के कुछ नगरों में अपनी उन्नतिशील अवस्था में है। इतःपूर्व हमें कई स्थानों में आँचलियों का फलसा, जैसलमेर में चरण पादुकाएँ, प्रतिमाएँ तथा देशनोक (बीकानेर) में आँचलियों का वास आदि विद्यमान हैं। अहमदाबाद और आगरा आदि स्थानों के इतिहास में भी इस गच्छ का प्रमुख स्थान रहा दृष्टिगोचर होता है। समय ने करवट बदली है और शिथिलाचार समाप्त हो रहा है। हर्ष का विषय है कि साधुओं की संख्या में अभिवृद्धि हुई है और शासन सेवा, साहित्य सेवा में भी समाज और संघ सक्रिय हुआ है। सम्मेतशिखर जी का त्वरित निर्माण आदि इसके ज्वलन्त उदाहरण हैं।

गच्छ परम्पराओं में शाखा भेद होते हैं पर इस सन्दर्भ में नामान्त पद में शाखा भेद के बीज तपागच्छ और अंचलगच्छ (अचलगच्छ) में पाये जाते हैं जबकि खरतरगच्छ में नामान्त नन्दी की पद्धति भिन्न है और शाखा भेद भिन्न है। अचलगच्छ की परम्परा में प्रस्तुत ग्रन्थ में कीर्ति शाखा, सागर शाखा, गोरक्ष शाखा, चन्द्र शाखा और पालीताना शाखा और लाभ शाखा का विवरण/विवेचन है; किन्तु इनके अतिरिक्त और भी कुछ अवशिष्ट होगीं।

जैसलमेर में श्री समयसुन्दरजी के उपाश्रय में लाकर रखी हुई कई चरण पादुकाएँ हैं जिनमें अंचलगच्छीय महान् आचार्य श्रीधर्ममूर्तिसूरि जी की चरण पादुकाएँ भी हैं, जिन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर इस प्रकार लेख है —

"संवत् १६७४ वर्षे आषाढ़ सुदि ९ गुरौ श्री अचल गच्छे पू० भट्टारक श्री धर्ममूर्ति सूरि पादुका कारितं श्री संघेन। श्री जेसलमेरु महादुर्गे रावलजी कल्याण"

गुणग्राहक महोपाध्याय समयसुन्दरजी ने अपने समय के तीन महान् आचार्यों को अपने गणनायक के समान प्रभावक और जिन शासन का सितारा मान कर स्तुति की है—

भट्टारक तीन भये बड़ भागी।
जिण दीपायो श्री जिन शासन सबल पडूर सोभागी। भ० १।
खरतर श्री जिनचन्द्र सूरीसर, तपा हीर विजय वैरागी।
विधि पक्ष धरममूर्ति सूरीसर, मोटो गुण महा त्यागी। भ० २।
मत कोउ गर्व करो गच्छ नायक, पुण्य दशा हम जागी।
समयसुन्दर कहइ तत्त्व विचारउ, भरम जाय जिण भागी। भ० ३।

यह एक संयोग ही समझिये कि श्री धर्ममूर्तिसूरिजी की चरणपादुका भी समयसुन्दरजी के उपाश्रय में संघ द्वारा रखी गयी है।

अचलगच्छ के आचार्य जिनालय निर्माण आदि का उपदेश देकर धर्म प्रचार करते और प्रतिमादि प्रतिष्ठा की प्रेरणा देते किन्तु स्वयं प्रतिष्ठापक बन कर अपना नाम नहीं देते थे। अंचलगच्छ की कई धातु प्रतिमाओं के पृष्ठ भाग में खड़ी हुई पुरुषाकृति दृष्टिगोचर होती है जो इन्द्रादि की हो सकती है। आगरा के आंगाणी लोढ़ा कुंअरपाल सोनपाल ने जब सम्मेतशिखर जी का सं० १६७१ में संघ निकाला तब तलहटी में अधिष्ठाता श्री भोमियाजी की मूर्ति स्थापित की थी, जिसकी प्रतिष्ठा संघ में पधारे हुए खरतरगच्छीय मुनि विनयसागर से कराई गयी थी। लेख जो प्राप्त हुआ वह श्री भोमियाजी के मन्दिर में एक स्तम्भ पर लगाया गया है —

सं० १६७१ वर्षे वैशाख कृष्णैकादश्यां आगरा निवासी संघपति आंगाणी लोढ़ा श्री कुंअरपाल सोनपालेन **पतिसाह जहांगीर फरमाणेन** संघ सह यात्रा कृत्वा सिखर गिरि तलहट्टिकायां वट वृक्ष तने अधिष्ठायक क्षेत्रपाल श्री भोमियाजी व कुलिका स्थापिता पालगंजराज श्री पृथ्वी संघ राज्ये प्रतिष्ठिता खरतरगच्छे मुनि विनयसागरेन। विधि पक्ष अचल गच्छे।।

लेखन ने अचलगच्छ और उसकी विभिन्न शाखाओं का शोधपूर्ण इतिहास तथा इस गच्छ के अनुयायियों के साहित्यावदान का विवरण प्रस्तुत कर प्रसंशनीय कार्य सम्पन्न किया है।

(भँवरलाल नाहटा)
४, जगमोहन मल्लिक लेन
कलकत्ता ७०००७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भूमिका

जैनसंघ के इतिहास को सम्यक् रूप से समझने के लिए भारतीय संस्कृति के अतीत की गहराई में डुबकी लगाना आवश्यक है। जहाँ एक ओर परम्परागत विद्वान् जैनधर्म को अनादि मानते हैं और वर्तमान अवसर्पिणी कालचक्र में इसके प्रथम प्रवर्तक के रूप में ऋषभदेव (आदिनाथ) को स्वीकार करते हैं वहीं दूसरी ओर जैनेतर विद्वान् सामान्यतया जैनधर्म के प्रवर्तक के रूप में महावीरस्वामी (वर्धमान) को स्वीकार करते हैं। सामान्य व्यक्ति की दृष्टि ये दोनों मान्यताएँ परस्पर विरोधी हैं। जबकि सत्य यह है कि दोनों ही मान्यताएं सापेक्षिक रूप में सत्य हैं। वस्तुत: विश्व में जब से मानव समाज का अस्तित्व है विवेक, तप-त्याग, ध्यान-योग और अहिंसा के जीवन मूल्य प्रतिष्ठित हैं और जीवन में तप, त्याग, विवेक और वैराग्य ही जैनधर्म है। मनुष्य जिस दिन मनुष्य बना, उसी दिन ये मूल्य जीवन में प्रतिष्ठित हुए होंगे, क्योंकि इनके अभाव में 'मानव' अस्तित्व की कल्पना ही निरर्थक है। अत: मानवीय मूल्यों की जीवन में प्रतिष्ठा और जैनधर्म सहगामी हैं।

यदि तप-त्याग और संयम की मानव जीवन में प्रतिष्ठा करने वाले किसी प्रथम पुरुष की खोज करना हो तो निश्चित रूप से यह मानना होगा कि भारतीय संस्कृति के इतिहास की दृष्टि से ये प्रथम पुरुष ऋषभदेव या आदिनाथ ही हैं। भरत क्षेत्र के वर्तमान कालचक्र में ऋषभ ने ही मानवीय समाज और सभ्यता का बीजवपन किया था, यह तथ्य जैन एवं जैनेतर साक्ष्यों से सिद्ध है। ऋग्वेद जो भारतीय साहित्य का प्राचीनतम ग्रन्थ है उसमें न केवल ऋषभ का उल्लेख है, अपितु उसमें श्रमण धारा से सम्बन्धित अर्हत् (अर्हन्त), व्रात्य, श्रमण, वातरसना मुनि आदि के भी उल्लेख हैं। पुन: ऋग्वेद आर्हत् (श्रमण परम्परा) और वार्हत् (वैदिक/ब्राह्मण परम्परा) — दोनों परम्पराओं का उल्लेख करता है। अत: इन दोनों परम्पराओं का सह-अस्तित्व ऋग्वेद के काल जितना प्राचीन तो है ही। पुन: यह भी सत्य है वैदिक परम्परा और श्रमण परम्परा दोनों में ही ऋषभ को इस आर्हत् परम्परा अर्थात् तप-त्याग एवं ध्यान-योग की निवृत्तिमार्गी परम्परा का आदि पुरुष भी माना गया है। अत: वे श्रमण धारा के प्रथम प्रवर्तक हैं, इसमें संशय करने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी आज का जैनधर्म ठीक वैसा ही है, जिस रूप में ऋषभ ने उसका प्रवर्तन किया था, यह कहना कठिन है। स्वयं जैन परम्परा भी इस तथ्य को स्वीकार करती है कि तीर्थङ्कर अपने देशकाल के अनुरूप धर्म के बाह्यस्वरूप में परिवर्तन करते हैं, फिर भी श्रमण संस्कृति की मूलात्मा अर्थात् तप-त्याग और निवृत्तिपरक जीवन मूल्य तो इन परिवर्तनों के बीच भी यथावत बने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रहते हैं। श्रमण परम्परा के बाह्य स्वरूप अर्थात् साधना के विधि-विधानों का देशकाल में परिवर्तन होता रहा है और उसके परिणाम यह श्रमणधारा भी विभिन्न वर्गों में विभाजित होती रही है। इनमें से कुछ तो जैसे आजीवक आदि कालकवलित हो गईं, तो कुछ जैसे— सांख्य-योग आदि आज बृहद् हिन्दूधर्म में, जो वैदिक एवं श्रमण धारा का समन्वित रूप है, विलीन हो गईं। औपनिषदिक चिन्तन जो मूलत: श्रमणधारा का अंग था, आज वैदिक परम्परा में आत्मसात् होकर उसका ही अंग बन गया है। वर्तमान में निवृत्तिमार्गी श्रमण धारा की जैन और बौद्ध— ये दो शाखाएँ स्वतन्त्र रूप से अस्तित्व में हैं। इनमें बौद्ध धारा— हीनयान, महायान और वज्रयान के रूप में मुख्यत: तीन भागों में विभाजित हुई, पुन: इनमें भी कालक्रम में अनेक निकाय अस्तित्व में आये। वस्तुत: जब भी किसी धर्म या साधना पद्धति का विकास होता है, तो वह देश-कालगत परिस्थितियों के कारण अथवा मान्यता भेद के कारण विभिन्न भागों में विभाजित हो ही जाती है। जैनधर्म भी उससे अप्रभावित नहीं रहा।

आज हम जिसे जैनधर्म के नाम से जानते हैं, वह नाम तो उसे ईस्वी सन् की छठी शताब्दी में प्राप्त हुआ। अपभ्रंश **जइण** से **जैन** शब्द बना है। **जिन** के उपासक **जइण** कहलाये और यही उनका धर्म आगे चलकर जैनधर्म के नाम से प्रचलित हुआ। छठीं-सातवीं शती के पूर्व इसके दो नाम प्राप्त होते है— (१) आर्हत्, (२) निर्ग्रन्थ। आर्हत् और निर्ग्रन्थ में भी आर्हत् नाम अपेक्षाकृत प्राचीन है और निर्ग्रन्थ नाम उससे परवर्ती है फिर भी यह नाम अशोक के अभिलेखों में जैनों के लिए व्यवहृत हुआ है। वस्तुत: पार्श्वनाथ और महावीर दोनों के ही अनुयायी निर्ग्रन्थ कहे जाते थे— अत: उन दोनों को अलग करने के लिए पार्श्वापत्यीय श्रमण और ज्ञातृपुत्रीय श्रमण— ये नाम प्रचलित थे। ज्ञातव्य है कि इस समय बौद्ध श्रमण शाक्यपुत्रीय श्रमण और गोशालक की परम्परा के श्रमण आजीवक कहलाते थे। जैन परम्परा में पाँच प्रकार के श्रमणों का उल्लेख मिलता है— १. शाक्यपुत्रीय श्रमण (बौद्ध), २. निर्ग्रन्थ (जैन), ३. आजीवक (मंखली गोशालक के अनुयायी), ४. तापस (सांख्य और योग परम्परा के अनुयायी) और ५. गैरुक (गेरुवा वस्त्र धारण करने वाले हिन्दू संन्यासी)। वस्तुत: अर्हत्, जिन, बुद्ध और तीर्थङ्कर ऐसे नाम थे, जिन्हें श्रमण परम्परा की प्रत्येक शाखा अपने आराध्य या उपास्य के रूप में स्वीकार करती थी, अत: अपनी स्वतन्त्र पहचान के लिए ये अलग-अलग नाम दिये गये थे। सम्पूर्ण श्रमण परम्परा के लिए प्राचीनतम नाम आर्हत् ही था। आर्हतों में से विभिन्न श्रमण परम्पराएँ विकसित हुईं उनमें आजीवक, बौद्ध और निर्ग्रन्थ अधिक प्रसिद्ध हुईं। इनमें भी आजीवक परम्परा चिरजीवी नहीं रह सकी और ईसा की प्रथम शताब्दी के पूर्व ही वह नामशेष हो गई। आजीवकों के नामशेष हो जाने और तापस, गैरुक आदि के बृहत्तर हिन्दू समाज का अंग बन जाने पर श्रमणों की निर्ग्रन्थ और बौद्ध ये दो धाराएं ही चिरजीवी बनीं। इनमें भी बौद्धधारा विदेशों में तो पल्लवित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं विकसित हुई, किन्तु दसवीं शती तक भारत में नामशेष हो गई और भारत में मात्र जैन/निर्ग्रन्थ धारा ही बची रही।

निर्ग्रन्थों में हमें सर्वप्रथम पार्श्वापत्य और ज्ञातृपुत्रीय ये दो वर्ग मिलते हैं, किन्तु ज्ञातृपुत्रीय श्रमणों बढ़ते हुए प्रभाव से महावीर के कुछ काल बाद पार्श्वापत्य श्रमण ज्ञातृपुत्रीय श्रमणों में अर्थात् महावीर के संघ में सम्मिलित हो गये। महावीर के संघ ने पार्श्वनाथ को महावीर के पूर्ववर्ती तीर्थङ्कर के रूप में और उनके साहित्य को पूर्व साहित्य के रूप में मान्यता देकर अपने में आत्मसात् कर लिया। इस प्रकार निर्ग्रन्थों की दो प्रतिस्पर्धी परम्पराएं मिलकर एक हो गईं। यह तो स्पष्ट है कि गोशालक जो कुछ समय तक अपने को महावीर का शिष्य मानता था, वैचारिक मतभेदों के कारण उनसे अलग होकर आजीवक परम्परा में तीर्थङ्कर के समरूप प्रतिष्ठित हो गया। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि गोशालक और महावीर के बीच हुए मतभेद को जैन परम्परा में विशेष महत्त्व नहीं दिया गया; क्योंकि यह घटना महावीर के कैवल्य प्राप्ति और संघ-स्थापना के पूर्व ही हो चुका था। अत: जैन परम्परा में संघ भेद के रूप में इसे मान्यता नहीं मिली। जैनधर्म श्रमण संस्कृति का प्रतिनिधि है और श्रमण संस्कृति ने भारत को संघीय साधना की एक ऐसी विशिष्ट पद्धति प्रदान की है जिसमें संघ सर्वोपरि था। वह तीर्थङ्कर या अनुशास्ता के लिए भी वन्दनीय है। तीर्थङ्कर भी 'नमो तित्थस्स' कहकर सर्वप्रथम संघ की वन्दना करता है। जैनधर्म में भगवान् महावीर के निर्ग्रन्थ संघ में जो विभिन्न गण, शाखाएं, कुल, अन्वय और गच्छ अस्तित्व में आये, उसके मुख्यत: दो कारण रहे हैं— १. संघीय व्यवस्था एवं अनुशासन और २. विचार और आचार सम्बन्धी मतभेद। यद्यपि वैयक्तिक अहं, पदलिप्सा और पारस्परिक वैमनस्य भी इनके मूल में रहे होंगे; किन्तु इनके निमित्त से जो भी संघभेद हुए हैं वे भी स्पष्टत: इस तथ्य को स्वीकार नहीं करते हैं। सभी अपने संघभेद का कारण आचार-विचार सम्बन्धी मतभेद या संघीय अनुशासन में सुदृढ़ता ही बताते हैं। यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि व्यवस्था एवं अध्ययन की दृष्टि से महावीर ने स्वयं अपने शिष्यों को ९ गणों में विभाजित कर उन्हें ११ गणधरों के अधीन कर दिया था। ज्ञातव्य है कि जहाँ प्रथम सात गणधरों को स्वतन्त्र रूप से अपने-अपने गणों का दायित्व सौंपा गया था वहीं अन्तिम गणधरों में दो-दो गणधरों को संयुक्त रूप से गण के संचालन का भार दिया गया था। वस्तुत: भगवान् महावीर प्रयोगधर्मी थे, उन्होंने अपने संघ में एकल अनुशासन और संयुक्त अनुशासन- दोनों ही व्यवस्थाओं को स्थान दिया था। भगवान् महावीर द्वारा दी गई यह व्यवस्था वस्तुत: संघीय अनुशासन और संघीय व्यवस्था की दृष्टि से एक विभाजन तो था; किन्तु यह संघभेद नहीं था। भगवान् महावीर के जीवन-काल में ही संघ भेद के प्रयत्न प्रारम्भ हो गये थे। संघ भेद, गण भेद या गच्छ भेद को निकृष्टतम कार्य माना गया था और ऐसे व्यक्ति के लिए पारांचिक प्रायश्चित्त अर्थात् संघ से निष्कासन जैसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कठोरतम दण्ड की व्यवस्था थी। वस्तुत: जो दण्ड एक मुनि की हत्या करने वाले का था उतना ही दण्ड एक संघ भेद करने वाले को था। फिर भी संघ स्थापना के बाद प्रथम संघ भेद जामालि द्वारा 'क्रियमान कृत या अकृत' के दार्शनिक विवाद के आधार पर हुआ। जहाँ महावीर के संघ स्थापना के पूर्व ही गोशालक ने एकाकी रूप से अलग होकर भी एक बृहद् संघ की स्थापना कर ली थी और ऐसा भी कहा जाता है कि महावीर के संघ की अपेक्षा गोशालक का संघ बृहद्काय था। वहीं जामालि पांच सौ शिष्यों के साथ अलग होकर भी अन्त में एकाकी ही रह गया। उसके प्राय: सभी श्रमण और श्रमणियाँ पुन: महावीर के संघ में लौट गये। यह भी सम्भव है कि जामालि के मतभेद के पीछे मूलत: उसकी पदलिप्सा भी रही हो, क्योंकि महावीर का जामाता होने के कारण उसकी यह अपेक्षा रही हो कि महावीर अपने संघ में उसे विशेष स्थान दें या संघीय व्यवस्था में उसे अपना उत्तराधिकारी घोषित करें, किन्तु निस्पृह वीतराग महावीर के लिए यह सम्भव नहीं था। जामालि की अपेक्षा गोशालक का आजीवक संघ अधिक दीर्घजीवी रहा और महावीर के पश्चात् भी लगभग चार शताब्दियों का वह चलता रहा।

जहाँ तक भगवान् महावीर के निर्वाण के पश्चात् निर्ग्रन्थ संघ की स्थिति का प्रश्न है, ऐसा लगता है कि आचार्य भद्रबाहु 'प्रथम' (ई०पू० तृतीय शती) तक यह संघ अविभाज्य रूप से चलता रहा। यद्यपि आर्य जम्बू के पश्चात् और भद्रबाहु के पूर्व के मध्यवर्ती आचार्यों के नामों को लेकर श्वेताम्बर-दिगम्बर पट्टावलियों में भिन्नता परिलक्षित होती है। जहाँ श्वेताम्बर पट्टावलियों में सुधर्मा और जम्बू के बाद प्रभव, स्वयंभव, यशोभद्र और सम्भूति— ये चार नाम आते हैं, वहाँ दिगम्बर पट्टावलियों में विष्णु, नन्दिमित्र, अपराजित और गोवर्धन ये चार नाम मिलते हैं। इस मतभेद का स्पष्टत: कारण क्या था, आज यह बता पाना कठिन है। भद्रबाहु के कथानक भी दोनों परम्पराओं में भिन्न-भिन्न हैं। मुझे ऐसा लगता है कि दिगम्बर परम्परा में जिस भद्रबाहु का उल्लेख है वे कहीं वराहमिहिर के भाई भद्रबाहु (द्वितीय) तो नहीं हैं, यह भी सम्भव है कि उनके साथ उल्लेखित चन्द्रगुप्त कोई गुप्तवंशीय राजा हो। फिर भी इस सम्बन्ध में अभी खोज करने की आवश्यकता है। यद्यपि श्वेताम्बर परम्परा में मान्य **कल्पसूत्र** की पट्टावली से हमें इतना अवश्य ज्ञात होता है कि भद्रबाहु के शिष्य गोदास से गोदासगण निकला और उसी से पौण्ड्रवर्धनिका, ताम्रलिप्तिका, कोटिवर्षीया और दासीखर्पटिका नामक चार शाखाएँ निकलीं। किन्तु आगे गोदासगण और उसकी इन चार शाखाओं का क्या हुआ, इसकी कोई भी जानकारी न तो श्वेताम्बर स्रोतों से उपलब्ध होती है और न उत्तर भारत में इसका कोई अभिलेखीय साक्ष्य ही प्राप्त होता है। दक्षिण भारत में आन्ध्रप्रदेश में वड्डमाणु से गोदासगण का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है, इससे यह अनुमान लगता है कि भद्रबाहु की शिष्य परम्परा दक्षिण भारत में चली गई और वहीं निर्ग्रन्थ संघ के नाम से फूली-फली। दक्षिण भारत में निर्ग्रन्थ सम्बन्धी अभिलेख पाँचवीं शती तक मिलते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। उत्तर भारत में भद्रबाहु के शिष्य गोदास से गोदासगण की ये चारों शाखाएँ कालक्रम से नामशेष हो गई गयीं। बंगाल में बटगोहली से प्राप्त काशी की पंचस्तूपान्वय का एक अभिलेख प्राप्त होता है; किन्तु गोदासगण की चारों शाखाओं का कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं होता है। इससे ऐसा लगता है कि उत्तर भारत में भद्रबाहु की परम्परा कालान्तर में विलुप्त हो गई। श्वेताम्बर परम्परा द्वारा मान्य **कल्पसूत्र** की 'स्थविरावली' में गोदासगण और उसकी शाखाओं को छोड़कर जिन गणों, शाखाओं और कुलों के उल्लेख हैं, वे सभी स्थूलिभद्र की परम्परा से हैं। **कल्पसूत्र** की इस 'स्थविरावली' से यह भी ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में निर्ग्रन्थ संघ में गण, शाखा और कुल के रूप में ही विभाजन था। गण शाखाओं में और शाखाएँ कुलों में विभाजित होती थीं। **कल्पसूत्र** की 'स्थविरावली' में इन सभी गणों, शाखाओं और कुलों का विस्तृत उल्लेख मिलता है जिनकी पुष्टि मथुरा के अभिलेखों से हो जाती है।अत: इन गणों, शाखाओं और कुलों के अस्तित्व में अब सन्देह की कोई सम्भावना भी नहीं है।

आर्य सुहस्ति के शिष्यों में आर्य सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध आचार्य हुए। पट्टावलियों के अनुसार इन्होंने एक करोड़ सूरिमन्त्र का जप किया अत: इनसे कोटिक गण उत्पन्न हुआ। किन्तु मुझे ऐसा लगता है कि वस्तुत: कोटिकगण का नामकरण बंगाल में स्थित कोटिवर्षनगर के आधार पर होना चाहिए। सम्भावना है कि आर्य भद्रबाहु के शिष्य गोदास से जो गोदासगण निकला था, उसी एक शाखा कोटिवर्षीय थी। यही कोटिवर्षीय शाखा बाद में कोटिकगण के रूप में परिवर्तित हो गयी होगी। कोटिकगण का उल्लेख मथुरा के अभिलेखों एवं **कल्पसूत्र** में 'स्थविरावली' में है। इसी कोटिकगण में आर्य वज्र हुए। वज्र से कोटिकगण की वज्जी (वज्री) शाखा निकली। इनके शिष्य आर्य वज्रसेन हुए। आर्य वज्रसेन के चार प्रमुख शिष्य हुए— नागेन्द्र, चन्द्र, निवृत्ति और विद्याधर। इनसे नागेन्द्र, चन्द्र, निवृत्ति और विद्याधर— ये चार कुल निकले। यद्यपि इस मान्यता का उल्लेख परवर्ती पट्टावलियों में प्राप्त होता है, परन्तु **कल्पसूत्र** की 'स्थविरावली' में आर्यव्रज के तीन शिष्यों— आर्य वज्रसेन, आर्यपद्म और आर्यरथ का उल्लेख है। पुन: आर्य वज्रसेन से आर्यनागिल, आर्यपद्म से आर्यपद्मा और आर्यरथ से आर्यजयन्ती शाखा निकलने का उल्लेख है। इसी स्थविरावली में ही अन्यत्र विद्याधर गोपाल से विद्याधरी और आर्य वज्रसेन से नाइली शाखा निकलने की चर्चा है। यही विद्याधरशाखा और नाइली शाखा आगे चलकर विद्याधर कुल और नागेन्द्र कुल के रूप में परिवर्तित हो गयी। हम देखते हैं कि भगवान् महावीर के निर्वाण के लगभग १४०० वर्षों बाद तक उत्तर भारत के निर्ग्रन्थ संघ में गण, शाखा और कुल का ही व्यवहार होता रहा। हमें ईसा की नवी-दसवीं शती तक के किसी भी अभिलेख अथवा किसी भी ग्रन्थ प्रशस्ति में गच्छ शब्द का प्रयोग नहीं मिलता है। लगभग ईसा की दसवीं शती से हमें गच्छ शब्द का प्रयोग मिलने लगता है। वस्तुत: **गच्छ** शब्द गमन अर्थ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का बोधक है, जो साधु साथ-साथ विहार या विचरण करते थे, उनका समूह गच्छ कहलाता था। इसके विपरीत एक आचार्य की शिष्य परम्परा कुल के नाम से अभिहित होती है। चूंकि एक ही आचार्य के शिष्य प्राय: साथ-साथ विहार करते हैं अत: वे कुल ही आगे चलकर ११वीं-१२वीं शताब्दी से गच्छ नाम से अभिहित होने लगे। चन्द्रकुल से चन्द्र गच्छ, नागेन्द्र कुल से नागेन्द्र गच्छ और विद्याधर कुल से विद्याधर गच्छ और निवृत्ति कुल से निवृत्ति गच्छ अस्तित्व में आये।

बृहद्गच्छीयआचार्य जयसिंहसूरि के शिष्य विजयचन्द्रगणि अपरनाम आर्यरक्षितसूरि द्वारा वि०सं० ११६९/ई०स० १११३ में विधिमार्ग की प्ररूपणा और उसका पालन करने के कारण उनका समुदाय **विधिपक्ष** कहलाया। इसके अंचल गच्छ नामकरण का मूल कारण यह रहा कि इस परम्परा ने श्रावकों के लिए धार्मिक क्रिया-कलापों में मुख वस्त्रिका एवं रजोहरण के स्थान पर उत्तरीय वस्त्र के एक छोर अर्थात् आंचल से ही काम चलाने का निर्देश किया था।

अंचलगच्छ की उत्पत्ति के साथ जो क्रियोद्धार की घटना वर्णित है उसके सम्बन्ध में क्वचित् जानकारी आवश्यक है। वस्तुत: भगवान् महावीर के निर्ग्रन्थ संघ में ईस्वी सन् की पाँचवीं शती के पश्चात् वनवास के स्थान पर चैत्यवास अर्थात् मुनियों द्वारा चैत्यों में निवास की प्रथा प्रारम्भ हो गयी थी। जिसके परिणामस्वरूप आगे चलकर दिगम्बर परम्परा में भट्टारक संस्था और श्वेताम्बर सम्प्रदाय में यति परम्परा का विकास हुआ। ये यति गण न केवल चैत्यों में निवास करते थे अपितु चैत्यों के नाम पर सम्पत्ति का संग्रह करने के साथ-साथ अपने आचार एवं व्यवहार में सुविधावादी या शिथिलाचारी हो गये थे। इस शिथिलाचार के विरुद्ध समय-समय पर आवाजें उठीं। दिगम्बर परम्परा में आचार्य कुन्दकुन्द (लगभग ६-७वीं शती) ने और श्वेताम्बर परम्परा में आचार्य हरिभद्र (८वीं शती) ने इसका घोर विरोध किया। इस सम्बन्ध में आचार्य हरिभद्रसूरि का **सम्बोधप्रकरण** नामक ग्रन्थ पठनीय है। फिर भी जैन संघ में इस चैत्यवास की जड़ें इतनी गहरी पैठ चुकी थीं कि इन विरोधों के बावजूद भी यह परम्परा वर्तमान युग तक जीवित रही है। फिर भी समय-समय पर शुद्धाचार को पालने लिए क्रियोद्धार के प्रयत्न भी होते रहे और उसके परिणामस्वरूप सुविहितमार्ग, विधिपक्ष आदि का जन्म हुआ। चैत्यवास के विरोध में प्रथम प्रयत्न के फलस्वरूप लगभग ग्यारहवीं शती में खरतरगच्छ का जन्म हुआ और दूसरे प्रयत्न के फलस्वरूप वि०सं० ११६९ में विधिपक्ष अस्तित्व में आया। ऐसे ही प्रयास के फलस्वरूप समय-समय पर विभिन्न गच्छ और उनकी शाखायें अस्तित्त्व में आयीं। अंचलगच्छ के जन्म के समय यह यति परम्परा इतनी प्रभावशाली थी कि अंचलगच्छ के संस्थापक आर्यरक्षितसूरि स्वयं भी विजयचन्द्र मुनि के रूप में इसी यति परम्परा में दीक्षित हुए थे। कालान्तर में गुरु की आज्ञा प्राप्त होने पर क्रियोद्धार करके शुद्ध मुनि आचार का पालन करने लगे। अंचलगच्छ की यह परम्परा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी कारण विधिपक्ष के नाम से भी जानी जाती है। विधि पक्ष का अर्थ है—आगम विधि के अनुसार आचार-पालन का पक्षधर।

यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि जो गच्छ या परम्पराएँ क्रियोद्धार द्वारा आगमिक आचार के पालन के लिए कटिबद्ध हुई थीं उनमें भी कालान्तर में शिथिलाचार का प्रवेश होता रहा और वे पुन: पुन: यति परम्परा के आचार में ढलती रही हैं। आर्यरक्षितसूरि ने यति परम्परा के विरोध में जिस विधिपक्ष की स्थापना की थी वह पुन: यति परम्परा से आक्रान्त हो गया और उसमें उत्तरमध्य युग में अनेक शाखा-प्रशाखाएँ बन गईं। अंचलगच्छ की मुख्य शाखाएँ निम्न हैं— (१) कीर्तिशाखा, (२) पालिताना शाखा, (३) गोरक्ष शाखा, (४) लाभ शाखा, (५) सागर शाखा और (६) चन्द्र शाखा। इनमें भी चन्द्र शाखा की दो आचार्य परम्परा दृष्टिगत होती है। इनमें अधिकांश तो यति परम्परा की ही पोषक थी। यही कारण था कि उत्तरमध्य युग में धर्ममूर्तिसूरि (सं० १६१४) और वर्तमान युग में गौतमसागरसूरि जी (संवत् १९४६) द्वारा पुन: क्रियोद्धार कर अंचलगच्छ में संवेगी मुनियों की परम्परा को पुनर्जीवित करना पड़ा। वर्तमान में अंचलगच्छ (अचलगच्छ) में जो मुनिगण एवं साध्वियाँ हैं, वे गौतमसागरसूरि की शिष्य-प्रशिष्य परम्परा से ही हैं। इस गच्छ में अन्तिम श्रीपूज्य (यति) आचार्य जिनेन्द्रसागरसूरि थे। ईस्वी सन् १९४७ में उनके स्वर्गवास के पश्चात् इस गच्छ की श्रीपूज्य परम्परा समाप्त हो गई। यद्यपि यह श्रीपूज्यों या यतियों की परम्परा आचार की अपेक्षा शिथिलाचारी थी, फिर भी इस वर्ग ने श्रावकवर्ग को जैनधर्म से जोड़े रखने तथा साहित्य और चिकित्सा के क्षेत्र में जो अवदान दिया है, उसे विस्मृत नहीं किया जा सकता।

यदि हम अंचलगच्छ के साहित्यिक अवदान पर विचार करें तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि जैन विद्या के क्षेत्र में इस गच्छ अनुयायियों द्वारा निर्मित मन्दिरों एवं उनमें स्थापित प्रतिमाओं सम्बन्धी अभिलेखों और ग्रन्थ प्रशस्तियों की विस्तृत चर्चा श्री पार्श्व एवं आचार्य कलाप्रभसागर जी ने की है। डॉ० शिवप्रसाद जी ने भी अपनी इस कृति में इन सभी सूचनाओं को समाहित किया है। अत: यहाँ उनकी चर्चा करना अनावश्यक प्रतीत होता है।

जहाँ तक वर्तमान श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के गच्छों का प्रश्न है उनमें खरतरगच्छ, तपागच्छ, अंचलगच्छ (अचलगच्छ) और पार्श्वचन्द्रगच्छ ही आज अस्तित्व में हैं, शेष गच्छ और उनकी विविध शाखाएँ आज इतिहास के पन्नों में ही संरक्षित हैं। उनमें भी प्रमुख तो तपागच्छ ही है, क्योंकि उसके साधु-साध्वियों की संख्या खरतरगच्छ और अंचलगच्छ की अपेक्षा कई गुना अधिक है, फिर भी श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन समाज में अपने प्रभुत्व की दृष्टि से खरतरगच्छ और अंचलगच्छ भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। जहाँ तपागच्छ मुख्यत: गुजरात, मुम्बई और सौराष्ट्र में अधिक प्रभावशाली है, वहाँ खरतरगच्छ राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर-पूर्वी भारत में अधिक प्रभावी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। जहाँ तक अंचलगच्छ (अचलगच्छ) का प्रश्न है वह उत्तरपश्चिमी राजस्थान, उत्तरी गुजरात, मुम्बई और कच्छ में आज अधिक प्रभावी है। कच्छी समुदाय जो आज जैन समाज का सम्पन्नवर्ग है, अंचलगच्छ (अचलगच्छ) का ही अनुयायी है। कच्छी-व्यापारियों के सम्पूर्ण दक्षिणी-पश्चिमी भारत और विदेशों में बस जाने के कारण आज इस गच्छ में साधु-साध्वियों के अपेक्षाकृत अल्पसंख्या में होने पर भी यह अधिक प्रभावी है; क्योंकि जैन समाज का एक समृद्ध एवं सम्पन्न वर्ग उनका अनुयायी है।

अंचलगच्छ (अचलगच्छ) के इतिहास के सम्बन्ध में इस गच्छ की दो पट्टावलियाँ उपलब्ध हैं— १. अंचलगच्छनी मोटी पट्टावली एवं २. विधिपक्षगच्छीय पट्टावली-(संस्कृत)। इनके अतिरिक्त श्रीपार्श्व द्वारा लिखित **अंचलगच्छ दिग्दर्शन** (गुजराती) और **अंचलगच्छप्रतिष्ठालेखसंग्रह** तथा **आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ** भी इस गच्छ के इतिहास के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हैं। किन्तु ये सभी ग्रन्थ मुख्यत: गुजराती भाषा एवं लिपि में प्रकाशित हैं। हिन्दी भाषा में अभी तक कोई ऐसी कृति नहीं थी, जो इस गच्छ का प्रामाणिक इतिहास प्रस्तुत करती हो। डॉ० शिवप्रसाद ने अपनी शोधोपाधि (पी-एच्०डी०) को प्राप्त करने के पश्चात् जैनधर्म के इतिहास से सम्बन्धित किसी विधा पर शोधकार्य करने की भावना व्यक्त की। एतदर्थ पार्श्वनाथ विद्यापीठ की ओर से मैंने उन्हें श्वेताम्बर गच्छों के इतिहास पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जैन इतिहास के वरिष्ठतम विद्वान् प्रो० एम०ए० ढ़ांकी एवं मुझसे मार्गदर्शन लेते हुए यह कार्य प्रारम्भ किया था। प्रस्तुत कृति उसी बृहद्काय योजना का एक अंश है। प्रस्तुत कृति का वैशिष्ट्य यह है कि इसमें परम्परागत श्रद्धाजनित अहोभाव से बचते हुए विशुद्ध रूप से अभिलेखों एवं ग्रन्थ प्रशस्तियों के आधार पर इन गच्छों के इतिहास को संकलित किया गया है अत: इसकी ऐतिहासिक प्रामाणिकता निर्विवाद है। इसमें पट्टावलियों का उपयोग मात्र उपलब्ध साक्ष्यों की पुष्टि के निमित्त ही किया गया है। हो सकता है कि भावनाप्रधान श्रद्धालुजनों को इसमें आचार्यों के सम्बन्ध में चाहे विस्तृत विवरण उपलब्ध न हो, किन्तु जो भी सूचनाएं इसमें उपलब्ध हैं, वे ऐतिहासिक दृष्टि से पूर्णत: प्रामाणिक हैं। प्रस्तुत कृति के प्रथम अध्याय में लेखक ने उन ऐतिहासिक स्रोतों की चर्चा की है, जिनके आधार पर प्रस्तुत कृति तैयार की गई है। दूसरे अध्याय में अंचलगच्छ की मुख्य धारा के आचार्यों एवं मुनिजनों के सम्बन्ध में चर्चा की गई है। अग्रिम अध्यायों में अंचलगच्छ की विभिन्न शाखाओं की क्रमश: चर्चा की गई है। प्रस्तुत कृति का अन्तिम अध्याय अंचलगच्छीय मुनिजनों द्वारा रचित कृतियों का निर्देश करता है।

प्रस्तुत कृति में दी गई जानकारियाँ यद्यपि सूत्रशैली में दी गई हैं, फिर भी ये अंचलगच्छ (अचलगच्छ) के इतिहास को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करने में पूर्ण समर्थ हैं। वस्तुत: डॉ० शिवप्रसाद ने गच्छों के इतिहास के मूल स्रोतों के महासागर में से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो नवनीत निकाल कर प्रस्तुत किया है, वह भविष्य में लिखे जाने वाले श्वेताम्बर गच्छों के इतिहास के लिए आधारभूत रहेगा।

प्रस्तुत कृति का वैशिष्ट्य यह है कि यह मुख्यत: सूची प्रधान है और सामान्य लेखन को अपेक्षा सूची बनाकर सामग्री को संक्षेप में प्रस्तुत करना भी एक कला है और डॉ० शिवप्रसाद इस कला के सिद्धहस्त हैं। इतिहासप्रेमी इस कृति का अध्ययन करके उनके श्रम को सार्थक करेंगे, यही शुभ भावना है।

माघ पूर्णिमा
वीरनिर्वाण संवत् २५२७
शाजापुर (म०प्र०)

डॉ० सागरमल जैन
मानद निदेशक
पार्श्वनाथ विद्यापीठ
वाराणसी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयानुक्रमणिका

			पृष्ठसंख्या
प्रकाशकीय	:		*i*
दो शब्द	:		*ii-iv*
प्रस्तावना	:		*v-vi*
भूमिका	:		*viii-xv*
विषयानुक्रमणिका	:		*xvi*
संकेत-सूची	:		*xvii*
प्रथम अध्याय	:	अचलगच्छ के इतिहास के स्रोत	१-५
द्वितीय अध्याय	:	अचलगच्छ का इतिहास	६-१०७
तृतीय अध्याय	:	अचलगच्छ की विभिन्न उपशाखायें और उनका इतिहास	१०८-१५६
चतुर्थ अध्याय	:	अचलगच्छीय मुनिजनों का साहित्यावदान	१५७-१९२
परिशिष्ट	:		१९३-२०४
सहायक ग्रन्थ-सूची	:		२०५-२१२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकेत सूची

जै०ले०सं०	:	**जैनलेखसंग्रह,** भाग १-३, संपा० संग्राहक—श्री पूरनचन्द नाहर, कलकत्ता १९१८, १९२७, १९२९ ई०।
प्रा०ले०सं०	:	**प्राचीनलेखसंग्रह,** सम्पा०— मुनि विद्याविजय जी, भावनगर, १९२९ ई०।
जै०धा०प्र०ले०सं०	:	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १-२; सम्पा०— आचार्य बुद्धिसागरसूरि, श्री अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मण्डल, पादरा १९२४ ई०।
अ०प्र०जै०ले०सं०	:	**अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंग्रह,** (आबू—भाग ५) संपा०— मुनि जयन्त विजय जी, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर, वि०सं० २००५।
बी०जै०ले०सं०	:	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** सम्पा०— अगरचन्द नाहटा, भंवरलाल नाहटा, कलकत्ता १९५५ ई०।
जै०धा०प्र०ले०	:	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** सम्पा०— मुनि कान्तिसागर जी, जिनदत्तसूरि ज्ञान भंडार, सूरत १९५० ई०।
श्री०प्र०ले०सं०	:	**श्रीप्रतिमालेखसंग्रह,** सम्पा०— दौलतसिंह लोढ़ा 'अरविन्द', यतीन्द्र साहित्य सदन, धामणिया १९५५ ई०।
प्र०ले०सं०	:	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** सम्पा०— महोपाध्याय विनयसागर, कोटा १९५३ ई०।
रा०प्र०ले०सं०	:	**राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह,** सम्पा०— मुनि विशाल विजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९६० ई०।
अं०ले०सं०	:	**अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** सम्पा०— श्रीपार्श्व, श्री अखिल भारतीय अचलगच्छ (विधिपक्ष) श्वेताम्बर जैन संघ, झवेरी मेन्शन, पहला माला, ११४, केशव जी नायक रोड, मुम्बई १९७१ ई०।
श०गि०द०	:	**शत्रुंजयगिरिराजदर्शन,** सम्पा०— मुनि कंचनसागर, श्रीआगमोद्धारक ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ५९, कपडवज १९८२ई०।
श०वै०	:	**शत्रुंजयवैभव,** सम्पा०— मुनि कान्तिसागर, जयपुर, १९९० ई०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम अध्याय

अचलगच्छ के इतिहास के स्रोत

किसी भी धर्म अथवा सम्प्रदाय के इतिहास के अध्ययन के स्रोत के रूप में साहित्यिक और पुरातात्विक साक्ष्यों का अध्ययन अपरिहार्य है। प्राक् मध्य युग में निग्रन्थ दर्शन के श्वेताम्बर आम्नाय में समय-समय पर उद्भूत विभिन्न गच्छों और उनसे निःसृत (उत्पन्न) शाखाओं-उपशाखाओं के इतिहास के अध्ययन के सम्बन्ध में भी यही बात कही जा सकती है।

गच्छों के इतिहास से सम्बद्ध साहित्यिक साक्ष्यों को मुख्य रूप से दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, प्रथम ग्रन्थ या पुस्तक प्रशस्तियाँ और द्वितीय विभिन्न गच्छों के मुनिजनों द्वारा रची गयी अपने-अपने गच्छों की पट्टावलियाँ।

प्रशस्तियाँ

पुस्तकों के साथ सम्बन्ध रखने वाली प्रशस्तियाँ दो प्रकार की होती हैं। इनमें से एक तो वे हैं जो ग्रन्थों के अन्त में उनके रचयिताओं द्वारा बनायी गयी होती हैं। इनमें मुख्य रूप से रचनाकार द्वारा गण-गच्छ तथा अपने गुरु-प्रगुरु आदि का उल्लेख होता है। किन्हीं प्रशस्तियों में रचनाकाल और रचनास्थान का भी निर्देश होता है। किसी-किसी प्रशस्ति में तत्कालीन शासक या किसी बड़े राज्याधिकारी का नाम और अन्यान्य ऐतिहासिक सूचनायें भी मिल जाती हैं। कुछ प्रशस्तियाँ छोटी-दो-चार पंक्तियों की और कुछ बड़ी होती हैं। इन प्रशस्तियों द्वारा भिन्न-भिन्न गण-गच्छों के जैनाचार्यों की गुरु-परम्परा, उनका समय, उनका कार्य क्षेत्र और उनके द्वारा की गयी समाजोत्थान एवं साहित्य सेवा का संकलन कर उनकी परम्पराओं का अत्यन्त प्रामाणिक इतिहास तैयार किया जा सकता है।

दूसरे प्रकार की प्रशस्तियाँ वे हैं जो प्रतिलिपि किये गये ग्रन्थों के अन्त में लिखी होती हैं। ये भी दो प्रकार की होती हैं। प्रथम वे जो किन्ही मुनिजनों या श्रावक द्वारा स्वयं के अध्ययनार्थ लिखी गयी प्रतियों में होती हैं और दूसरी वे जो श्रावकों द्वारा स्वयं के अध्ययनार्थ या किन्ही मुनिजनों को भेंट देने हेतु दूसरों से (लेहिया से) द्रव्य देकर लिखवायी जाती हैं।

गच्छों के इतिहास की सामग्री की दृष्टि से ये प्रशस्तियाँ राजाओं के दानपत्रों और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मंदिरों के शिलालेखों के समान ही महत्त्वपूर्ण हैं। तथ्य की दृष्टि से से इनमें कोई अन्तर नहीं होता; अन्तर केवल यही है कि एक पाषाण या ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण होता है तो दूसरा ताड़पत्र या कागजों पर।

गुजरात के पाटण, खंभात, अहमदाबाद, बड़ोदरा, लिम्बडी, राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, कोटा आदि तथा भंडारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टिट्यूट, पुणे के ग्रन्थ भंडारों में जैन ग्रन्थों का विशाल संगह विद्यमान है। पीटर्सन, मुनिपुण्यविजय जी, मुनि जिनविजय जी, श्री चिमनलाल डाह्याभाई दलाल, पं० लालचन्द भगवानदास गांधी, प्रो० हीरालाल रसिकलाल कापड़िया, पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, श्रीमती विधात्री वोरा, श्री जौहरीमल पारेख आदि के सद्प्रयत्नों से उक्त ग्रन्थ भण्डारों के विस्तृत सूचीपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इनका विवरण इस प्रकार है—

1. P. Peterson, *Operation in Search of Sanskrit Mss in the Bombay Circle,* Vol. I-VI, Bombay 1882-1898 A.D.
2. C.D. Dalal, *A Descriptivie Catalogue of Manuscripts in the Jain Bhandaras at Pattan,* Vol. I, G.O.S. No. LXXVI, Baroda, 1937.
3. H.R.Kapadia, *Descriptive Catalogue of the Government Collections of Manuscripts deposited at the Bhandarkar Oriental Research Institute,* Vol. XVII-XIX, Poona 1935-1977 A.D..
4. Muni PunyaVijaya, *Catalogue of Palm Leaf Mss. in the Shanti Natha Jain Bhandar, Cambay,* Vol. I, II, G.O.S., No. 139, 149, Baroda 1961-1966 A.D.
5. A.P. Shah, *Catalogue of Sankrit & Prakrit Mss. Muni Shree Punya VijayaJis Collection,* Vol. I, II, III, L.D. Series No. 2, 6, 15, Ahmedabad, 1962, 1965, 1968 A.D.
6. A.P. Shah, *Catalogue of Sanskirt & Prakirt Mss.* Ac. Vijayadevasuris and Ac. Ksantisuris Collection, Part IV., L.D. Series, No. 20, Ahmedabad, 1968 A.D.
7. Muni PunyaVijaya, *New Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Jesalmer Collection,* L.D. Series No. 36, Ahmedabad, 1972 A.D.
8. Vidhatri Vora, *Catalogue of Gujarati Mss in the Muniraj Shree PunyaVijayaJis Collection,* L.D. Series No. 71, Ahmedabad, 1978 A.D.
९. अमृतलाल मगनलाल शाह, सम्पा०— **श्रीप्रशस्तिसंग्रह,** श्री जैन साहित्य प्रदर्शन, श्रीदेशविरति धर्माराजक समाज, अहमदाबाद वि०सं० १९९३.
१०. मुनि जिनविजय, सम्पा०— **जैनपुस्तकप्रशस्तिसंग्रह,** सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक १८, भारतीय विद्याभवन, मुम्बई १९४३ ई०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पट्टावलियाँ

इतिहास लेखन में अन्यान्य साधनों की भांति पट्टावलियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। श्वेताम्बर जैन मुनिजनों ने इनके माध्यम से इतिहास की महत्त्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की है। शिलालेख, प्रतिमालेख और प्रशस्तियों से केवल हम इतना ही ज्ञात कर पाते हैं कि किस काल में किस मुनि ने क्या कार्य किया। अधिक से अधिक उस समय के शासक एवं मुनि के गुरु-परम्परा का भी परिचय मिल जाता है किन्तु पट्टावली में अपनी परम्परा से सम्बन्धित पट्ट परम्परा का पूर्ण परिचय होता है। इनमें किसी घटना विशेष के सम्बन्ध में अथवा किसी आचार्य विशेष के सम्बन्ध में प्राय: अतिशयोक्तिपूर्ण विवरण भी मिलते हैं अत: ऐतिहासिक महत्त्व की दृष्टि से इनकी उपयोगिता पर पूर्णरूपेण विश्वास नहीं किया जा सकता। चूंकि इनके संकलन या रचना में किम्बदन्तियों एवं अनुश्रुतियों के साथ-साथ कदाचित् तत्कालीन रास-गीत-सज्झाय आदि का भी उपयोग किया जाता है इसीलिये इनके विवरणों पर पूर्णत: अविश्वास भी नहीं किया जा सकता है और इनके उपयोग में अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है।

पट्टावलियाँ मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं। प्रथम शास्त्रीय पट्टावली और दूसरी विशिष्ट पट्टावली। प्रथम प्रकार में सुधर्मा स्वामी से लेकर देवर्धिगणि क्षमाश्रमण तक का विवरण मिलता है। **कल्पसूत्र** और **नन्दीसूत्र** की पट्टावलियाँ इसी कोटि में आती हैं। गच्छभेद के बाद की विविध पट्टावलियाँ विशिष्ट पट्टावली की कोटि में रखी जा सकती हैं। इनकी अपनी-अपनी विशिष्टतायें होती है।

पट्टावलियों द्वारा ही आचार्य परम्परा अथवा गच्छ का क्रमबद्ध पूर्ण विवरण प्राप्त होता है, जो इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। श्वेताम्बर परम्परा में विभिन्न गच्छों की जो पट्ट परम्परा मिलती है, उसका श्रेय पट्टावलियों को ही है।

अन्यान्य गच्छों की भांति अचलगच्छ के इतिहास के अध्ययन हेतु इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों द्वारा समय-समय पर रचित विभिन्न पट्टावलियाँ मिलती हैं। श्री सोमचन्द धारसी, कच्छ-अंजार वालों ने इस गच्छ की कुछ पट्टावलियों को गुजराती भाषा में **अंचलगच्छम्होटी पट्टावली** के नाम से वि०सं० १९८५ में प्रकाशित किया है।

श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई द्वारा लिखित **जैनगूर्जरकविओ** और मुनि जिनविजय द्वारा सम्पादित **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह** तथा मुनि कल्याणविजय द्वारा सम्पादित **पट्टावलीपरागसंग्रह** में इस गच्छ की पट्टावलियाँ दी गयी हैं। इसी प्रकार John Clate ने *Indian Antiquary,* Vol. XXIII, Page 169-183 पर इस गच्छ की एक पट्टावली प्रकाशित की है। प्रस्तुत पुस्तक में इन सभी का यथास्थान उपयोग किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभिलेखीयसाक्ष्य– श्वेताम्बर सम्प्रदाय के विभिन्न गच्छों से सम्बद्ध अभिलेखीय साक्ष्य मुख्य रूप से दो प्रकार के हैं— १. प्रतिमालेख, २. शिलालेख।

धातु या पाषाण की अनेक जिनप्रतिमाओं के पृष्ठ भाग या आसानों पर लेख उत्कीर्ण होते हैं। इसी प्रकार विभिन्न तीर्थस्थलों पर निर्मित जिनालयों से अनेक शिलालेख भी प्राप्त हुए हैं। इन लेखों में प्रतिमा प्रतिष्ठापक या प्रतिमा की प्रतिष्ठा हेतु प्रेरणा देने वाले मुनि का नाम होता है तो किन्हीं-किन्हीं लेखों में उनके पूर्ववर्ती दो-चार मुनिजनों के भी नाम मिल जाते हैं। किन्ही-किन्ही लेखों में तत्कालीन शासक का भी नाम मिल जाता है। इतिहास लेखन में उक्त साक्ष्यों का बड़ा महत्त्व है।

शिलालेखों में सामान्य रूप से जिनालयों के निर्माण, पुनर्निर्माण, जीर्णोद्धार आदि कराने वाले श्रावक का नाम, उसके कुटुम्ब एवं ज्ञाति आदि का परिचय, प्रेरणा देने वाले मुनिराज का नाम, उनके गच्छ का नाम, उनकी गुरु-परम्परा में हुए पूर्ववर्ती दो-चार मुनिजनों का नाम, शासक का नाम, तिथि आदि का सविस्तार परिचय दिया हुआ होता है।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय से सम्बद्ध अभिलेखों लेखों के विभिन्न संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इनका विवरण इस प्रकार है —

जैनलेखसंग्रह, भाग १-३; सम्पा०— पूरनचन्द नाहर, कलकत्ता १९१८, १९२७, १९२९ ई०।

प्राचीनजैनलेखसंग्रह, भाग २; सम्पा०— मुनि जिनविजय, जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर १९२१ ई०।

प्राचीनलेखसंग्रह, संग्रा०— आचार्य विजयधर्मसूरि, सम्पा०— मुनि विद्याविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९२९ ई०।

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग १-२, सम्पा०— आचार्य बुद्धिसागरसूरि, श्री अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मंडल, पादरा १९२४ ई०।

अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह, (आबू-भाग २) सम्पा०— मुनि जयन्तविजय, विजयधर्मसूरि ज्ञान मंदिर, उज्जैन वि०सं० १९९४।

अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह, (आबू-भाग ५), सम्पा०— मुनि जयन्तविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं० २००५।

जैनधातुप्रतिमालेख, सम्पा०— मुनि कान्तिसागर; श्री जिनदत्तसूरि ज्ञानभंडार, सूरत १९५० ई०।

प्रतिष्ठालेखसंग्रह, सम्पा०— महोपाध्याय विनयसागर, सुमति सदन, कोटा १९५३ ई०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीकानेरजैनप्रतिमालेखसंग्रह, सम्पा०— श्री अगरचन्द नाहटा एवं श्री भँवरलाल नाहटा, नाहटा ब्रदर्स, ४ जगमोहन मल्लिक लेन, कलकत्ता १९५५ ई०।

श्रीप्रतिमालेखसंग्रह, सम्पा०— श्री दौलत सिंह लोढा 'अरविन्द', धामणिया, मेवाड़ १९५५ ई०।

राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह, सम्पा०— मुनि विशालविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९६० ई०।

अंचलगच्छीयलेखसंग्रह, सम्पा०— श्रीपार्श्व, श्री अनन्तनाथ जी महाराजनुं जैन देरासर, ३०६, नरसीनाथा स्ट्रीट, मुम्बई १९६४ ई०।

अंचलगच्छीयप्रतिष्ठालेखो, सम्पा०— श्रीपार्श्व, श्री अखिलभारतीय अचलगच्छ (विधि पक्ष) श्वेताम्बर जैन संघ, झवेरी मेन्शन, पहला माला, ११४, केशव जी नायक रोड, मुम्बई १९७१ ई०।

शत्रुंजयगिरिराजदर्शन, सम्पा०— मुनि कंचनसागर, कपडवज १९८३ई०।

शत्रुंजयवैभव, सम्पा०— मुनि कांतिसागर, कुशल संस्थान, पुष्प ४, जयपुर १९९० ई०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय अध्याय
अचलगच्छ का इतिहास

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक गच्छों में अचलगच्छ (पूर्व प्रचलित नाम विधिपक्ष और अंचलगच्छ) का महत्त्वपूर्ण स्थान है। बृहद्गच्छीय आचार्य जयचन्द्रसूरि के शिष्य विजयचन्द्रगणि अपरनाम आर्यरक्षितसूरि द्वारा वि०सं० ११६९/ई०स० १११३ में विधिमार्ग की प्ररूपणा और उसके पालन करने से यह गच्छ अस्तित्त्व में आया। अचलगच्छ नाम पड़ने के सम्बन्ध में प्रचलित कथा के अनुसार गूर्जरेश्वर जयसिंह सिद्धराज ने एक बार पुत्रकामेष्टि यज्ञ प्रारम्भ किया था। वहां सर्पदंश के कारण यज्ञमण्डप में ही गाय की मृत्यु हो गयी। यज्ञ की सफलता के लिये गाय का यज्ञस्थल से जीवित ही बाहर आना अनिवार्य था। इस समस्या के समाधान के लिये राजा ने आर्यरक्षितसूरि से निवेदन किया और आचार्य द्वारा परकायप्रवेशिनीविद्या के प्रयोग से गाय के सजीवन हो कर यज्ञस्थल से बाहर आने पर यज्ञ सफल हो गया। इस प्रकार आचार्य आर्यरक्षितसूरि के स्ववचन पर अचल रहने के कारण सिद्धराज ने उन्हें 'अचल' विरुद प्रदान किया।[१] यह दन्तकथात्मक घटना वि०सं० ११८५-९५ के मध्य घटित हुई बतलायी जाती है। इस प्रकार विधिपक्ष का एक नाम **अचलगच्छ** प्रचलित हो गया।

इनमें से अधिकांश संभवनाथ जिनालय, गोपीपुरा-सूरत में रखी जिनप्रतिमाओं पर उत्कीर्ण हैं। विस्तार के लिये द्रष्टव्य— **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ३२०-२१, ८०३-२९।

उदयसागरसूरि द्वारा रचित कृतितों में **वीरजिनस्तवन, भावप्रकाश** अपरनाम **भावसज्झाय, गुणवर्मरास, कल्याणसागरसूरिरास, स्नात्रपंचाशिका** आदि प्रमुख हैं।[९७] वि०सं० १८२६ में सूरत में ही इनका निधन हुआ। यदि श्रीपार्श्व की विक्रम सम्वत् १८२७ माघ वदि २ शुक्रवार वाले लेख की वाचना को सही मानें तो पट्टावलियों से प्राप्त इनके निधन की तिथि अप्रमाणिक सिद्ध हो जाती है। इनके पट्टधर **कीर्तिसागरसूरि** हुए। वि०सं० १८३१ से १८४३ के मध्य प्रतिष्ठापित अंचलगच्छ से सम्बद्ध प्रतिमालेखों में प्रतिमाप्रतिष्ठा हेतु प्रेरक के रूप में इनका नाम मिलता हैं। इनका विवरण इस प्रकार है—

कीर्तिसागर सूरि की प्रेरणा से प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमाओं की तालिका

क्रमांक	वि०सं०	माह-तिथि-वार	संदर्भ ग्रन्थ
१.	१८३१	माघ वदि ५ सोमवार	अं०ले०सं०, लेखांक ८३३.

(संभवनाथ जिनालय, गोपीपुरा-सूरत में इसी तिथि की प्रतिष्ठापित १० अन्य जिनप्रतिमायें भी हैं। यद्यपि इनमें कीर्तिसागरसूरि का नाम नहीं मिलता फिर भी इनके निर्माण-प्रतिष्ठापना की प्रेरणा उक्त आचार्य से ही प्राप्त हुई होगी ऐसा निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है।[९८]

२.	१८४३	वैशाखसुदि ६ सोमवार	अं०ले०सं०, लेखांक ८४५
३.	१८४३	वैशाखसुदि ६ सोमवार	वही, लेखांक ८४६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४.	१८४३	वैशाखसुदि ६ सोमवार	वही, लेखांक ८४७
५.	१८४३	श्रावण वदि १२	वही, लेखांक ८४८.

इनके समय में शेखनो पाडो, अहमदाबाद में पार्श्वनाथ का एक जिनालय बनवाया गया।[९९] इस जिनालय में १८वीं शताब्दी में निर्मित श्याम पाषाण की एक चौबीसी प्रतिमा है। वि०सं० १८४२ में मांडल में इनके समय में एक उपाश्रय का भी निर्माण कराया गया।[१००]

कीर्तिसागरसूरि के पट्टधर पुण्यसागरसूरि हुए। वि०सं० १८४३ में इन्होंने गच्छभार संभाला। इनके द्वारा रचित **शंखेश्वरपार्श्वनाथस्तवन** नामक एक कृति प्राप्त होती है।[१०१] सम्भवनाथ जिनालय, सूरत में इनके समय के दो लेख मिलते हैं जो वि०सं० १८४४ वैशाख सुदि १३ और वि०सं० १८४६.....वदि ४ शुक्रवार के हैं।[१०२] इनके उपदेश से वि०सं० १८६० में शत्रुंजय के ऊपर पंचपाण्डवमंदिर के पीछे सहस्त्रकूट का निर्माण कराया गया। वि०सं० १८६१ में इन्हीं के उपदेश से शत्रुंजय पर इच्छाकुण्ड का निर्माण हुआ। यह बात वहाँ एक शिला पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होती है। इस लेख की रचना इनके शिष्य धनसागरगणि ने की थी। यह बात उक्त लेख से स्पष्ट है।[१०३] श्रीपार्श्व ने लेख का मूल पाठ दिया जो इस प्रकार है—

।।ॐ।। श्री गणेशाय नमः स्वस्तिश्री रिद्धि वृद्धि विर्योभ्युदयश्रिमद्विम कांति महिमंडल नृप विक्रमार्क समयात् संवत् १८६१ वर्षे श्रीमत् शालिवाहन नृप शतः शाके १७२६ प्रवर्त्तमाने धातानाम्नि संवत्सरे याभ्यां यनाश्रिते श्री सूर्ये हेमंत त्रै महामांगल्य अदमासोत्तम पुण्यपवित्र श्री मार्गशीर्ष मासे शुक्लपक्षेः त्रुतिया (तृतीया) तिथौ श्री बुधवासरे पूर्वाषाढ नक्षत्रे वृद्धि नाम्नि योगे गिरकरणेवं पंचाग्नपवित्र दिवसे। श्री अंचलगच्छे पूज्य भट्टारक श्री १०८ श्री उदयसागरसूरीश्वरजी तत्पट्टे पूज्य पुरंदर श्री कीर्तिसागरसूरीश्वरजी तत्पट्टे पूज्य भट्टारक श्री पुण्यसागरसूरीश्वरजी विजयराज्ये श्री सूरति बिंदिर वास्तव्य श्रीमाली ज्ञातीय साहा सिंधा तत् पुत्र साहा कपुरचंदभाई तत्पुत्र भाई साहजी तत्पुत्र साह निहालचंदभाई तत्पुत्र ईच्छाभाईकेन नाम्नि कुंड कारापितं।। श्री पालिताणा नगरे गोहिल श्री उन्नडजी विजय राज्ये।। श्री सिद्धाचल उपरे तीर्थयात्रार्थे आगतानां लोकानां सुखार्थे जिनशासन उद्योतनार्थे धर्मार्थि इच्छाभीधानं जलकुंड कारापितं।। शेठ श्री ५ निहालचंदेन आज्ञायां साह भाईचंद तथा शाह रत्नचंदे कार्यकृतं।।रस्तु।। लिखितं मुनि धनसागर गणीनां।।

पुण्यसागरसूरि के एक शिष्य मोतीसागर हुए जिनके द्वारा रचित **शंखेश्वरपार्श्वनाथजिनस्तवन** नामक कृति प्राप्त होती है।[१०४] मोतीसागर ने वि०सं० १८७४ में पाटण के फोफलियावाडो में **विक्रमचौपाई** की प्रतिलिपि की।[१०५] वि०सं० १८७० में पुण्यसागरसूरि का पाटण में देहान्त हुआ, तत्पश्चात् राजेन्द्रसागरसूरि ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंचलगच्छ का नायकत्व ग्रहण किया। वि०सं० १८८१ में इनके उपदेश से संभवनाथ जिनालय, सूरत में अजितनाथ की धातुप्रतिमा की प्रतिष्ठा की गयी जो आज भी वहाँ विद्यमान है।[१०६] वि०सं० १८८६ में शत्रुंजयगिरि पर इनके उपदेश से एक जिनप्रासाद का निर्माण हुआ।[१०७] मुम्बई का प्रसिद्ध अनन्तनाथजिनालय वि०सं० १८८९ में निर्मित हुआ। यहाँ प्रतिष्ठा के समय राजेन्द्रसागरसूरि जी विद्यमान थे।[१०८]

इनके समय में अंचलगच्छीय मुनिजनों में श्रमणाचार लुप्तप्राय हो गया था और यति-गोरजी (गुरुजी) लोग अपने-अपने स्थानों पर पोषाल बनवाकर स्थायी रूप से रहने लगे और ज्योतिष, वैद्यक, भूस्तर, गणित, व्याकरण आदि विषयों में निपुण होकर समाज से स्थायी रूप से जुड़ गये।[१०९]

राजेन्द्रसागरसूरि के निधन के पश्चात् वि०सं० १८९२ में मुक्तिसागरसूरि अंचलगच्छ के २५वें पट्टधर बने। इनके उपदेश से वि०सं० १८९३ में श्रेष्ठी खीमचन्द्र मोतीचन्द्र ने शत्रुंजयतीर्थ पर टूंक का निर्माण कराया। इस अवसर पर ७०० जिन प्रतिमाओं की अंजनशलाका सम्पन्न हुई।[११०] कच्छ प्रान्त के नलीया नामक स्थान पर श्रेष्ठी नरसीनाथा ने चन्द्रप्रभ जिनालय का निर्माण कराया और वि०सं० १८९७ में मुक्तिसागरसूरि की निश्रा में उसमें प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गयी।[१११] मुम्बई स्थित अजितनाथ जिनालय के निर्माण और विकास में उक्त श्रेष्ठी का विशिष्ट योगदान रहा। पट्टावलियों के अनुसार ५७ वर्ष की आयु में वि०सं० १९१४ में मुक्तिसागरसूरि का देहान्त हुआ तत्पश्चात् रत्नसागरसूरि अंचलगच्छ के नायक बने।

रत्नसागरसूरि

इनका जन्म वि०सं० १८९२ में कच्छ के भोथारा ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम शाह लाडण और माता का झूमाबाई था। वि०सं० १९०५ में इन्होंने यति दीक्षा ली और वि०सं० १९१४ में मुक्तिसागरसूरि के निधनोपरान्त आचार्य और गच्छनायक बने। इनकी प्रेरणा से कच्छी ओसवाल जाति के श्रेष्ठी केशव जी नायक ने अनेक धार्मिक कृत्यों का आयोजन किया। वि०सं० १९१४ में उक्त श्रेष्ठ ने कच्छ प्रान्त के कोठारा नामक स्थान पर वेलजी मालू और शिवजी नेणसी के साथ मिलकर एक उत्तुंग जिनालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया और निर्माण कार्य पूर्ण होने पर शांतिनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठापित करायी। इस प्रतिष्ठा के अवसर पर उक्त तीनों श्रेष्ठियों ने मुम्बई से शत्रुञ्जय का संघ निकाला और वहाँ गिरिराज पर दो टूंक और ग्राम में कोट के बाहर धर्मशाला बनवाने के लिये भूमि क्रय कर वहाँ शिलान्यास/मुहुर्त सम्पन्न कराया। इस अवसर पर रत्नसागरसूरि ने नवनिर्मित ७ हजार जिनबिम्बों की अंजनशलाका सं० १९३१ माघ सुदि ७ गुरुवार को सम्पन्न की। यद्यपि सात हजार जिनप्रतिमाओं की अंजनशलाका एक साथ होने की बात आश्चर्यजनक लगती है, पर ऐसा होना असम्भव

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

प्रतीत नहीं होता।

श्रेष्ठी केशव जी नायक ने गिरनार और सम्मेतशिखर पर भी जिनालयों का जीर्णोद्धार कराया। इसी समय अंचलगच्छ के ही एक अन्य श्रेष्ठी भीमशी माणेक ने जैन साहित्य के प्रकाशन/मुद्रण में सराहनीय योगदान दिया। उनके इस कार्य में केशवजी नायक ने भी खूब सहायता दी। केशवजी की धर्मपत्नी और पुत्र ने भी धार्मिक कार्यों में विपुलद्रव्य व्यय किया। वि०सं० १९२८ में आचार्य रत्नसागर जी का निधन हुआ।[११२]

वि०सं० १९१५ से १५२७ तक के विभिन्न अभिलेखों में रत्नसागरसूरि का नाम मिलता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है—

क्र०	वि० सं० माह-तिथि-वार	प्राप्तिस्थल	संदर्भ ग्रन्थ
१.	१९१५ माघ सुदि ५ सोमवार	जीरावलापार्श्वनाथ जिनालय, तेरा-कच्छ	अं०ले०सं०, लेखांक ८८३
२.	१९१५ माघ सुदि ५ सोमवार	वही	वही, लेखांक ८८४
३.	१९१६ ज्येष्ठ सुदि १३ शुक्रवार	सुपार्श्वनाथ जिनालय अंजार, कच्छ	वही, लेखांक ८८५
४.	१९१८ माघ सुदि ५ सोमवार	अष्टापद जिनालय, नालिया, कच्छ	वही, लेखांक ८८६
५.	१९१८ माघ सुदि ५ सोमवार	जैनमन्दिर, वडसर, कच्छ	वही, लेखांक ८८७
६.	१९१८ माघ सुदि १३ बुधवार	शांतिनाथ जिनालय, कोठार, कच्छ	वही, लेखांक ८८८
७.	१९१८ माघ सुदि १३ बुधवार	आदिनाथ जिनालय, वारापधर, कच्छ	वही, लेखांक ८८९
८.	१९२१ माघ सुदि ७ गुरुवार	नरशी केशव जी टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखाक ८९१
९.	१९२१ माघ सुदि ७ गुरुवार	नरशी केशव जी टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ८९२
१०.	१९२१ माघ सुदि ७ गुरुवार	नेमिनाथ जिनालय, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ८९३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११.१९२१ माघ सुदि ७ गुरुवार	नेमिनाथ जिनालय, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ८९४
१२.१९२१ माघ सुदि ७ गुरुवार	नेमिनाथ जिनालय, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ८९५
१३.१९२१ माघ सुदि ७ गुरुवार	केशव जी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ८९६

वि०सं० १९२१ के उक्त सभी लेखों में प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में रत्नसागरसूरि का नाम मिलता है जब कि उक्त तिथि के अन्य लेखों में इस गच्छ की परम्परानुसार रत्नसागरसूरि का केवल उपदेशक के रूप में ही नाम मिलता है द्रष्टव्य— **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ८९७-९३२.

१४.१९२२ मार्गशीर्ष सुदि १३ गुरुवार	जैनमन्दिर, कोडाय, कच्छ	वही, लेखांक ९३३
१५.१९२६ चैत्र सुदि १५	चिन्तामणि पार्श्वनाथ, जिनालय, भुज-कच्छ	वही, लेखांक ९३४
१६.१९२६ ज्येष्ठ सुदि ४ रविवार	चन्द्रप्रभ जिनालय, उदयपुर, राजस्थान	वही, लेखांक ९३५
१७.१९२७ माघ सुदि १३ शुक्रवार	सुविधिनाथ जिनालय, जखौ, कच्छ	वही, लेखांक ९३६
१८.१९२७ माघ सुदि १३ शुक्रवार	सुविधिनाथ जिनालय, जखौ, कच्छ	वही, लेखांक ९३७
१९.१९२७ माघ सुदि १३ शुक्रवार	सुविधिनाथ जिनालय, जखौ, कच्छ	वही, लेखांक ९३८
२०.१९२७ माघ सुदि १३ शुक्रवार	सुविधिनाथ जिनालय, जखौ, कच्छ	वही, लेखांक ९३९
२१.१९२७ माघ सुदि १३ शुक्रवार	सुविधिनाथ जिनालय, जखौ, कच्छ	वही, लेखांक ९४०

विवेकसागरसूरि

वि०सं० १९११ में कच्छ प्रान्त के छोटा आसंबिया नामक स्थान पर इनका जन्म हुआ। इनके पिता का नाम शाह टोकरशी और माता का नाम कुंताबाई था। इनका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बचपन का नाम बेलजी भाई था। बचपन से ही ये रत्नसागरसूरि के साथ-साथ रहे और वि०सं० १९२८ में उनके निधनोपरान्त यति दीक्षा ली और मांडवी में आचार्य एवं गच्छनायक पद प्राप्त किया। इन्होंने यति समुदाय के साथ पावागढ़ तथा अन्य तीर्थों की यात्रा की तत्पश्चात् मुम्बई आये और वहाँ चातुर्मास किया। वि०सं० १९३२ में केशरिया जी तीर्थ की संघ के साथ यात्रा की। विवेकसागरसूरि और इनके आज्ञानुवर्ती यतिजन यात्रा में वाहन का उपयोग करने लगे थे।

अंचलगच्छीय प्रमुख श्रेष्ठियों ने इनके उपदेश से ग्रन्थ भण्डारों की स्थापना की, जिनमें अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का संग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त इसी समय अनेक ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ भी करवायी गयीं।

इस समय के प्रमुख श्रेष्ठियों में वसन जी त्रिकम जी, खेतसी धुल्ला, खेबंशीशाह, हीरजीशाह आदि का नाम उल्लेखनीय है। इन्होंने विभिन्न स्थानों पर नूतन जिनालयों का निर्माण कराया तथा प्राचीन जिनालयों का जीर्णोद्धार कराया। जैन धर्म विद्या प्रसारक वर्ग द्वारा इस गच्छ का साहित्य बड़े पैमाने पर प्रकाशित कराया गया। वि०सं० १९४८ में इनका मुम्बई में निधन हुआ।[११३]

वि०सं० १९२८ से १९४८ तक के कुछ अभिलेखीय साक्ष्यों में इनका नाम मिलता है। इनका विवरण निम्नानुसार है।

१.	१९२८ माघ सुदि १३ गुरुवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	अं०ले०सं०, लेखांक ९४१
२.	१९२८ माघ सुदि १३ गुरुवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९४२
३.	१९२८ माघ सुदि १३ गुरुवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९४३
४.	१९२८ माघ सुदि १३ गुरुवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९४४
५.	१९२९ वैशाख सुदि १४ शनिवार	महाजन बाड़ी, सुथरी-कच्छ	वही, लेखांक ९४५
६.	१९३४ फाल्गुन सुदि २ गुरुवार	जीरावला पार्श्वनाथ जिनालय, तेरा, कच्छ	वही, लेखांक ९४९
७.	१९३४ फाल्गुन सुदि २ गुरुवार	जीरावाला पार्श्वनाथ जिनालय, तेरा, कच्छ	वही, लेखांक ९५०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८.	१९३७ माघ सुदि ५ गुरुवार	अजितनाथ जिनालय, मांडवी, कच्छ	वही, लेखांक ९५१
९.	१९३९	मुख्य जिनालय, भद्रेश्वर, कच्छ	वही, लेखांक ९५२
१०.	१९३९ माघ सुदि १० शुक्रवार	मुख्य जिनालय, भद्रेश्वर, कच्छ	वही, लेखांक ९५३
११.	१९४७ वैशाख सुदि ६ गुरुवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९५५
१२.	१९४८ मार्गशीर्ष सुदि ११शुक्रवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९५६
१३.	१९४८ मार्गशीर्ष सुदि ११शुक्रवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९५७

श्रीपूज्य जिनेन्द्रसागरसूरि

श्रीपूज्य विवेकसागरसूरि के निधन के पश्चात् श्रीपूज्य जिनेन्द्रसागरसूरि अंचलगच्छ के नायक बने। वि०सं० १९५१ में ये कच्छ पधारे और वहाँ विभिन्न स्थानों पर चातुर्मास किया। वि०सं० २००४ में संक्षिप्त बीमारी के कारण इनका देहान्त हो गया और इन्हीं के साथ अंचलगच्छ में शिथिलाचार के रूप में व्याप्त श्रीपूज्य और गोरजी की परम्परा भी सदैव के लिये समाप्त हो गयी।[११४]

वि०सं० १९४९ से १९९० तक के कुछ लेखों में श्रीपूज्य जिनेन्द्रसागरसूरि का नाम मिलता है। इनका विवरण इस प्रकार है —

१.	१९४९ माघ सुदि ५ सोमवार	केशवजी नायक टूंक, शत्रुञ्जय	अं०ले०सं०, लेखांक ९६०.
२.	१९४९ माघ सुदि १० शुक्रवार	पार्श्वनाथ जिनालय, भूलेश्वर, मुम्बई	वही, लेखांक ९६१
३.	१९४९ श्रावण सुदि ७ बुधवार	पार्श्वनाथ जिनालय, जखौ, कच्छ	वही, लेखांक ९६३
४.	१९४९ आश्विन पूर्णिमा	घृतकल्लोल पार्श्वनाथ जिनालय, सुथरी, कच्छ	वही, लेखांक ९६४
५.	१९५० पौष वदि ५ भृगुवार (शुक्रवार)	पार्श्वनाथ जिनालय, राधर, गढवारी-कच्छ	वही, लेखांक ९६६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६.	१९५० पौष वदि ५ भृगुवार (शुक्रवार)	पार्श्वनाथ जिनालय, रापर, गढवारी-कच्छ	वही, लेखांक ९६७
७.	१९५० फाल्गुन सुदि २ गुरुवार	अजितनाथ जिनालय, वांकू, कच्छ	वही, लेखांक ९६८
८.	१९६० श्रावण सुदि ५ गुरुवार	केशवजी टूंक, शत्रुञ्जय	वही, लेखांक ९९९
९.	१९८८ वैशाख वदि ७ गुरुवार	आदिनाथ जिनालय, वारापधर, कच्छ	वही, लेखांक १०३८
१०.	१९९० द्वितीय वैशाख वदि ५ शनिवार	जैन मन्दिर, सुजापुर, कच्छ	वही, लेखांक १०४०

आचार्य गौतमसागरसूरीश्वर जी महाराज

कच्छ-हालार देशोद्धारक, महान् क्रियोद्धारक सुविहित शिरोमणि के रूप में विख्यात् आचार्य गौतमसागर जी का जन्म वि०सं० १९२० में मारवाड़ के पाली नगर में हुआ था। ये जाति से ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम धीरजमल और माता का नाम खेमलदे था। बचपन का इनका नाम गुलाबमल था। वि०सं० १९२५ में मारवाड़ में जब अकाल पड़ा तो उस समय अंचलगच्छीय ४ यति— देवसागरजी, अभयचन्दजी, वीरचन्दजी और नानचन्दजी पाली आये। यहाँ उन्हें कुल ८ शिष्यों की प्राप्ति हुई। यति देवसागर जी ने धीरजमल जी से मित्रता कर ली और उनके यहाँ आने-जाने लगे। बालक गुलाबमल के शरीर से शुभ लक्षणों को देखकर यति जी ने धीरजमल जी से उनके पुत्र की मांग की जिस पर उन्होंने अपनी पत्नी से विचार-विमर्श करके गुलाबमल को सहर्ष उन्हें सौंप दिया। इस प्रकार उक्त चारों यतियों के पास कुल ९ शिष्य हो गये जिन्हें लेकर वे कच्छ लौट गये। यति देवसागर जी ने गुलाबमल और कल्याणमल ये दो बालक अपने पास रखे और उन्हें लेकर छोटा आसंबिया आये जहाँ अपने शिष्य स्वरूपसागर को उक्त दोनों बालक सौंपकर उनका गृहस्थ शिष्य बनाया। गुलाबमल का नाम ज्ञानचन्द रखा गया, यही आगे चलकर गौतमसागर जी के नाम से विख्यात हुए। वि०सं० १९२८ तक स्वरूपसागर जी भुज और छोटी आसंबीया में रहे। वि०सं० १९२८ श्रावण सुदि ३ को सुथरी में अंचलगच्छनायक श्रीपूज्य रत्नसागर जी का निधन हो गया तत्पश्चात् उनके शिष्य विवेकसागर ने गच्छनायक का पद संभाला। श्रीपूज्य विवेकसागरसूरि के पाटमहोत्सव पर स्वरूपसागरजी अपने शिष्यों के साथ मांडवी आये और वहाँ से अन्य यतियों के आग्रह से श्रीपूज्य विवेकसागर जी के साथ शत्रुञ्जय की यात्रा पर गये। वहाँ से सभी पावागढ़ और अन्त में मुम्बई गये। मुम्बई में विवेकसागर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जी का चातुर्मास होना निश्चित हुआ तथा अन्य सभी यतिजन जलयान द्वारा वि०सं० १९२९ के वैशाख माह में कच्छ पहुँचे। स्वरूपसागर जी अपने शिष्यों के साथ वि०सं० १९४० में पुनः मुम्बई गये जहाँ श्रीपूज्य विवेकसागरसूरि ने ज्ञानचन्द जी यति दीक्षा दी। यति दीक्षा लेने के पश्चात् उन्होंने रात्रिभोजन और कन्दमूल का त्याग कर दिया और धर्मप्रचार में लग गये। इनके ओजस्वी विचारों एवं स्पष्ट वक्तव्यों से यतिसमाज में खलबली मच गयी। वि०सं० १९४६ में अपने जन्मभूमि पाली में इन्होंने संवेगीमुनि की दीक्षा ली और मुनि गौतमसागर नाम प्राप्त किया। वि०सं० १९४९ में इनकी बड़ी दीक्षा सम्पन्न हुई, तब से लेकर वि०सं० २००९ में अपने मृत्युपर्यन्त इन्होंने ८० बालिकाओं एवं महिलाओं को जैन साध्वी तथा १४ पुरुषों एवं बालकों को जैनमुनि के रूप में दीक्षित किया।

महान् तेजस्वी, गुणों की खान, ज्ञान के धनी और संगठन शक्ति के प्रणेता के रूप में दूर-दूर तक इनकी ख्याति फैल गयी। समय-समय पर अंधविश्वासी एवं विलासी धर्मप्रचारकों ने आपके संगठन को तोड़ने का प्रबल प्रयास किया किन्तु वे अपने उद्देश्यों में असफल रहे।

अंचलगच्छ में जहाँ पहले साधु-साध्वियों की संख्या नगण्य थी, वहाँ आपने अनेक लोगों को दीक्षित कर इस क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया और अंचलगच्छ को नया जीवन प्रदान किया। आपके द्वारा दीक्षित शिष्यों ने अनेक लोगों को आपकी मौजूदगी में दीक्षित किया। आपके चातुर्मासों की सूची निम्नानुसार है— जामनगर-१७; भुज ७; गोधरा ६; पालीताणा ४; नालिया ४; मुम्बई ३; मोटी खावडी ३; मांडल २; देवपुर १; सांयरा १; वराडीया १; आसंबीया १; मुंदरा १— कुल ६२।

जैसा कि आगे हम देखेंगे अंचलगच्छ के ६४वें पट्टधर आचार्य कल्याणसागरसूरि के एक शिष्य महोपाध्याय रत्नसागर से अंचलगच्छ की सागरशाखा अस्तित्त्व में आयी। रत्नसागर के पश्चात् क्रमशः मेघसागर—वृद्धिसागर—हीरसागर—सहजसागर—गणि मानसागर—गणि रंगसागर—गणि फतेहसागर—देवसागर—स्वरूपसागर हुए। जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं महान् क्रियोद्धारक आचार्य गौतमसागरसूरि उक्त स्वरूपसागर के शिष्य थे।

गौतमसागर जी की निश्रा में अनेक धार्मिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों का नवनिर्माण, जीर्णोद्धार, प्रतिष्ठा आदि कार्य सम्पन्न हुए। आपने वि०सं० १९५२ में नारायणपुर, वि०सं० १९५८ में नवागाम, वि०सं० १९६२ में बंढी, १९७८ में देवपुर, १९८४ में पडाणा, १९९२ में मोडपुर, १९९७ में नालीया, १९९८ में लायजा, २००७ में रायण एवं २००८ में गोधरा में मन्दिरों का निर्माण, प्रतिष्ठा, स्वर्णमहोत्सव, जीर्णोद्धार आदि सम्पन्न कराया। आपके उपदेश से अनेक स्थानों पर निर्मित देरासरों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में दादा कल्याणसागरसूरि की प्रतिमायें प्रतिष्ठापित की गयीं।

वि०सं० २००४ में श्रीपूज्य जिनेन्द्रसागरसूरि के निधनोपरान्त यति-गोरजी की परम्परा समाप्त हो गयी और वि०सं० २००८ माघ सुदि १३ को रामाणीया में संघ के अत्यधिक आग्रह से आपने आचार्य और गच्छनायक पद स्वीकार किया।

आपकी प्रेरणा से भुज, मांडवी, जामनगर आदि स्थानों पर बड़े ज्ञान भण्डारों की स्थापना हुई और पंचप्रतिक्रमणसूत्र, अणगारप्रतिक्रमणसूत्र, उपदेशचिन्तामणिसटीक, प्रबोधचिन्तामणि, कल्याणसागरसूरिरास, वर्धमानपद्मसिंहश्रेष्ठिचरित्र, कल्याणसागरसूरि पूजादिसंग्रह, बड़ीपट्टावली भाषांतर, श्रीपालरास आदि गच्छोपयोगी ग्रन्थ प्रकाशित हुए। वि०सं० २००९ वैशाख सुदि १३ को भुज में आपका स्वर्गवास हुआ[११५] तत्पश्चात् गुणसागर जी आपके पट्टधर बने।

आचार्य गुणसागरसूरीश्वर जी म०सा०

आपका जन्म वि०सं० १९६९ माघ सुदि २ शुक्रवार को देढ़ीआ-कच्छ प्रान्त में हुआ। आपके पिता का नाम श्री लालजी और माता का नाम धनबाई था। बचपन का इनका नाम गांगजी भाई था। माता की प्रेरणा और पूज्य सन्तों के संसर्ग एवं जैन ग्रन्थों के अध्ययन से इनकी वैराग्यभावना प्रबल हुई और वि०सं० १९९३ चैत्रवदि ९ को देढ़ीया में दीक्षा ग्रहण कर ली और अचलगच्छाधिपति गौतमसागरसूरि के शिष्य नीतिसागर जी महाराज के शिष्य बन कर मुनि गुणसागर नाम प्राप्त किया। दीक्षोपरान्त इन्होंने व्याकरण, छंद, अलंकार, न्याय, ज्योतिष आदि शास्त्रों तथा जैन आगमों का अल्प समय में खूब अभ्यास कर डाला और दादा गुरुदेव के कृपापात्र बने। इनके ज्ञान-चारित्रादि से प्रभावित होकर दादा गुरुदेव ने वि०सं० १९९८ में इन्हें मेराउ (कच्छ) में उपाध्याय पद प्रदान किया और वि०सं० २००३ में अपने आज्ञावर्ती साधु-साध्वियों को इनकी निश्रा में सौंप दिया। सं० २००९ में दादागुरुदेव का निधन हो गया और आपके गुरु नीतिसागर जी वि०सं० १९९९ में ही कालधर्म को प्राप्त हो गये थे अतः सम्पूर्ण संघ की जिम्मेदारी आप पर आ गयी। वि०सं० २०११ में आप मुम्बई पधारे जहाँ संघ ने सूरिपद से आपको अलंकृत किया।

वि०सं० २०१७ में आपश्री के अथक प्रयास से मेराउ (कच्छ) में **श्री आर्यरक्षित जैन तत्त्वज्ञान विद्यापीठ** की स्थापना हुई। वि०सं० २०२४ में आपकी प्रेरणा से भद्रेश्वरतीर्थ-कच्छ में **अखिलभारतीय अगचलगच्छ चतुर्विध जैनसंघ** का प्रथम अधिवेशन हुआ जिसकी आपने ही अध्यक्षता की। वि०सं० २०३० में आपकी प्रेरणा से **कल्याण-गौतम-नीति जैन तत्त्वज्ञान श्राविका विद्यापीठ** की मेराउ (कच्छ) में स्थापना हुई। आपकी निश्रा में देढ़ीया से भद्रेश्वरतीर्थ के लिये छःरी पालक संघ निकाला गया। भद्रेश्वर तीर्थ में ही उक्त अवसर पर समस्त उपस्थित संघों द्वारा आपको गच्छाधिपति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पद प्रदान किया गया। वि०सं० २०३२-३३ में अचलगच्छाधिराज श्रीकल्याणसागरसूरि के चतुर्थ जन्मशताब्दी के अवसर पर आपने बाड़मेर (राजस्थान) में ऐतिहासिक चातुर्मास किया और उस समय वहाँ पार्श्वनाथ जिनालय में भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बहुत बड़ी संख्या में आस-पास के लोगों के अलावा अन्य प्रान्तों से आये श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। वि०सं० २०३३ में आपकी प्रेरणा से आपकी ही निश्रा में कच्छ से शत्रुंजय तक का एक हजार यात्रियों का छःरीपालता संघ निकाला गया। वि०सं० २०३६ में इनकी प्रेरणा से मुम्बई में अखिल भारतीय अचलगच्छ जैन संघ का द्वितीय अधिवेशन हुआ। आपकी प्रेरणा से अनेक जिनालयों एवं उपाश्रयों का जीर्णोद्धार, निर्माण, प्रतिष्ठा, अंजनशलाकामहोत्सव आदि सम्पन्न हुआ। आपने स्वयं अपने हाथों तथा अपनी निश्रा में अनेक प्रतिष्ठायें, अंजनशलाकायें सम्पन्न करायी। आपकी निश्रा में ही मुम्बई से शिखर जी तथा शिखर जी से शत्रुञ्जय तीर्थ का छःरीपालक संघ निकला। शिखरजी में कच्छी अचलगच्छ भवन एवं बीस जिनालय का निर्माण हुआ। दंताणी तीर्थ का जीर्णोद्धार और प्रतिष्ठा आपने ही सम्पन्न कराया।[११६] वि०सं० २०४४ भाद्रपद वदि ३ सोमवार को मध्यरात्रि में मुम्बई में नवकारमन्त्र की आराधना करते हुए आप स्वर्गवासी हुए। आपने वि०सं० १९९५ से २०४४ तक लगभग १५० मुमुक्षु पुरुषों-बालकों, महिलाओं और बालिकाओं को साधु-साध्वी के रूप में दीक्षित किया। आप द्वारा रचित बड़ी संख्या में विभिन्न कृतियाँ प्राप्त होती है जिनकी सूची परिशिष्ट-१ में दी गई है।

आचार्य गुणोदयसागरसूरि

आपका जन्म वि०सं० १९८८ भाद्रपद सुदि १५ को कोटडा नामक स्थान पर हुआ। आपके पिता का नाम गणशी भाई और माता का नाम सुन्दर बाई था। बचपन का इनका नाम गोविन्दभाई था। वि०सं० २०१४ माघ सुदि १० को लालबाड़ी, मुम्बई में आपने २१ वर्ष की आयु में गुणसागरसूरि से दीक्षा ग्रहण की और वि०सं० २०३३ वैशाख सुदि ३ को मुम्बई के मकड़ा नामक स्थान पर आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किये गये। वि०सं० २०४४ में आचार्य गुणसागरसूरि के निधन के उपरान्त आप सफलतापूर्वक सम्पूर्ण संघ की जिम्मेदारी वहन कर रहे हैं। आपने अपने हाथों १०० मुमुक्षुओं को दीक्षा प्रदान की। आपकी निश्रा में कई छरी पालित संघ निकल चुके हैं। विभिन्न स्थानों पर आपकी प्रेरणा से प्राचीन जिनालयों का जीर्णोद्धार व नूतन जिनालयों का निर्माण, अंजनशलाका प्रतिष्ठा आदि सम्पन्न हुए हैं। आपने स्वयं भी अपने वरद्हस्त से कई स्थानों पर प्रतिष्ठा, अंजनशलाका आदि धार्मिक कृत्यों को सम्पन्न कराया है। आपके कुशल नायकत्व में अंचलगच्छ का चतुर्दिक विकास हो रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य कलाप्रभसागर

वर्तमान समय में सम्पूर्ण श्वेताम्बर श्रमण संघ के शीर्षस्थ विद्वानों एवं प्रभावक आचार्यों में आचार्य कलाप्रभसागर जी का नाम अत्यन्त आदर के साथ लिया जाता है। आपका जन्म वि०सं० २००९ में नवावास नामक स्थान में हुआ। आपके पिता का नाम श्री रतनजी टोकरजी सावला और आपके बचपन का नाम किशोर कुमार था। वि०सं० २०२६ कार्तिक वदि १३ को भुजपुर में आचार्य गुणसागरसूरि से दीक्षा ग्रहण की और कलाप्रभसागर नाम प्राप्त किया। बचपन से ही ये अध्ययनशील प्रवृत्ति के थे। दीक्षा प्राप्त करने के पश्चात् आपने व्याकरण, छंद, अलंकार, न्याय आदि के साथ-साथ जैन आगमों का विशद् अध्ययन किया। आप संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, गुजराती, अपभ्रंश आदि भाषाओं में निष्णात हैं। वि०सं० २०३९ में श्री आर्य जयकल्याण केन्द्र मुम्बई द्वारा प्रकाशित **श्री आर्य कल्याण गौतमस्मृतिग्रन्थ** आपकी गम्भीर विद्वत्ता का सहज ही परिचय देता है। सम्पूर्ण महाग्रन्थ का अकेले आपने सम्पादन किया है। अपने दीक्षा गुरु गुणसागरसूरि की भाँति आपने भी साहित्य सर्जन में विशेष रुचि लेते हुए अनेक नूतन ग्रन्थों का प्रणयन किया है। अब तक आपकी निश्रा एवं मार्गदर्शन में आर्य जयकल्याण ट्रस्ट द्वारा १०७ से अधिक ग्रन्थों का प्रकाशन हो चुका है और कई ग्रन्थ अभी यंत्रस्थ हैं। इनमें से अनेक ग्रन्थों की रचना और सम्पादन आपने स्वयं किया है। अंचलगच्छ से ही सम्बद्ध अन्य प्रकाशन संस्थाओं से भी आप द्वारा प्रणीत एवं सम्पादित ५० से अधिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। इन सभी की तालिका परिशिष्ट-२ में दी जा रही है। अपने वि०सं० २०४५ से वि०सं० २०५४ के मध्य लगभग १०-११ मुमुक्षुओं को भागवती दीक्षा प्रदान की है। वर्तमान में इस गच्छ में कुल ३० मुनि और २१७ साध्वियाँ हैं जो कच्छ एवं मुम्बई के अलावा गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र व आन्ध्रप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विचरण कर रहे हैं।[११७]

सन्दर्भ-सूची

१-२. सोमचन्द्र धारसी, सम्पा०— **अंचलगच्छम्होटीपट्टावली,** जामनगर वि०सं० १९८५, पृ० १४०-१४४.

२अ. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** मुम्बई १९६८ई०स०, पृ० ४९.

३. मुनि जिनविजय, सम्पा०— **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह,** सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ५३, मुम्बई १९६१ई०स०, पृ० १०५-१२०.

३अ. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग २, मुम्बई, १९३१ ई०स०, पृ० ७६५-७७९.

३ब. Johannes Klatt, "The Samachari-Satakam of Samaya Sundara and Pattavalis of the Anchala-Gachchha and other gachchhas".

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The Indian Antiquary, Vol. XXIII, July 1894 A.D., pp. 169-183.

४. H.D. Velankar, *Jinaratnakosha*, Government Oriental Series, Class C, No. 4, Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona 1944 A.D., p. 59.

५. P. Peterson, Ed. *A Fifth Report on Operation in the Search of Sanskrit Mss. in the Bombay circle*, April 1892-March 1895, Bombay 1896 A.D. No. 44, pp. 65-66.

६-७. रूपेन्द्रकुमार पगारिया, "शतपदीप्रश्नोत्तरपद्धति में प्रतिपादित जैनाचार", **जैन विद्या के आयाम,** भाग ४, सम्पा०— प्रो० सागरमल जैन, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी, १९९४ ई०स०, पृ० ३१-४२.

८. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** मुम्बई, १९६८ई०स०, पृ० ११९-२१.

९. वही, पृ० ११२-१४.

१०. वही, पृ० ११६, एवं

मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग १, द्वितीय संशोधित संस्करण, सम्पा० डॉ० जयन्त कोठारी, मुम्बई, १९८६ई०स०, पृ० ७.

११. C.D. Dalal, Ed. *Catalogue of Manuscripts in the Jaina Grantha Bhandars at Pattan*, G.O.S. No. LXXVI, Baroda, 1937. A.D. Introduction, p. 56. -- *Jinaratnakosha*, p. 368-69.

१२. पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, सम्पा०— **कालकाचार्यकथासंग्रह,** श्री जैन कला साहित्य संशोधक कार्यालय सिरीज नं० ३, अहमदाबाद, १९४९ ई०, पृ० १२-१३.

१३. P. Peterson, Ibid, Vol. V, p. 127. C.D. Dalal, Ibid, p. 402. --*Jinaratnakosha*, p. 11.

१४. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० १९५.

१५. मुनि चतुरविजय जी, सम्पा०- **लींबडी जैन ज्ञानभण्डारनी हस्तलिखित प्रतिओनुं सूचीपत्र,** श्रीआगमोदय समिति ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ५८, मुम्बई १९२८ई०स०, क्रमांक ९८३, पृ० ५९.

१६-१७. मुनिश्री कलाप्रभसागर, सम्पा०-**श्रीआर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ,** मुम्बई वि०सं० २०३९, भाग १, विभाग २, पृ० ७९.

१८. श्रीपार्श्व, सम्पा०, **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** मुम्बई १९६४ई०स०, लेखांक ४६३.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१९. *Jinaratnakosha*, p. 94.

२०. Ibid, p. 162.

२१. Ibid, p. 94.

२२. मुनि कलाप्रभसागर, सम्पा०- **आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ,** भाग १, विभाग २, पृ० ६९-७५.

२३. वही, पृ० ७०-७२.

२४-२५. महोपाध्याय विनयसागर, "विराटनगर का एक अज्ञात टीकाकार- वाडव" **आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ,** भाग ३, हिन्दी विभाग, पृ० ७५-७८.
एवं वही, भाग १, विभाग २, पृ० ७९.

२६. आचार्य कलाप्रभसागर जी, **श्री अचलगच्छ के आचार्यों की जीवन ज्योति अपरनाम लघुपट्टावली,** बाडमेर, वि०सं० २०३५, पृ० ९८.
यह लेख कहां से प्राप्त हुआ है इस सम्बन्ध में आचार्य कलाप्रभसागर जी ने कुछ नहीं बतलाया है।

२७. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २२०-२२३.

२८. वही, पृ० २३१-२३२.

२९. वही, पृ० २६३.

३०. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २४०.

३१. वही, पृ० २४० एवं अम्बालाल प्रेचमन्द शाह, **कालकाचार्यकथासंग्रह,** पृ० ६६.

३२. अंचलगच्छ की अन्य शाखाओं की तरह इस शाखा का भी स्वतन्त्र रूप से इतिहास लिखा गया है जो अद्यावधि अप्रकाशित है।

३३. **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ५४६.

३४. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २४४.

३५-३६. वही, पृ० २४४.

३७. गच्छाधिपश्रीजयकीर्तिसूरिशिष्यो महीमेरुरहं स्तवं ते।
कृत्वा क्रियागुप्तकवित्वमित्थं त्वामेव दध्यां हृदये जिनेन्द्र।। ५३ ।।
'जिनस्तुतिपंचाशिका' मुनिश्री चतुरविजय, सम्पा० **जैनस्तोत्रसन्दोह,** भाग १, प्राचीन जैन साहित्योद्धार ग्रन्थावली, पुष्प १, अहमदाबाद, १९३२ई०स०, पृ० ३६-४२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३८. *Jinaratnakosha*, p. 78.

३८अ. Ibid, p. 314.

३९. **आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ,** भाग १, विभाग २, पृ० ९१.

४०. वही, भाग १, विभाग २, पृ० ९३ एवं आचार्य कलाप्रभसागर, **लघुपट्टावली,** पृ० ११८.

४१. *Jinaratnakosha*, p. 44.

४२. Ibid, p. 402.

श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २७८.

मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग १, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ३६६.

४३. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० २७९.

४४. *Jinaratnakosha*, p. 44.

४५. Ibid, p. 380.

४६. Ibid, p. 78.

४७. **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ४१७.

४८. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २७९.

४९. द्रष्टव्य, इसी आलेख के प्रारम्भिक पृष्ठों में दी गयी अंचलगच्छीयपट्टधर आचार्यों की तालिका.

५०. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २७९.

५१. **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक १००.

५२. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० २७९.

५३. वही, पृ० ३०२.

५४. द्रष्टव्य, **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ६६८-७०१.

५५. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३१३.

५६. द्रष्टव्य, सन्दर्भ क्रमांक ३.

५६अ. *Jinaratnakosha, p. 328.*

५७-५८. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३८५-८६.

५९. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ३, द्वितीय संशोधित संस्करण, मुम्बई १९८७ई०स०, पृ० १६६-६७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सहजरत्न द्वारा रचित **बीसविहरमानजिनस्तवन** (रचनाकाल वि०सं० १६१४/ई०स० १५५८) और **चौदहगुणस्थानकगर्भितवीरस्तवक** नामक कृतियां भी प्राप्त होती हैं।

६०. Vidhatri Vora, Ed. *Catalogue of Gujarati Manuscripts Muniraja Shree PunyavijayaJis Collection, L.D. Series, No-71, Ahmedabad 1978 A.D. P. 239.*

जैनगूर्जरकविओ, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ३६२-६३.

अंचलगच्छदिग्दर्शन, पृ० ३६३.

६१. **जैनगूर्जरकविओ,** भाग २, पृ० १८९-९०.

६२-६३. वही

६४. अगरचन्द भँवरलाल नाहटा, "जसकीर्तिकृत सम्मेतशिखरास का सार" **जैनसत्यप्रकाश,** वर्ष ७, अंक १०-११, पृष्ठ ५१७, ५४८.

आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ, भाग ३, हिन्दी विभाग, पृ० ५७-६५.

६५. **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ३, नवीन संस्करण, पृ० ३०१-३०६.

ज्ञानमूर्ति द्वारा रचित **बाइसपरीषहचौपाई, संग्रहणीबालावबोध, प्रियंकरचौपाई** आदि कृतियां भी मिलती हैं।

६६. अंचलगच्छे दिन दिन दीपे, श्रीधर्ममूरति सूरिराया।

तास तणे पखे महीयल विचरें, भानुलब्धि उवझाया रे।

ताससीस मेघराज पयपे चिरनंदो जा चंदा रे।

अे पूजा जे भणसे बाणसे, तस घर होइ अणंदा रे।

जैनगूर्जरकविओ, भाग ३, द्वितीय संशोधित संस्करण, संपा० डॉ० जयन्त कोठारी, मुम्बई १९८७ ई०, पृ० १६४-६५.

हिन्दीजैनसाहित्यकाइतिहास (मरु-गूर्जर), भाग २, पृ० ३६५-६६.

६७. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३९१.

६८-६९-७०. भंवरलाल नाहटा, "राजसीरास का सार", **आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ,** भाग ३, हिन्दी विभाग, पृ० ४-१०.

७१. **लघुपट्टावली,** पृ० १२६.

७२. वही, पृ० १३९.

७३. **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक २८७-३०८; ७६६-७७८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७४. **लघुपट्टावली,** पृ० १४३.

७५-७६. वि०सं० १६७६ का वर्धमान शाह का लेख **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ३१०.

७७. **लघुपट्टावली,** पृ० १४३ और आगे

७८. मुनि महोदयसागर, **कल्याणसागरसूरि का जीवनचरित,** पृ० १७०-७३.

७९. संवत् सोल पंच्योतरे रे, कारतिक मास मझारि रे,
सुद तेरस अति उजली रे, सोम सुतन भलोवार रे।
विधिपक्ष गछ गुरु राजीओ रे, सोहे निर्मल नाण रे,
दिन दिन महिमा दीपतो रे, जिम उदयाचले भांण रे।

— — —

तास पक्ष पंडितबरु रे, पुण्यमंदिर मुनिराय रे,
विनइ तेहना वीनवे रे, उदयमंदिर धरी साय रे।
रास रच्यो खंते करीरे, सेरवाटपुर मांहि रे,
नरनारी जे सांभले रे, तस होई अधिक उछाहि रे।

शीतिकण्ठ मिश्र, पूर्वोक्त, भाग २, पृ० ४८.

८०. संवत सोल पंचाणुआ वरसि, आषाढ़ सुदि हरसि जी,
श्री अंचलगछि विराजि, श्रीकल्याणसागर सूरिराजिजी।
.....
.....
वाचकवंस विभूषण वारु श्री देवसागर भवतारु जी
तास सीस मनि भावि उत्तमचंद गुण गावि जी।

शीतिकण्ठ मिश्र, पूर्वोक्त, भाग २, पृ० ४७.

८१. संवत सोल संताणुइ पोस पुनिय दिनसार रे,
चरित्र अेह रचिउ मनरंगे रायधनपुर मझारि रे।
.....
पण्डित गुणचंद्र वंदता पामीजे उछाह रे,
सुगुरु अेह तणे सुपसाये, भाख्यो जे अधिकार रे।
विवेकचंद्र कहे भावे सुणता लहइ लाभ अपार रे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुणी चरित्र दीजे दान जे कीजे अतिथिसंविभाग रे।

शीतिकण्ठ मिश्र, वही, भाग २, पृ० ४८७.

८२. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ४०८.

८३. अंचलगच्छि श्रीधर्म्ममूर्तिसूरि सूरिसिरोमणि दीपइ,

तस पाटि श्रीकल्याणसागर सूरि मयण महाभद्र जीपइ रे।

संवत षट रस वाण (काय) निशाकर, कातिक वदि सोमवारि,

पांचमि जोडि करी अे रूडी, श्री भुज नगर मझारि रे।

वाचक वंश सुहाकर मुणिवर, श्री विजयशील मुणिंद,

तास सीस दयाशील पयंपइ वंदु इला मुनि चंद रे।

इलाची मुनि ना गुण गांता, पातिक दूरि पलाइ,

श्री चिंतामणि पास प्रसादिइं ऋद्धि वृद्धि थिर थाइ रे।

इलाचीकेवलीरास की प्रशस्ति, शीतिकण्ठ मिश्र, वही, भाग २, पृ० २१६-१७.

मुनि दयाशील द्वारा रची गयी **शीलबत्तीसी** (रचनाकाल वि०सं० १६६४/ई०स० १६०८), **चन्द्रसेन-प्रद्योत नाटकीयप्रबन्ध** (रचनाकाल वि०सं० १६६७/ई०स० १६११) आदि कृतियां भी मिलती हैं।

८४. सोलह सय उगणोत्तरइ पुर जालोर मझारि,

आसु सुदि दशमइं कियउ, कथाबंध गुरुवारि।

.....

श्री अंचलगच्छ उदधि समान, संघरयण केरउ अहिठाण।

उदयउतास श्रीगुरु कल्याणसागर सम गुणनांण,

तासपक्षि महिमाभंडार, पंडित भीमरतन अणगार।

तास विनेय विनयगुणगेह, उदयसमुद्र सुगुरु ससनेह,

तासशीस आणंदिइ घणइं, दयासागर वाचक.... इम भणइ।

मदनराजर्षिरास की प्रशस्ति, शीतिकण्ठ मिश्र, पूर्वोक्त, भाग २, पृ०२१७-१९.

मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** द्वितीय परिवर्धित संस्करण, सम्पा०— डॉ० जयन्तकोठारी, भाग ३, पृ० ९७-९९.

वाचक दयासागरगणि ने **मदनराजर्षिचरित** की रचना अपने गुरुभाई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवविधान के आग्रह पर की थी। **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ४०९-१०

८५. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ४०८, ४१०.

शीतिकण्ठ मिश्र, पूर्वोक्त, भाग २, पृ० २३६-३७.

८६. मुनिपुण्यविजय, "एक ग्रन्थनी प्रशस्ति"

जैनसत्यप्रकाश, वर्ष १२, अंक २, टाइटिल पृ० २.

८७. द्रष्टव्य, इसी निबन्ध के प्रारम्भ में दी गयी अंचलगच्छीय आचार्यों की पट्टपरम्परा

८८-८९. **लघुपट्टावली,** पृ० १५६-५७.

९०. वही, पृ० १५८-५९.

९१. द्रष्टव्य, कल्याणसागरसूरि के शिष्य-प्रशिष्यों की तालिका के अन्तर्गत

९२-९४. **लघुपट्टावली,** पृ० १६१-६२.

९५-९६. वही, पृ० १६५-६६.

९७. वही, पृ० १७०.

९८. संभवनाथ जिनालय, गोपीपुरा-सूरत् में इसी तिथि की प्रतिष्ठापित १० अन्य जिनप्रतिमायें भी है। यद्यपि इनमें कीर्तिसागरसूरि का नाम नहीं मिलता फिर भी ऐसा निश्चयपूर्वक कहा जा सकता उक्त जिन प्रतिमाओं के निर्माण की प्रेरणा भी उक्त आचार्य से ही प्राप्त हुई होगी।

— द्रष्टव्य **अंचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ८३३-८४८.

९९-१००. **लघुपट्टावली,** पृ० १७१.

१०१-१०२. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ५१६-१७.

१०३. **अचलगच्छीयलेखसंग्रह,** लेखांक ३२६.

१०४-१०५. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ५१५-१६.

१०६. वही, पृ० ५१८-१९; **अंचलगच्छीय लेखसंग्रह,** लेखांक ८५३.

१०७. वही, पृ० ५१९; **अंचलगच्छीय लेखसंग्रह,** लेखांक ३२८.

१०८. वही, पृ० ५२०.

१०९. वही, पृ० ५२१.

११०. **लघुपट्टावली,** पृ० १७३; **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृष्ठ ५३८.

१११. **अचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ५३० और आगे; **अंचलगच्छीय लेखसंग्रह,** लेखांक ८७०, ८७२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११२. **लघुपट्टावली,** पृ० १७७-१८०.

११३. वही, पृ० १८१ और आगे.

११४. वही, पृ० १८३-१८४.

११५-११६. विस्तार के लिए द्रष्टव्य— **लघु पट्टावली,** पृ० १८४ और आगे **आर्यकल्याणगौतमस्मृतिग्रन्थ,** भाग १, विभाग ४, पृष्ठ १४२-१६१. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ५९४-९९.

११७. बाबूलाल जैन 'उज्जवल', **समग्र जैन चातुर्मास सूची,** २००० ई०; पृष्ठ २८७-२९७.

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय अध्याय

अचलगच्छ की विभिन्न उपशाखायें और उनका इतिहास

अचलगच्छ-कीर्ति शाखा

अचलगच्छ की विभिन्न उपशाखाओं में कीर्ति शाखा भी एक है। प्राप्त विवरणानुसार जयकीर्तिसूरि के शिष्य लावण्यकीर्ति से यह शाखा अस्तित्त्व में आयी।[१] यह बात धर्ममूर्तिसूरिकृत **पट्टावली** (रचनाकाल वि०सं० १६१७) से ज्ञात होती है। जयकीर्तिसूरि अंचलगच्छ के १२वें पट्टधर थे और उनका समय विक्रम संवत् की १५वीं शती का उत्तरार्ध सुनिश्चित है, ऐसी स्थिति में यह कहा जा सकता है कि १५वीं शती के अन्तिम चरण या १६वीं शती के प्रथम चरण में अंचलगच्छ की यह शाखा अस्तित्त्व में आयी। इस शाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये इससे सम्बद्ध न तो कोई पट्टावली मिलती है और न ही कोई प्रतिमालेखादि ही। इसी प्रकार इस शाखा से सम्बद्ध मुनिजनों द्वारा रचित कोई कृति भी नहीं मिली है, तथापि उनके द्वारा प्रतिलिपि की गयी कृतियों की प्रशस्तियां मिली हैं, जिनसे इस शाखा के कुछ मुनिजनों के नाम और उनके पूर्वापर सम्बन्ध भी निर्धारित हो जाते हैं। इन्हीं सीमित साक्ष्यों के आधार पर अंचलगच्छ की इस शाखा के इतिहास की एक झलक प्रस्तुत है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, आचार्य जयकीर्तिसूरि के शिष्य लावण्यकीर्ति से यह शाखा अस्तित्त्व में आयी। ऐसा प्रतीत होता है कि लावण्यकीर्ति के कीर्ति नामान्त होने से उनकी शिष्य-सन्तति कीर्तिशाखा के नाम से प्रसिद्ध हुई होगी। लावण्यकीर्ति द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही उनके द्वारा प्रतिष्ठापित कोई जिन प्रतिमा ही प्राप्त हुई है। इसी प्रकार इनके पट्टधर कौन थे; इस बारे में भी कोई सूचना प्राप्त नहीं होती।

वि०सं० १६२५ में लिखी गयी **कल्पसूत्रवृत्ति** की पुष्पिका से ज्ञात होता है कि उक्त ग्रन्थ पं० क्षेमकीर्तिगणि को एक श्रावक परिवार द्वारा प्रदान की गयी।[२] उक्त पुष्पिका में क्षेमकीर्तिगणि के गुरु पं० भावकीर्तिगणि और प्रगुरु हर्षवर्धनगणि का भी नाम मिलता है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पं० हर्षवर्धनगणि
|
पं० भावकीर्तिगणि
|
पं० क्षेमकीर्तिगणि (वि.सं.१६२५ में लिखी गयी **कल्प-सूत्रवृत्ति** की दाता प्रशस्ति में उल्लिखित)

चूंकि अचलगच्छ की विभिन्न शाखाओं का नामकरण शाखा प्रवर्तक मुनिजनों के नामान्त पद (नन्दि) पर ही हुआ है, अत: उक्त प्रशस्ति में उल्लिखित क्षेमकीर्तिगणि को अचलगच्छ की कीर्तिशाखा से सम्बद्ध मानने में कोई बाधा दिखाई नहीं देती। इस आधार पर उक्त प्रशस्ति को कीर्तिशाखा का प्रथम साक्ष्य माना जा सकता है। शाखाप्रवर्तक लावण्यकीर्ति और पं० क्षेमकीर्ति की गुरु-परम्परा के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था, यह ज्ञात नहीं होता है।

जयकीर्तिसूरि (अचलगच्छ के १२वें पट्टधर) जन्म वि.सं.१४३३; दीक्षा वि.सं. १४४४; आचार्यपद वि०सं० १४६७; मृत्यु वि०सं० १५००)
|
लावण्यकीर्ति (अचलगच्छ कीर्तिशाखा के आदिपुरुष); वि०सं० की १५वीं शती के अन्त या १६वीं शती के प्रथम चरण के आस-पास कीर्तिशाखा के प्रवर्तक)
:
हर्षवर्धनगणि
|
पं० भावकीर्ति
|
पं० क्षेमकीर्ति (वि०सं० १६२५ में इन्हें **कल्पसूत्रवृत्ति** की प्रति भेंट में दी गयी)

वि०सं० १६६७ में अपने प्रशिष्य विजयकीर्ति के पठनार्थ **कल्याणमन्दिरस्तव** के प्रतिलिपिकार राजकीर्तिगणि भी कीर्तिशाखा से सम्बद्ध माने जा सकते हैं। उक्त ग्रन्थ की प्रशस्ति[३] में प्रतिलिपिकार ने अपने गुरु, शिष्य, प्रशिष्य आदि का उल्लेख किया है जिससे ज्ञात होता है कि उनके गुरु का नाम क्षमाकीर्ति, शिष्य का नाम श्रुतकीर्ति और प्रशिष्य का नाम विजयकीर्ति था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

?
|
क्षमाकीर्ति
|
राजकीर्तिगणि (वि०सं० १६६७ में **कल्याणमन्दिरस्तव** के प्रतिलिपिकार)
|
श्रुतकीर्ति
|
विजयकीर्ति (इनके पठनार्थ वि०सं० १६६७ में उक्त कृति की प्रतिलिपि की गयी)

वि०सं० १६२५ में लिखी गयी **कल्पसूत्रवृत्ति** की प्रशस्ति में उल्लिखित क्षेमकीर्ति, जिनका ऊपर उल्लेख आ चुका है, और उक्त **कल्याणमन्दिरस्तव** की वि०सं० १६६७ की प्रशस्ति में उल्लिखित राजकीर्तिगणि एवं उनके गुरु क्षमाकीर्ति के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था, यह पता नहीं चल पाता है।

जयकीर्तिसूरि
|
लावण्यकीर्ति (अंचलगच्छ-कीर्तिशाखा के आदिपुरुष)
|
हर्षवर्धनगणि
:
:
पं० भावकीर्ति
|
पं० क्षेमकीर्ति (वि०सं०१६२५ में लिखित **कल्पसूत्रवृत्ति** की प्रशस्ति में उल्लिखित)
:
:
पं० क्षमाकीर्ति
|
राजकीर्तिगणि (वि०सं० १६६७ में **कल्याणमन्दिरस्तव** के प्रतिलिपिकार)
|
श्रुतकीर्ति
|
विजयकीर्ति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १६६९ में लिखी गयी **रत्नसंचयप्रकरण** की प्रतिलेखन प्रशस्ति[४] में प्रतिलिपिकार श्रुतकीर्ति ने अपने प्रगुरु, गुरु और दो अन्य मुनिजनों का नामोल्लेख किया है, जो निम्नानुसार है :



ऊपर हम देख चुके है कि वि०सं० १६६७ में लिखी गयी **कल्याणमन्दिरस्तव** की प्रतिलेखन प्रशस्ति में पं० क्षमाकीर्तिगणि, वाचक राजकीर्तिगणि और श्रुतकीर्तिगणि का नाम आ चुका है। वि०सं० १६६९ में लिखित **रत्नसंचयप्रकरण** की उक्त प्रशस्ति में श्रुतकीर्ति को लेखन कार्य में सहायता करने वाले दयाकीर्ति और हर्षकीर्ति के साथ उनका क्या सम्बन्ध था, यह ज्ञात नहीं होता।

वि०सं० १६७६ चैत्र वदि १२ को पालिग्राम में लिखी गयी **सिंहासनबत्तीसी** की एक प्रति मिलती है। इस ग्रन्थ की प्रशस्ति[५] में वाचक राजकीर्तिगणि, उनके गुरुभ्राता गुणवर्धनगणि तथा उनके शिष्यों - श्रुतसागरगणि, दयाकीर्तिगणि और विजयकीर्ति का प्रतिलिपिकार के रूप में नाम मिलता है :



उक्त तीनों तालिकाओं के परस्पर समायोजन से एक विस्तृत तालिका संगठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-कीर्तिशाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका

(आर्यरक्षितसूरि)
|
(जयसिंहसूरि)
|
(धर्मघोषसूरि)
|
(महेन्द्रसिंहसूरि)
|
(सिंहप्रभसूरि)
|
(अजितसिंहसूरि)
|
(देवेन्द्रसिंहसूरि)
|
(धर्मप्रभसूरि)
|
(सिंहतिलकसूरि)
|
(महेन्द्रप्रभसूरि)
|
(मेरुतुंगसूरि)
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १६९२ में लिखी गयी **दण्डकस्तवन**[६] के प्रतिलिपिकार चन्द्रकीर्तिगणि भी कीर्तिशाखा से ही सम्बद्ध मालूम होते हैं। इनके गुरु कौन थे? इस बारे में उक्त प्रशस्ति से कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती।

?
⋮
चन्द्रकीर्तिगणि

(वि०सं० १६९२ में **दण्डकस्तव** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १७२९ में लिखी गयी **गोराबादलकथा** अपरनाम **पद्मिनीचौपाई**[७] के प्रतिलिपिकार विमलकीर्ति, ललितकीर्ति और जयकीर्ति भी इसी शाखा से सम्बद्ध जान पड़ते हैं। उक्त कृति की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि प्रतिलिपिकार के गुरु का नाम पं० मतिकीर्ति था। इन सबका पूर्व प्रदर्शित तालिका के मुनिजनों से किस प्रकार का सम्बन्ध था, ज्ञात नहीं होता।

?
⋮
पं० मतिकीर्ति

विमलकीर्ति ललितकीर्ति जयकीर्ति

(वि०सं० १७२९ श्रावण वदि २ बुधवार को **गोराबादलकथा** के प्रतिलिपिकार)

अचलगच्छ की कीर्तिशाखा का उद्भव कब, कहां और किस कारण हुआ। साक्ष्यों के अभाव में ये सभी प्रश्न प्राय: अनुत्तरित ही रह जाते है।

सन्दर्भ

१. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, मुम्बई, १९६८ई०स०, पृ० २४५.

२. वही, पृ० ३७१.

३. A.P. Shah, Ed. *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Muniraj Shree PunyavijayaJis Collection,* L.D. Series, No.2. Ahmedabad, 1963 A.D. No. 168, p. 98-99.

४. संवत् १६६९ वर्षे श्रीअंचलगच्छे पं० श्री क्षि (क्ष)माकीर्तिगणि-शिष्य वा० श्रीराजकीर्तिगणि- पं० श्रीगुणवर्धनगणि- शिष्य श्रुतकीर्तिलिखितं श्रीपारकरनगरमध्ये ऋषिदयाकीर्ति- ऋषिहर्षकीर्तिसहितै:। — Ibid, No. 2812, Page 141.

५. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, सम्पा०- जयन्त कोठारी, पृ० ४१. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ४०१.

६. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ४००. ७. वही, पृ० ४६७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-गोरक्षशाखा

अचलगच्छ की विभिन्न शाखाओं में गोरक्षशाखा भी एक है। अचलगच्छ के १५वें पट्टधर आचार्य भावसागरसूरि (वि०सं० १५६७-१५८३) के शिष्य सुमतिसागर इस शाखा के प्रवर्तक माने जाते हैं। इस गच्छ में हेमकान्ति, गुणसागर, पुण्यरत्न, गुणरत्न, क्षमारत्न, ज्ञानसागर, मतिसागर, जयसागर आदि कई विद्वान् मुनिजन हो चुके हैं। जैसा कि इस शाखा के नाम से प्रतीत होता है शाखा के आदिपुरुष सुमतिसागर द्वारा किसी गाय की रक्षा करने के कारण उनका शिष्य समुदाय गोरक्षशाखा के नाम से जाना गया होगा। यह शाखा कब और कहां अस्तित्त्व में आयी, इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं मिलती।

इस शाखा के आदिपुरुष सुमतिसागर द्वारा रचित न तो कृति ही मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है। ठीक यही बात इनके शिष्य गजसागर (वि०सं० १६०३-१६५९) के बारे में भी कही जा सकती है तथापि इनकी परम्परा में हुए विभिन्न रचनाकारों ने इनका सादर उल्लेख किया है। गजसागर के शिष्य गुणसागर हुए जिन्होंने अपने गुरु की स्मृति में **गजसागरसूरिनिर्वाणरास**[१] (रचनाकाल-वि०सं० १७वीं शती का अंतिम चरण) की रचना की। गुणसागर द्वारा लिखित **हंसाउलीरास** की भी एक प्रति प्राप्त हुई है।[२]

गजसार के दूसरे शिष्य पुण्यरत्न हुए। इनके द्वारा रचित **सनत्कुमाररास** और **सुधर्मास्वामीरास** नामक कृतियां प्राप्त होती हैं। **सनत्कुमाररास** की प्रशस्ति[३] में रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा, रचनाकाल आदि का स्पष्ट उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

विधिपक्ष गच्छनउ राजा, श्री आर्यरक्षत सूरिंद रे,
गुण अराणि तपगुणतिलउ सोल कला जस्यो वद रे।
तस पाटिं जयसिंहसूरि धर्मघोषसूरि तास,
महिंदसींह वली गुणभर्यउ, जेणइ जनना पहउचाडा आस।
तिणइ अनुक्रमिं अवतर्या श्री सुमतिसागरसूरि सार रे,
श्रीगजसागरसूरि तस तणइ, पाटिं जाणउ उदार रे।
तास सीस अे जाणज्यो, पुण्यरत्नसूरि कहि रास रे,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भणइ गणइ जे स भलई, तेहनी पुहतुवई आस रे।

संवत सोल ते जाणज्यो साडत्रीसउ ते सार रे,

वैशाख वदि भला पंचमी, रास रच्चउ रविवार रे।

सुधर्मास्वामीरास की प्रशस्ति[४] से ज्ञात होता है कि यह कृति वि०सं० १६४०/ई०सन् १५८४ में रची गयी थी।

पुण्यरत्न के शिष्य मुनि गुणरत्न हुए। यद्यपि इनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती है तथापि मुनि कान्तिसागर ने इनके द्वारा रचित **तीर्थङ्करोना दोहा** नामक कृति का उल्लेख किया है।[५] गुणरत्न के किसी शिष्य ने **गुणरत्नसूरिसवैया** नामक कृति की रचना की है।[६] इस कृति से इनके बारे में संक्षिप्त जानकारी प्राप्त हो जाती है। इससे ज्ञात होता है कि इनके पिता का नाम शिवा शाह और माता का नाम कुंवरी था।

गुणरत्नसूरि के शिष्य क्षमारत्न हुए, जिन्होंने वि०सं० १७२१/ई०सन् १६६५ में **चित्रभूतसंभूतचौपाई** की रचना की।[७]

गजसागरसूरि के शिष्यों में हेमकान्ति भी एक थे। इन्होंने वि०सं० १५८९ अथवा १५९८ में **श्रावकविधिचौपाई** की रचना की।[८]

गजसागरसूरि के एक शिष्य ललितसागर हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, ठीक यही बात इनके गुरुभ्राता और पट्टधर माणिक्यसागर के बारे में भी कही जा सकती है। माणिक्यसागर के शिष्य ज्ञानसागर हुए जिनके द्वारा वि०सं० १६९७-१७२७ के मध्य रची गयी १८ रचनायें उपलब्ध होती हैं। ज्ञानसागर ने वि०सं० १६९७/ई०स० १६४१ में **ईलाचीकेवलीरास** और वि०सं० १७००/ई०स० १६४४ में **चारप्रत्येकबुद्धचौपाई** की प्रतिलिपि की।[९]

ज्ञानसागर द्वारा रचित कृतियों की सूची इस प्रकार है[१०] —

१.	**शुकराजरास**	वि०सं० १७०१/ई०स० १६४५
२.	**धम्मिलरास**	वि०सं० १७१५/ई०स० १६५९
३.	**ईलाचीकुमारचौपाई**	वि०सं० १७१९/ई०स० १६६३
४.	**शांतिनाथरास**	वि०सं० १७२०/ई०स० १६६४
५.	**नलायन**	वि०सं० १७२०/ई०स० १६६४ के आसपास
६.	**चित्रसंभूतचौपाई**	वि०सं० १७२१/ई०स० १६६५
७.	**धन्नाअणगारस्वाध्याय**	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. **स्थूलिभद्रनवरास**

९. **रामचन्द्रलेख** वि०सं० १७२३/ई०स० १६६७

१०. **परदेशीराजारास** वि०सं० १७२४/ई०स० १६६८

११. **आषाढभूतिरास** वि०सं० १७२४/ई०स० १६६८

१२. **नंदिसेणरास** वि०सं० १७२५/ई०स० १६६९

१३. **श्रीपालरास** वि०सं० १७२६/ई०स० १६७०

१४. **आद्रककुमारचौपाई** वि०सं० १७२७/ई०स० १६७१

१५. **धन्नाचरित** वि०सं० १७२७/ई०स० १६७१

१६. **सनत्चक्रीरास** वि०सं० १७३०/ई०स० १६७४

१७. **अर्बुदस्तवन**

१८. **शाम्बप्रद्युम्नरास**

माणिक्यसागर के दो अन्य शिष्य मतिसागर और जयसागर हुए, जिन्होंने वि०सं० १६९९/ई०सन् १६४३ में **तेजपालरास** की प्रतिलिपि की।[११] ज्ञानसागरसूरि के पट्टधर प्रीतिसागर हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके गुरुभ्राता नयसागर ने वि०सं० १७१६/ई०सन् १६६० में स्वपठनार्थ **कल्पसूत्र** की प्रतिलिपि की।[१२] प्रीतिसागर के पट्टधर उनके शिष्य ललितसागर 'द्वितीय' हुए। इनके पश्चात् धनसागर, हर्षसागर, न्यायसागर और गुलाबसागर ने इस शाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया। चूंकि ज्ञानसागर के पश्चात् इस शाखा में कोई प्रभावशाली आचार्य नहीं हुआ अत: धीरे-धीरे इसका प्रभाव कम होने लगा और गुलाबसागर के पश्चात् नामशेष हो गया। आज इस शाखा का अस्तित्त्व केवल इतिहास के पृष्ठों तक ही सीमित है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-गोरक्ष शाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
क्षमारत्न
(वि.सं. १७२१ में **चित्रसम्भूतचौपाई** के कर्ता)

|
प्रीतिसागर
|
ललितसागर
|
धनसागर
|
हर्षसागर
|
न्यायसागर
|
गुलाबसागर

|
नयसागर
(वि.सं. १७१६ में स्वपठनार्थ **कल्पसूत्र** के प्रतिलिपिकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** द्वितीय संशोधित संस्करण, भाग ३, पृ० ३७१.

२. वही, भाग ३, पृ० ३५८.

३. वही, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० १६६.

४. वही, पृ० १६७.

५. मुनि कान्तिसागर, "कैटलांक अैतिहासिक पद्यो", **जैनसत्यप्रकाश,** वर्ष ७, अंक ११, पृ० ५३०; अंक १२, पृ० ५६८.

६. वही, पृ० ५६८.

७. **श्रीपार्श्व, अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३७४.

८. वही, पृ० ३२४.

९-१० वही, पृ० ४६२-६५.

११. वही, पृ० ४०९.

१२. A.P.Shah, Ed. *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss., Muniraja Shree PunyavijayaJis Collection, Part I,* L.D. Series, No. 2, Ahmedabad 1963, A.D., No. 627, p. 51.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ- चन्द्रशाखा

अंचलगच्छ की विभिन्न उपशाखाओं में चन्द्रशाखा भी एक है। प्रचलित मान्यतानुसार अंचलगच्छ के १६वें पट्टधर आचार्य गुणनिधानसूरि के शासनकाल में वि०सं० १५८५ के आसपास वाचक पुण्यचन्द्र ने अमावस्या की रात्रि को पूर्णिमा में बदल दिया था, इसी कारण इनकी शिष्य सन्तति चन्द्रशाखा के नाम से जानी गयी। इस शाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये भी न तो कोई पट्टावली मिलती है और न ही प्रतिमालेखों आदि में इस शाखा के मुनिजनों का नाम मिलता है। इस शाखा से सम्बद्ध मात्र कुछ ग्रन्थ प्रशस्तियां ही मिलती हैं। इसके अलावा इस शाखा के कुछ मुनिजनों की नामावली श्रीपार्श्व ने दी हैं। साम्प्रत आलेख में उन्हीं सीमित साक्ष्यों के आधार पर इस शाखा के इतिहास की एक झलक प्रस्तुत है।

चन्द्रशाखा की दो परम्परायें मिलती हैं। इनका अलग-अलग विवरण इस प्रकार है :

चन्द्रशाखा - प्रथम परम्परा

चन्द्रशाखा के आदिपुरुष वाचक पुण्यचन्द्र द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध से कोई उल्लेख ही मिलता है। यही बात इनके शिष्य माणिक्यचन्द्र, माणिक्यचन्द्र के पट्टधर विनयचन्द्र और विनयचन्द्र के पट्टधर रविचन्द्र के बारे में भी कही जा सकती है। रविचन्द्र के शिष्य एवं पट्टधर देवसागर हुए, जिनके द्वारा रचित कुछ कृतियां प्राप्त होती हैं।

१- **कपिलकेवलीरास**[२] रचनाकाल वि०सं० १६७४

२- **व्युत्पत्तिरत्नाकर**[३] रचनाकाल वि०सं० १६८६

व्युत्पत्तिरत्नाकर की प्रशस्ति में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

वाचक पुण्यचन्द्र
|
माणिक्यचन्द्र
|
विनयचन्द्र
|
रविचन्द्र
|
वाचक देवसागर (**कपिलकेवलीरास** एवं **व्युत्पत्तिरत्नाकर** के रचनाकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १६७५ का एक शिलालेख शत्रुञ्जय स्थित हाथीपोल पर उत्कीर्ण है। यह लेख ३१ पंक्तियों का है। इसके लेखक के रूप में देवसागर गणि का नाम मिलता है।

यावद्विभाकरनिशाकरभूधरार्य्य-
रत्नाकरध्रुवधरा: किल जाग्रतीह।
श्रेयांसनाथजिनमंदिरमत्र तावन्
नंदत्वनेकभविकौधनिषेव्यमानम्।। १ ।।

वाचकश्री विनयचन्द्रगणिनां शिष्यमु० देवसागरेण विहिता प्रशस्ति:।।

अंचलगच्छीयप्रतिष्ठालेखो, सम्पा०— श्रीपार्श्व, लेखांक ३१०.

शत्रुञ्जय स्थित हाथीपोल और वाघणपोल के मध्य स्थित विमलवसही टूंक पर बायें हाथ स्थित एक मन्दिर पर वि०सं० १६८३ का एक शिलालेख उत्कीर्ण है। इस लेख में भी लेखकर्ता के रूप में देवसागर गणि का उल्लेख मिलता है।

..... भट्टारक कल्याणसागरसूरिभि: प्रतिष्ठितं।। वाचक देवसागरगणीनां कृतिरियं।। .....।

अंचलगच्छीयप्रतिष्ठालेखो, लेखांक ३१५.

वि०सं० १७०० वैशाख सुदि २ रविवार को लिखी गयी **सर्वज्ञशतकस्तवक** की एक प्रति श्री हु०मु० ज्ञानभण्डार, सुरत में संरक्षित है।[४] इस कृति की प्रतिलेखन प्रशस्ति में लिपिकार पं० कनकसागर ने अपने गुरु के रूप में पण्डित देवसागर गणि का उल्लेख किया है। यद्यपि इस प्रशस्ति में लिपिकार ने अपने गच्छ-शाखा आदि का उल्लेख नहीं किया है, फिर भी समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर कनकसागर के गुरु पं० देवसागर गणि और अंचलगच्छीय- चन्द्रशाखा के देवसागर गणि को एक ही व्यक्ति मानने में कोई बाधा नहीं दिखाई देती।

उक्त प्रशस्ति का मूलपाठ निम्नानुसार है :

संवत् १७०० वर्षे वैशाख सुदि २ रवौ पंडितचक्रचक्रवर्ती पंडित **श्रीदेवसागरगणिशिष्य** पं० कनकसागरलिखितं स्ववाचनकृते श्रीराजनगरे।।

देवसागर गणि के एक अन्य शिष्य उत्तमचन्द्र हुए, जिन्होंने वि०सं० १६९५ में **सुनन्दारास** की रचना की।[५] देवसागर गणि के पट्टधर जयसागर हुए। जयसागर के पट्टधर के रूप में लक्ष्मीचन्द्र का नाम मिलता है। इनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु लक्ष्मीचन्द्र के पट्टधर लावण्यचन्द्र और कुशलचन्द्र हुए जिनके द्वारा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रचित कुछ कृतियां मिलतीहैं।[६] जो इस प्रकार हैं :

१. **साधुवन्दना** रचनाकाल वि०सं० १७३४

२. **साधुगुणाभास**

३. **वीरवंशानुक्रम** अपरनाम **अंचलगच्छपट्टावली** रचनाकाल वि०सं० १७६३

४. **गौडीपार्श्वनाथचौढालिया** रचनाकाल, वि०सं० १७६३.

पुण्यचन्द्र के दूसरे शिष्य माणिक्यचन्द्र और माणिक्यचन्द्र के शिष्य सौभाग्यचन्द्र हुए। इनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके पट्टधर रयणचन्द्र द्वारा वि०सं० १६९३ में प्रतिलिपि की गयी **ऋषिमण्डलस्तोत्र** की प्रति प्राप्त होती है।[७] इसकी प्रशस्ति में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा निम्नानुसार दी है :

वाचक पुण्यचन्द्र
|
माणिक्यचन्द्र
|
सौभाग्यचन्द्र
|
रयणचन्द्र (वि०सं० १६९३ में **ऋषिमण्डलस्तोत्र** के प्रतिलिपिकार)

पुण्यचन्द्र की परम्परा में ही हुए स्थानसागर ने वि०सं० १६८५ में **अगडदत्तरास**[८] की रचना की। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

वाचक पुण्यचन्द्र
|
कनकचन्द्र
|
वीरचन्द्र
|
स्थानसागर (वि०सं०१६८५ में **अगडदत्तरास** के कर्ता)

स्थानसागर के गुरुभ्राता ज्ञानसागर ने वि०सं० १६७८ में **सिंहासनद्वात्रिंशिका** की प्रतिलिपि की।[९] इसकी प्रशस्ति में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाचक पुण्यचन्द्र
|
वाचक कनकचन्द्र
|
वाचक वीरचन्द्र
|
ज्ञानसागर (वि.सं. १६७८ आश्विन सुदि ९ को **सिंहासनद्वात्रिंशिका** के प्रतिलिपिकार) | धनसागर | स्थानसागर

वि०सं० १८१५ वैशाख सुदि ३ रविवार को लिखी गयी **रमलशास्त्र** की एक प्रति प्राप्त हुई है। इसकी प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार मलूकचन्द्र ने अपनी लम्बी गुरु-परम्परा[१०] दी है, जो इस प्रकार है :

गुणनिधानसूरि
|
वाचक पुण्यचन्द्र
|
माणिक्यचन्द्र
|
विनयचन्द्र
|
रविचन्द्र
|
कल्याणचन्द्र
|
वीरचन्द्र
|
मलूकचन्द्र (वि०सं० १८१५ में अपने शिष्य के पठनार्थ **रमलशास्त्र** के प्रतिलिपिकर्ता)
|
हेमचन्द्र (इनके पठनार्थ उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि की गयी)

उक्त छोटी-छोटी प्रशस्तियों के आधार पर इस शाखा के मुनिजनों के गुरु-शिष्य परम्परा की एक तालिका संगठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-चन्द्रशाखा (प्रथम परम्परा) के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका

(आर्यरक्षितसूरि)
|
(जयसिंहसूरि)
|
(धर्मघोषसूरि)
|
(महेन्द्रसिंहसूरि)
|
(सिंहप्रभसूरि)
|
(अजितसिंहसूरि)
|
(देवेन्द्रसिंहसूरि)
|
(धर्मप्रभसूरि)
|
(सिंहतिलकसूरि)
|
(महेन्द्रप्रभसूरि)
|
(मेरुतुंगसूरि)
|
(जयकीर्तिसूरि)
|
(जयकेशरीसूरि)
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

- वीरचन्द्र
  - मलूकचन्द्र (वि.सं.१८१५ में अपने शिष्य हेमचन्द्र के पठनार्थ रमलशास्त्र के प्रतिलिपिकार)
    - हेमचन्द्र
- उत्तमचन्द्र (वि.सं.१६९५ में सुनन्दारास के कर्ता)
- जयसागर
  - लक्ष्मीचन्द्र
    - लावण्यचन्द्र (वि.सं.१७३४-६३ के मध्य रचित कई रचनायें उपलब्ध)
- कनकसागर (वि.सं.१७०० में सर्वज्ञशतकस्तवक के कर्ता)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ- चन्द्रशाखा (द्वितीय परम्परा)

चन्द्रशाखा की द्वितीय परम्परा वाचक पुण्यचन्द्र के दूसरे शिष्य एवं पट्टधर विमलचन्द्र से प्रारम्भ होती है। विमलचन्द्र के शिष्य कुशलचन्द्र और कुशलचन्द्र के शिष्य भक्तिचन्द्र हुए। इन सभी द्वारा रचित न तो कोई कृति ही मिलती है और न ही कोई इस सम्बन्ध में उल्लेख ही प्राप्त होता है। भक्तिचन्द्र के शिष्य एवं पट्टधर मानचन्द्र हुए, जिनके द्वारा रचित कुछ कृतियां प्राप्त होती हैं,[१०] जो इस प्रकार हैं :

१. **चन्द्रचिन्तामणि**

२. **अनुपममंजरी**

३. **खगोलगणित**

४ **विद्यासागररास**

५. **ज्योतिषफल**

मानचन्द्र के पट्टधर कल्याणचन्द्र और कल्याणचन्द्र के पट्टधर सौभाग्यचन्द्र हुए। इनकी ख्याति मंत्रवादी के रूप में थी। वि०सं० १८४८ में इन्होंने विंआण में एक पोशाल का निर्माण कराया।[१२] इनके पट्टधर के रूप में श्रीपार्श्व ने खुशालचन्द्र का उल्लेख किया है।[१३] वि०सं० १८६० में खुशालचन्द्र की मृत्यु के पश्चात् उनके दो शिष्यों — मूलचन्द्र और खीमचन्द्र से अलग-अलग शिष्य परम्परायें चलीं। खीमचन्द्र की परम्परा में क्रमश: करमचन्द्र, ज्ञानचन्द्र, भाग्यचन्द्र, हुकुमचन्द्र, लक्ष्मीचन्द्र, मोहनलाल और दुलीचन्द्र हुए। यह परम्परा **डुमरानीपोशाल** के यतियों की परम्परा के नाम से जानी जाती है।[१४] खुशालचन्द्र के दूसरे पट्टधर मूलचन्द्रजी के दो शिष्यों— सुमतिचन्द्र और तिलकचन्द्र— से अलग-अलग शिष्य परम्परायें चलीं। सुमतिचन्द्र की परम्परा में क्रमश: ताराचन्द्र, गुलाबचन्द्र और गुणचन्द्र पट्टधर हुए। यह परम्परा **विंजालपोशाल** के नाम से जानी जाती है।[१५] तिलकचन्द्र की परम्परा में उनके बाद क्रमश: मानचन्द्र, जवेरचन्द्र और केशवजी हुए।[१६]

मानचन्द्र के द्वितीय पट्टधर के रूप में वीरचन्द्र का नाम मिलता है। इनकी परम्परा में क्रमश: विद्याचन्द्र, त्रिकमचन्द्र, रामचन्द्र, प्रतापचन्द्र, करमचन्द्र और हीराचन्द्र हुए। यह परम्परा **रायणपोशालशाखा** के नाम से जानी जाती है।[१६] श्रीपार्श्व ने भुजपुर, नालिया और सुथरी में इस शाखा के यतियों के पोशल होने की बात कही है।[१८] उन्होंने इस शाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की जो सूची दी है, उसके आधार पर एक तालिका निर्मित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ- चन्द्रशाखा (द्वितीय परम्परा)



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
हीराचन्द्र

डुमरानीपोशाल के यतियों की परम्परा

|
ज्ञानचन्द्र
|
भाग्यचन्द्र
|
हुकुमचन्द्र
|
लक्ष्मीचन्द्र
|
मोहनलाल
|
दुलीचन्द्र

विजालपोशाल की परम्परा

|
ताराचन्द्र
|
गुलाबचन्द्र
|
गुणचन्द्र

|
मानचन्द्र
|
जवेरचन्द्र
|
केशवजी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ४०१.

२. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ३, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० १८७.

३. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास,** कण्डिका ८८६.

४. श्रीअमृतलाल मगनलाल शाह, सम्पा०- **श्रीप्रशस्तिसंग्रह,** भाग २, पृ० २३१, प्रशस्ति क्रमांक ७६७.

५. इणि परि साधु तणा गुण गावि, सुमति सफल कहावि जी।
साधु सुनंद सुं सुहावि, नामि नवनिधि पाविइ जी।।३५५।।
अजर अमर हुआ अविणासी, मुगतिपुरि जिणि वासीजी।
गुण गाइ जे उलासी, वयणरस प्रकासीजी।।३५६।।
संवत सोल पंचाणुंआ वरसि, आषाढ़ सुदि हरसिजी।
श्री अंचलगछि विराजि, श्री कल्या(ण) सागरसूरि राजि जी।।३५७।।
वाचकवंसविभूषण वाइ, श्री देवसागर भवताइजी।
तास सीस मनि भावि, उत्तमचंद गुण गाविजी।।३५८।।
अे चरित जे भणसइ गुणसई, मनवंछित सुख लहिस्यइजी।
रिधि वृधि स्युं आणंद करस्यइ, जे गुण हीयडि धरस्यइजी।।३५९।।
मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ३, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ३१०-११.

६. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ४६८.

७. इति श्री ऋषिमंडलप्रकरणं ऋषिवंदनं संपूर्ण्णमिति संवत् १६ आसाढादि ९३ वर्षे आसौ वदि ५ रबौ लिखितं श्री 'अंचलगच्छे' वा० **पुन्यचंद्र :** तत्पट्टालंकार वा० **माणिक्यचंद्र**गणि; तच्छिष्यपं० श्री **सौभाग्यचन्द्रगणि:** तद्विनेयमुनि**रयऽण-चंद्रगणिना** लिपिकृतं(त) मिदं स्तोत्रं मरुस्थल्यां 'राडद्रह' नगरे श्रेयो(ऽ) स्तु। H.R. Kapadia, *Descriptive Catalogue of the govt. Collections of Manuscripts deposited at the Bhandarkar Oriental Research Institute, Volume XIX, Part I, Poona 1957; p. 82.*

८. देसाई, जैनगूर्जरकविओ, भाग ३, पृ० २६४-६६

९-१०. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ४००-४०१

११-१८. वही, पृ० ४९८.

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-पालिताना शाखा

अंचलगच्छ से समय-समय पर उद्भूत विभिन्न अवान्तर शाखाओं में पालिताना शाखा भी एक है। इस शाखा में मुनि वेलराज, लाभशेखर, कमलशेखर, विवेकशेखर, विनयशेखर, विजयशेखर, मेघराज, भावशेखर, रत्नशेखर, नयनशेखर आदि विद्वान् मुनिजन हो चुके हैं।

विक्रम संवत् की १६वीं शती के मध्य अथवा उत्तरार्ध में अंचलगच्छ में वाचक वेलराज नामक एक मुनि हुए हैं।[१] इनके द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में किन्हीं साक्ष्यों से कोई जानकारी ही प्राप्त हो पाती है। वासुपूज्य जिनालय, बीकानेर में संरक्षित चिन्तामणि पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर वि०सं० १६०१ ज्येष्ठ वदि ८ का एक लेख उत्कीर्ण है। इस लेख में वाचक वेलराज के प्रशिष्य और उपाध्याय पुण्यलब्धि के शिष्य भानुलब्धि द्वारा स्वपूजनार्थ उक्त प्रतिमा की (प्रतिष्ठापना) का उल्लेख है। श्री अगरचन्द भँवरलाल नाहटा ने इस लेख की वाचना दी है,[२] जो इस प्रकार है :

सं० १६०१ व० ज्येष्ठ सुदि ८ श्री अंचलगच्छे वा० वेलराज ग०शि० उपा० श्रीपुण्यलब्धि शि० श्रीभानुलब्धि उपाध्यायै स्वपूजन श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथ:

श्रीपार्श्व ने भी उक्त लेख की इसी प्रकार वाचना दी है।[३] वाचक भानुलब्धि के उपदेश से वि०सं० १६०५/ई०स० १५४९ में नागपुर (नागौर) में **कालकाचार्यकथा** की एक प्रति लिखी गयी।[४] वि०सं० १६१९/ई०स० १५६३ में जलालुद्दीन अकबर के राज्यकाल में लिखी गयी **ज्ञानपंचमीचौपाई** की प्रति में उपाध्याय भानुलब्धि की शिष्या साध्वी चन्द्रलक्ष्मी और उनकी शिष्या करमाई, प्रतापश्री आदि का नामोल्लेख प्राप्त होता है।[५] वि०सं० १६३०/ई०स० १५७४ में उपाध्याय भानुलब्धि के पठनार्थ **औपपातिकसूत्र** की प्रतिलिपि की गयी।[६] इसी प्रकार वि०सं० १६३३ भाद्रपद सुदि १५ शुक्रवार/ई०स० १५७७ को उपाध्याय भानुलब्धि की शिष्या करमाई के पठनार्थ खेमराज ने **ऋषभदेवविवाहलो** की प्रतिलिपि की।[७] उपा० भानुलब्धि के शिष्य मेघराज हुए जिनके द्वारा रचित **सत्तरभेदीपूजा** और **ऋषभजन्म** नामक कृतियां मिलती हैं।[८]

इसे तालिका के रूप में निम्नप्रकार से दर्शाया जा सकता है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तालिका-१



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाचक वेलराज के दूसरे शिष्य वा० लाभशेखर हुए जिनके द्वारा भी रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके शिष्य कमलशेखर ने वि०सं० १६००/ई०स० १५४४ में **लघुसंग्रहणी** की प्रतिलिपि की, जिनकी प्रशस्ति में इन्होंने स्वयं को लाभशेखर का शिष्य और वा० वेलराज का प्रशिष्य बतलाया है[९]—

वाचक वेलराज
|
वाचक लाभशेखर
|
वाचक कमलशेखर (वि०सं० १६००/ई०स० १५४४ में **लघुसंग्रहणी** के प्रतिलिपिकार)

वाचक कमलशेखर द्वारा रचित **नवतत्त्वचौपाई** (वि०सं० १६०९/ई०स० १५५३); **धर्ममूर्तिसूरिफागु; प्रद्युम्नकुमारचौपाई** (वि०सं० १६२६/ई०स० १५७०) आदि कृतियां भी मिलती हैं।[१०]

वाचक कमलशेखर के शिष्य वाचक सत्यशेखर हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती; किन्तु इनके शिष्यों — वाचक विनयशेखर और वाचक विवेकशेखर ने अपनी कृतियों की प्रशस्तियों में अपने गुरु-प्रगुरु आदि का सादर उल्लेख किया है। कमलशेखर के दूसरे शिष्य राजू ऋषि हुए, जिन्होंने वि०सं० १६३५/ई०स० १५७९ में **शिशुपालरास** की रचना की।[११]

वाचक सत्यशेखर के शिष्य वाचक विनयशेखर ने वि०सं० १६४३/ई०स० १५८७ **यशोभद्रचौपाई** तथा **रत्नकुमाररास** की रचना की।[१२] **शांतिमृगसुन्दरीचौपाई** भी इन्हीं की कृति मानी जाती है।[१३] वाचक विनयशेखर के शिष्य रविशेखर हुए। शत्रुञ्जय से प्राप्त वि०सं० १६८३/ई०स० १६२७ के एक शिलालेख के लेखक के रूप में इनका नाम मिलता है।[१४]

वा० कमलशेखर
|
वा० सत्यशेखर
|
वा० विनयशेखर (वि०सं० १६४३/ई०स० १५८७ में **यशोभद्रचौपाई** तथा **रत्नकुमाररास** के रचनाकार)
|
रविशेखर (शत्रुञ्जय से प्राप्त वि०सं० १६८३/ई०स० १६२७ के अंचलगच्छ से सम्बद्ध एक शिलालेख के लेखक)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाचक सत्यशेखर के दूसरे शिष्य वाचक विवेकशेखर द्वारा वि०सं० १६४८/ ई०स० १५९२ पौष सुदि ३ बुधवार को साध्वी विमला की शिष्या कुशललक्ष्मी के पठनार्थ **शांतिमृगसुन्दरीचौपाई** की प्रतिलिपि की गयी।[१५]

वाचक विवेकशेखर के एक शिष्य वाचक विजयशेखर हुए। इनके द्वारा रचित **नलदमयन्तीप्रबन्ध** (वि०सं० १६७२/ई०स० १६१६) लाहद्रापुर? में रचित; **कयवन्नारास** (वि०सं० १६८१/ई०स० १६२५); **सुदर्शनरास** (वि०सं० १६८१/ ई०स० १६२५); **चन्द्रलेखाचौपाई** (वि०सं० १६८९/ई०स० १६३३); **त्रणमित्रकथा** (वि०सं० १६९२/ई०स० १६३६); **चंदराजाचौपाई** (वि०सं० १६९४/ई०स० १६३८); **ऋषिदत्तारास** (वि०सं० १७०७ ?) आदि कई कृतियां मिलती हैं। सभी कृतियों में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है :

अंचलगछ गिरुउ **गुणसागर** रतनकरंड समानजी,
भट्टारक श्री **कल्याणसागरसूरि,** जंगमजुगपरधानजी।
तस पखि दीपक वाचक पद घर **विवेकशेखर** मुणिंदजी,
तस सीस पंडित **विजयशेखर** कहि धरम महिम आणंद जी।।

वाचक विवेकशखर के दूसरे शिष्य वाचक भावशेखर हुए। इनके द्वारा वि०सं० १६७२ से वि०सं० १७३० के मध्य विभिन्न ग्रन्थों की प्रतिलिपि की गयी जिनका विवरण इस प्रकार है[१७] :

१. वि०सं० १६७२/ई०स० १६१६ में भुज में **चम्पकमालारास**।

२. वि०सं० १६७४/ई०स० १६१८ में भुज में **गुणवर्मचरित**।

३. वि०सं० १७०४/ई०स० १६४८ में अपने शिष्य भुवनशेखर के पठनार्थ **कायस्थितस्तवनअवचूरि**।

४. वि०सं० १७१७/ई०स० १६६१ में अंजार में **उपदेशचिन्तामणि**।

५ वि०सं० १७२०/ई०स० १६६४ में भुज में साध्वी हेमा की शिष्या साध्वी पद्मलक्ष्मी के पठनार्थ **साधुवन्दना**।

६ वि०सं० १७३०/ई०स० १६७४ में ईलमपुर में **रत्नपरीक्षासमुच्चय**।

इनके द्वारा रचित एकमात्र कृति है **रूपसेनऋषिरास,** जो वि०सं० १६८३/ ई०स० १६२७ की रचना है।[१८]

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है वाचक भावशेखर के एक शिष्य भुवनशेखर हुए जिनके पठनार्थ इन्होंने वि०सं० १७०४/ई०स० १६४८ में **कायस्थितस्तवनअवचूरि**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की प्रतिलिपि की।

वि०सं० १७३०/ई०स० १६७४ में वाचक भावशेखर द्वारा लिखी गयी **रत्नपरीक्षासमुच्चय**, जिसका ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, की प्रतिलेखन प्रशस्ति में इनके दूसरे शिष्य बुद्धिशेखर और प्रशिष्य वाचक रत्नशेखर का भी नाम मिलता है। वाचक रत्नशेखर द्वारा वि०सं० १७६१/ई०स० १७०५ में रचित **रत्नपरीक्षा** नामक एक कृति प्राप्त होती है।[१९]

बुद्धिशेखर के दूसरे शिष्य राजशेखर हुए। इनके द्वारा रचित या प्रतिलिपि की गयी कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके पट्टधर लक्ष्मीशेखर द्वारा वि०सं० १७५० में लिखी गयी **चित्रसंभूतिचौपाई** की प्रति मिलती है।[१९अ] लक्ष्मीशेखर के शिष्य लावण्यशेखर द्वारा वि०सं० १७६५/ई०स० १७०९ में लिखी गयी **शांतिनाथचरित** की एक प्रति प्राप्त होती है।[२०] लावण्यशेखर के शिष्य अमृतशेखर हुए जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती; किन्तु इनके पट्टधर मुनि ज्ञानशेखर ने वि०सं० १८१३/ ई०स० १७५७ में **शिवमहिम्नस्तोत्र** की प्रतिलिपि की।[२१] श्रीपार्श्व के अनुसार ज्ञानशेखर के पट्टधर मुनि जीवा हुए जिन्होंने **शांतिनाथचरित** की प्रतिलिपि की।[२२] उनके इस कथन का आधार क्या है, यह ज्ञात नहीं होता है।

उक्त सभी प्रशस्तियों के परस्पर समायोजन से अचलगच्छ की पालिताना शाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की एक तालिका संगठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है : द्रष्टव्य — तालिका-२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तालिका – २ **अचलगच्छ-पालितानाशाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका**



Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

मध्य विभिन्न कृतियों के प्रतिलिपिकार)

भुवनशेखर
(वि.सं.१७०४/ई.स.१६४८ में
कायस्थितस्तवनअवचूरि के प्रतिलिपिकार)

बुद्धिशेखर
(वि.सं.१७३० में लिखी गयी
रत्नपरीक्षासमुच्चय की प्रतिलिपि में उल्लिखित)

राजशेखर

रत्नशेखर
(वि.सं.१७६१/ई.स.१७०५ में
रत्नपरीक्षा के रचनाकार)

लक्ष्मीशेखर
(वि.सं.१७५० में **चित्रसंभूतचौपाई** के प्रतिलिपिकार)

लावण्यशेखर
(वि.सं.१७६५/ई.स. १७०९ में **शांतिनाथचरित** के प्रतिलिपिकार)

अमृतशेखर

ज्ञानशेखर
(वि.सं.१८१३/ई.स. १७५७ में **शिवमहिम्नस्तोत्र** के प्रतिलिपिकार)

मुनि जीवा
(**शांतिनाथचरित** के प्रतिलिपिकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-पालिताना शाखा में ही हुए क्षमाशेखर नामक मुनि और उनके सतीर्थ्य माणिक्यशेखर और सकलशेखर ने वि०सं० १६८३/ई०स० १६२७ में **उपदेशमालाबालावबोध** की रचना की।[२३] इस कृति की प्रशस्ति में उन्होंने स्वयं को सुमतिशेखर का प्रशिष्य और सौभाग्यशेखर का शिष्य बतलाया है—



(वि०सं० १६८३/ई०स० १६२७ में **उपदेशमालाबालावबोध** के रचनाकार)

वि०सं० १७१९/ई०स० १६६३ में **हंसराजवत्सराजचौपाई** के प्रतिलिपिकार नयनशेखर भी इसी शाखा के थे।[२४] उनके द्वारा वि०सं० १७३६/ई०स० १६८० में रचित **योगरत्नाकरचौपाई** नामक कृति प्राप्त होती है। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है,[२५] जो इस प्रकार है :



जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं **उपदेशमालाबालावबोध** (रचनाकाल वि०सं० १६८३/ई०स० १६२७) के रचनाकार क्षमाशेखर, माणिक्यशेखर और सकलशेखर स्वयं को सुमतिशेखर का प्रशिष्य और सौभाग्यशेखर का शिष्य बतलाते हैं। **योगरत्नाकरचौपाई** की प्रशस्ति में भी रचनाकार नयनशेखर ने सुमतिशेखर, सौभाग्यशेखर आदि को अपना पूर्वज बतलाया है। उक्त दोनों प्रशस्तियों में उल्लिखित गुरु-परम्परा की तालिकाओं के परस्पर समायोजन से एक बड़ी तालिका संगठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



वाचक वेलराज और वाचक पुण्यतिलक की परम्परा के मुनिजनों के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था, यह ज्ञात नहीं होता।

अचलगच्छ की इस शाखा के प्रवर्तक कौन थे? यह शाखा कब और किस कारण से अस्तित्त्व में आयी, इसका नामकरण किस आधार पर हुआ, साक्ष्यों के अभाव में ये सभी प्रश्न आज भी अनुत्तरित ही रह जाते हैं।

सन्दर्भ

१. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३६७.

२. श्री अगरचन्द भँवरलाल नाहटा, सम्पा०- **बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १३९३.

३. श्रीपार्श्व, सम्पा०- **अंचलगच्छीयप्रतिष्ठालेखो,** लेखांक ७३९.

४. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३६७-६८.

५-७. वही, पृ० ३६८.

८. Vidhatri Vora, Ed. *Catalogue of Gujarati Mss. Muni Shree Punya Vijaya Jis Collection.* L.D. Series No. 71. Ahmedabad, 1972. p. 55.

अंचलगच्छदिग्दर्शन, पृ० ३६७-६८.

९. वही, पृ० ३६९.

१०. **मोहनलालदलीचन्द देसाई,** सम्पा०- **जैनगूर्जरकविओ,** भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण (सम्पा०- डॉ० जयन्त कोठारी), पृ० ४३-४४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. *Catalogye of Gujarati Mss,* p. 655.

१२. **जैनगूर्जरकविओ,** भाग २, (द्वितीय संशोधित संस्करण), पृ० २१०.

१३. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३७१.

१४. G. Buhler, "The Jaina Inscriptions From Śatrumjaya", *Epigraphia Indica,* Vol. II, Reprint, New Delhi 1984, No. 28, p. 68-71.

१५. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३७०.

१६. **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ३ (द्वितीय संशोधित संस्करण), पृ० २३५.

१७. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३९९.

जैनगूर्जरकविओ, भाग ३, (द्वितीय संशोधित-संस्करण) पृ० २५३.

१८. *Catalogue of Gujarati Mss.* p. 644; **धनामहामुनिसंधि** भी इन्हीं की कृति है। वही, पृ० ७१९.

१९. यह कृति श्री अगरचन्द भँवरलाल नाहटा द्वारा श्री अभय जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक-२२ के अन्तर्गत **रत्नपरीक्षा** के पृष्ठ ८९-१५५ पर प्रकाशित है। विस्तार के लिये द्रष्टव्य— **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृष्ठ ४७०.

१९अ.**अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ४७१.

२०. वही, पृ० ४७१.

२१. इति श्रीगन्धर्वराजपुष्दन्तविरचितं महिम्नस्तोत्रं समाप्तम्।।

संवत् १८१३ वर्षे आसो वदि २ दिने श्रीकच्छदेशे ग्रामश्रीसाभराईमध्ये श्रीअंचलगच्छे वा० श्री १०८ श्रीलक्ष्मीशेखरजीगणि- तत्शिष्यपं० श्री ५ लावण्यशेखरजीगणितत्शिष्य मुनिश्री ५ अमृतशेखरगणि- तत्शिष्यपङ्कजभ्रमर-मुनिज्ञानशेखरगणिलिपिकृतार्थे।।

A.P. Shah, Ed. *Catalogue of Sanskrit and Prakrit Mss : Muni Shree Punya VijayaJis Collection,* Part II, L.D. Series, No. 5, Ahmedabad, 1965 A.D., page 266.

२२. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ४७१.

२३. वही, पृ० ४०२.

जैनगूर्जरकविओ, भाग ३, (द्वितीय संशोधित संस्करण), पृ० ३५४.

२४. *Catalogue o Gujarati Mss,* p. 570.

२५. ते शाखा मांहि अति भली, पालीताणी शाखा गुणनिली,
पालिताचार्य्य कहीइ जेह, हुआ गछपति जे गुणगेह।। ९६ ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमे तेहने पाटे जाणि, **श्रीपुण्यतिलक** सुरीस बखांण,
तेहने वंशि सोलमे पाट, **सूमतिशेखर** वाचक गुण-पाट।। ९७ ।।
सात शिष्य छे वाचकपदे, **सौभाग्यशेखर** पुन्यवंत हृदे,
तास चरणांबुज सेवे जेह, **ज्ञानशेखर** वाचक गुण जेह।। ९८ ।।
सत्तर भेद संजमना सार, पाले नित जे पंचाचार,
सतावीस गुण अभीरांम, **ज्ञानशेखर** ते वाचक गुणधाम।। ९९ ।।
ते सहीगुरुनो लही पशाय, हीअे समरी सरसतीमाय,
योगरत्नाकर नांमे चोपइ, **नयणशेखर** मुंनि इण परि कही।। १०० ।।

जैनगूर्जरकविओ, भाग ५, (द्वितीय संशोधित संस्करण), पृ० १९-२१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचलगच्छ-लाभशाखा

अचलगच्छ की उपशाखाओं में लाभशाखा भी एक है। इस शाखा में चारित्रलाभ, गजलाभ, जयलाभ, हर्षलाभ, समयलाभ, विनयलाभ, मेरुलाभ, पद्मलाभ, माणिक्यलाभ, सत्यलाभ, नित्यलाभ आदि मुनिजन हो चुके हैं। इस शाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये भी न तो इससे सम्बद्ध कोई पट्टावली मिलती है और न ही किन्हीं प्रतिमालेखों आदि में इसका उल्लेख मिलता है। सम्बद्ध शाखा के मुनिजनों द्वारा रचित अथवा प्रतिलिपि किये गये ग्रन्थों की प्रशस्तियों से इसके इतिहास की एक झलक प्रस्तुत है।

लाभशाखा से सम्बद्ध सर्वप्रथम साक्ष्य है मुनि गजलाभ द्वारा वि०सं० १५९७ में रचित **बारव्रतटीपचौपाई** की प्रशस्ति;[१] जिससे ज्ञात होता है कि यह कृति रचनाकार ने अपने शिष्य वरन के लिये रची थी।

इनके द्वारा रचित दूसरी कृति है **जिनाज्ञाहुण्डी** अपरनाम **अंचलगच्छनी हुण्डी**,[२] जो वि०सं० १६१०/ई०स० १५५४ में रची गयी है। आचार्य धर्ममूर्तिसूरि के सान्निध्य में ५२ मुनिजनों और ४० साध्वियों के साथ इन्होंने क्रियोद्धार किया और उक्त ग्रन्थ की रचना की। इस ग्रन्थ में रचनाकार ने अंचलगच्छ की सात शाखाओं का उल्लेख किया है :

जयकीर्ति वरधन लाभ सूंदर चंद नंद सूवलभा।
सात शाखा लाभ केरी सांभलजो तुमे मुनीवरा।।

गजलाभ के शिष्य समयलाभ ने वि०सं० १६११/ई०स० १५५५ में अपने गुरुभ्राता शंकर के पठनार्थ **मुनिपतिचरित्र** की प्रतिलिपि की।[३] गजलाभ के दूसरे शिष्य हर्षलाभ ने वि०सं० १६१३ के आसपास **अंचलमतचर्चा** की रचना की।[४]

वि०सं० १६४२/ई०स० १५८६ में लिखी गयी **शाम्बप्रद्युम्नरास** की प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार जयलाभ ने स्वयं को गजलाभ का शिष्य बतलाया है।[५] जयलाभ के शिष्य माणिक्यलाभ हुए जिन्होंने **शांतिनाथचरित** की प्रतिलिपि की।[६] श्रीपार्श्व ने इसका लेखनकाल वि०सं० १७१८/ई०स० १६६२ बतलाया है जो इनके गुरु के काल को देखते हुए असम्भव तो नहीं, परन्तु मुश्किल अवश्य लगता है।

श्रीपार्श्व ने पं० गजलाभ के गुरु का नाम चारित्रलाभ बतलाया है, परन्तु उसके इस कथन का क्या आधार है, यह उन्होंने नहीं बतलाया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्त साक्ष्यों के आधार पर गजलाभ के शिष्यों की एक तालिका बनायी जा सकती है :



लाभशाखा में वि०सं० की १८वीं शती के प्रारम्भिक दशक में मेरुलाभ नामक विद्वान् हुए जिन्होंने वि०सं० १७०४/ई०स० १६४९ में **चन्द्रलेखासतीरास**[७] की रचना की। इसकी प्रशस्ति[८] में उन्होंने अपने प्रगुरु, गुरु, गुरुबन्धु आदि का उल्लेख किया है —

विधिपक्ष गच्छि विद्या वयरागर, मानइं जन महाराओ;
वादी गजघट-सिंह वदीतो, कल्यानसूरीश कहाओ।
वाचक जास आज्ञाईं विराजईं, विनयलाभ वरराओ;
वदति तास सीस दो बांधव, मेरु पदम मन भाओ।
चन्द्रकला नामइं अेह चउपइ, सगवटि कीओ समुदाओ;
पढइं गुणइं सुणइं नर-प्रमदा लीला तासु लहाओ।
संवत सतर सय ऊपरि सारइं, वेद संख्याब्द विधाओ;
मरशिर मास वदि अठसि मांहि, सुरगुरु दिनईं सुहाओ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कल्याणसागर सूरि

|

विनयलाभ

मेरुलाभ (वि०सं०१७०४/ई०स० १६४८ में **चन्द्रलेखासतीरास** के रचनाकार)	पद्मलाभ

मेरुलाभ के एक शिष्य माणिक्यलाभ हुए जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके शिष्य सत्यलाभ द्वारा वि०सं० १७६४/ई०स० १७०८ में प्रतिलिपि की गयी **स्थूलिभद्रएकबीसा** और वि०सं० १७९१/ई०स० १७३५ में माण्डवी-कच्छ में लिखी गयी **चन्द्रलेखाचौपाई** की प्रति प्राप्त हुई है।[९]

मेरुलाभ के दूसरे शिष्य सहजसुन्दर हुए जिनके द्वारा भी रचित कोई कृति नहीं मिलती; किन्तु इनके शिष्य नित्यलाभ द्वारा वि०सं० १७७२ से वि०सं० १७९८ के मध्य रची गयी कई कृतियां मिलती हैं,[१०] जो इस प्रकार हैं —

१. **वासुपूज्यस्तवन**	वि०सं० १७७६/ई०स० १७२०
२. **चन्दनबालासज्झाय**	वि०सं० १७७२/ई०स० १७१६
३. **चौबीसी**	वि०सं० १७८१/ई०स० १७२५
४. **महावीरपंचकल्याणकनुंचौढालिया**	वि०सं० १७८१/ई०स० १७२५
५. **सदेवंतसावलिंगारास**	वि०सं० १७८२/ई०स० १७२६
६. **विद्यासागरसूरिरास**	वि०सं० १७९८/ई०स० १७४२
७. **नेमिनाथबारमास**[११]	वि०सं० की १८वीं शती का अन्तिम चरण।

उक्त साक्ष्यों के आधार पर विनयलाभ की शिष्य परम्परा की एक तालिका संगठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है —

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



गजलाभ की शिष्यपरम्परा का विनयलाभ तथा उनकी शिष्य परम्परा से क्या सम्बन्ध था, साक्ष्यों के अभाव में यह ज्ञात नहीं हो पाता।

अचलगच्छ की लाभशाखा के प्रवर्तक कौन थे? यह शाखा कब और किस कारण अस्तित्त्व में आयी? साक्ष्यों के अभाव में इन सभी प्रश्नों का उत्तर दे पाना कठिन है और ये सभी प्रश्न आज भी अनुत्तरित ही रह जाते हैं।

सन्दर्भ

१-२. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, सम्पा०- **जैनगूर्जरकविओ,** भाग १, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ३६१-६३.

३. श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३७६.

४. वही, पृ० ३७६. एवं

मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ६६.

५. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ३७६.

६. वही, पृ० ४०८.

७. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ४, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ८०-८२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. वही, पृ० ८२.

९. श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ४८५.

१०. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ५, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० २९४-२९८.

११. Vidhatri Vora, Ed. *Catalogue of Gujarati Mss : Muni Shree Punya VijayaJis Collection,* L.D. Series No. 71, Ahmedabad 1978 A.D., p. 730.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंचलगच्छ- सागरशाखा का इतिहास

अंचलगच्छ से समय-समय पर उद्भूत विभिन्न शाखाओं में सागरशाखा भी एक है। आचार्य धर्ममूर्तिसूरि के शिष्य महोपाध्याय रत्नसागर इस शाखा के आदिपुरुष माने जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके सागरान्त नाम के कारण उनके आज्ञानुवर्ती मुनिजन एवं उनकी शिष्य सन्तति सागरशाखा के नाम से प्रसिद्ध हुई। इस शाखा के विद्याविलासी मुनिजनों में मेघसागर, विनयसागर, नयसागर, सौभाग्यसागर, ऋषि कीका, पद्मसागर, ऋद्धिसागर, सहजसागर, मानसागर आदि उल्लेखनीय हैं।

अंचलगच्छ की इस शाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये इससे सम्बद्ध मुनिजनों की कृतियों की प्रशस्तियां तथा उनके द्वारा प्रतिलिपि कराये गये या स्वयं लिखे गये ग्रन्थों की प्रतिलिपि प्रशस्तियाँ मिलती हैं। यहाँ उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर इस शाखा के इतिहास की रूपरेखा प्रस्तुत है :

सागरशाखा के आदिपुरुष महोपाध्याय रत्नसागर द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में कोई विवरण ही प्राप्त होता है, किन्तु इनकी आज्ञानुवर्ती साध्वी गुणश्री द्वारा रचित **गुरुगुणचौबीसी**[१] से इनके बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। यह कृति वि०सं० १७२१/ई०सन् १६६५ में रची गयी है। इसके अनुसार महोपाध्याय रत्नसागर का जन्म वि०सं० १६२६ में हुआ, वि०सं० १६४१ में इन्होंने आचार्य धर्ममूर्तिसूरि के पास दीक्षा ग्रहण की और रत्नसागर के नाम से जाने गये। वि०सं० १६४४ में इन्होंने कल्याणसागरसूरि के पास बड़ी दीक्षा ग्रहण की और उनके शिष्य के रूप में मान्य हुए। वि०सं० १६४८ में इन्होंने महोपाध्याय तथा मुनिमण्डलनायक के पद को सुशोभित किया। वि०सं० १६५५/ई०सन् १५९९ में इनके उपदेश से भरुच और खम्भात में श्रावकों ने जिनबिम्बों की प्रतिष्ठा की। पालनपुर के नवाब की पत्नी का ६ माह पुराना ज्वर इन्होंने दूर कर सर्वत्र ख्याति अर्जित की। वि०सं० १७२०/ई०सन् १६६४ में कपडवज में इनका निधन हुआ।[२] वि०सं० १७१९/ई०सन् १६६३ में मुनि सौभाग्यसागर द्वारा रचित **वर्धमानपद्मसिंहश्रेष्ठिचरित** से ज्ञात होता है कि वर्धमान पद्मसिंह शाह द्वारा भद्रावती से शत्रुंजय की यात्रा हेतु निकाले गये संघ में गच्छनायक कल्याणसागरसूरि के साथ महोपाध्याय रत्नसागर भी थे।[३]

रत्नसागर के आज्ञानुवर्ती और गुरुभ्राता विनयसागर द्वारा रचित कई कृतियां मिलती हैं :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. **अनेकार्थनाममाला**[४] वि०सं० १७०२/ई०स० १६४६

२. **स्नात्रपंचाशिका**[५] वि०सं० १७०४/ई०स० १६४८

३. **वृद्धचिन्तामणि** अपरनाम **विद्वद्चिन्तामणि**[६] (यह कृति **सारस्वतव्याकरण** के आधार पर रची गयी है)

४. **भोजव्याकरण**[७]

विनयसागर के अध्ययनार्थ आचार्य कल्याणसागरसूरि ने **मिश्रलिंगकोश**[८] की रचना की थी।

महोपाध्याय विनयसागर के एक शिष्य ऋषि कीका ने वि०सं० १६९५/ई०सन् १६४९ में धवलक्कनगरी में भर्तृहरिकृत **शतकत्रय** की प्रतिलिपि की।[९] वि०सं० १६९७/ई०सन् १६५१ में लिखी गयी **नेमिनाथयादवरास** की प्रतिलिपि में भी प्रतिलिपिकार के रूप में ऋषि कीका का नाम मिलता है।[१०]

महोपाध्याय विनयसागर के दूसरे शिष्य सौभाग्यसागर थे, जिन्होंने जामनगर के श्रेष्ठी वर्धमानशाह द्वारा निर्मित शान्तिनाथ जिनालय की वि०सं० १६९७/ई०सन् १६४१ की शिलाप्रशस्ति[११] तथा वि०सं० १७१९/ई०सन् १६६३ में **वर्धमानपद्मसिंहश्रेष्ठीचरित**[१२] जिसका ऊपर उल्लेख आ चुका है, की रचना की।

वि०सं० १६६२ में लिखी गयी **सिद्धान्तचौपाई** की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि इसके प्रतिलिपिकार महोपाध्याय संयमसागर भीकीका रत्नसागर के शिष्य थे।[१३]

वि०सं० १६७६/ई०सन् १६२० में इनके एक शिष्य नयसागर ने चैत्यवन्दन की रचना की।[१४]

महोपाध्याय रत्नसागर के एक शिष्य पद्मसागर हुए जिन्होंने वि०सं० १७०४/ई०सन् १६४८ में **नारचन्द्रज्योतिष** की प्रतिलिपि की।[१५] पद्मसागर के शिष्य धीरसागर हुए, जिनके द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही प्रतिलिपि की गयी कोई रचना; किन्तु इनके शिष्य ऋद्धिसागर ने वि०सं० १७३९/ई०सन् १६८३ में स्तम्भनपुर (थामणा) में **परिभाषानोवृत्ति** की प्रतिलिपि की।[१६]

श्रेष्ठी वर्धमान शाह द्वारा जामनगर में निर्मित जिनालय, जिसका ऊपर उल्लेख आ चुका है, की वि०सं० १६९७/ई०सन् १६४१ की शिलाप्रशस्ति में मनमोहनसागर का भी नाम मिलता है।[१७] सौभाग्यसागर और मनमोहनसागर के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था? क्या वे परस्पर गुरुभ्राता थे अथवा गुरु-शिष्य; प्रमाणों के अभाव में यह निश्चित कर पाना कठिन है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रत्नसागर के एक शिष्य मेघसागर हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, यही बात इनके शिष्य ऋद्धिसागर, कनकसागर और मनरूपसागर के बारे में भी कही जा सकती है।[१८] ऋषिसागर के शिष्य हीरसागर, पद्मसागर 'द्वितीय' और अमीसागर हुए।[१९] हीरसागर अपने गुरु के पट्टधर बने।[२०] ये मन्त्रवादी के रूप में प्रसिद्ध हुए।[२१] वि०सं० १७८२/ई०सन् १७२६ में इनका निधन हुआ।[२२] हीरसागर के शिष्य सहजसागर हुए जिन्होंने वि०सं० १७८१/ई०सन् १७२५ में **शीतलनाथस्तवन**[२३] और वि०सं० १८०४/ई०सन् १७४८ में **हीरसागरनीजीवनी** की रचना की।[२४] सहजसागर के शिष्य मानसागर हुए, जिनके द्वारा वि०सं० १८४६/ई०सन् १७९० में रचित **रहस्यशास्त्र** नामक कृति प्राप्त होती है।[२५] मानसागर के पश्चात् क्रमशः रंगसागर, फतेहसागर, देवसागर और स्वरूपसागर ने इस शाखा का नायकत्व सम्भाला।[२६] स्वरूपसागर जी के पास वि०सं० १९४०/ई०सन् १८८४ में गुलाबमल अपरनाम ज्ञानचन्द्र ने यति दीक्षा ग्रहण की और गौतमसागर नाम प्राप्त किया।[२७] वि०सं० १९४६/ई०सन् १८९० में इन्होंने संवेगी दीक्षा ग्रहण की[२८] और अंचलगच्छ में व्याप्त शिथिलाचार को दूर कर उसे पुनः शास्त्रोक्त मार्ग पर चलाया।

प्रसिद्ध विद्वान् श्रीपार्श्व ने विभिन्न साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर महोपाध्याय रत्नसागर के कुछ अन्य शिष्यों का भी नामोल्लेख किया है,[२९] जो इस प्रकार है :

१. उदयसागर	२. लब्धिसागर
३. सौभाग्यसागर	४. विबुधसागर
५. देवसागर	६. सूरसागर
७. सहजसागर	८. कमलसागर
९. समयसागर	१०. चन्द्रसागर

उक्त साक्ष्यों के आधार पर महोपाध्याय रत्नसागर की शिष्य-प्रशिष्य परम्परा की एक तालिका संकलित होती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंचलगच्छ- सागरशाखा के मुनिजनों का वंशवृक्ष

(आर्यरक्षितसूरि) अंचलगच्छ के प्रवर्तक
|
(जयसिंहसूरि)
|
(धर्मघोषसूरि)
|
(महेन्द्रसिंहसूरि)
|
(सिंहप्रभसूरि)
|
(अजितसिंहसूरि)
|
(देवेन्द्रसिंहसूरि)
|
(धर्मप्रभसूरि)
|
(सिंहतिलकसूरि)
|
(महेन्द्रप्रभसूरि)
|
(मेरुतुंगसूरि)
|
(जयकीर्तिसूरि)
|
(जयकेशरीसूरि)
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

- (सिद्धान्तसागरसूरि)
- (भावसागरसूरि)
- (गुणनिधानसूरि)
- धर्ममूर्तिसूरि (अंचलगच्छ के १७वें पट्टधर)
  - महोयाध्याय रत्नसागर (अंचलगच्छ-सागरशाखा के आदिपुरुष) (वि.सं.१६२६ में जन्म एवं वि.सं.१७२० में स्वर्गस्थ)
    - पद्मसागर (वि.सं.१७०४ में **नारचन्द्रज्योतिष** के प्रतिलिपिकार)
      - धीरसागर
    - नयसागर (वि.सं.१६७६ में **चैत्यवन्दन** के रचनाकार)
    - मनमोहनसागर (वि.सं.१६९७ में लिखी गयी शिलाप्रशस्ति में उल्लिखित)
    - संयमसागर (वि.सं.१६६२ में **सिद्धान्तचौपाई** के प्रतिलिपिकार)
    - मेघसागर
      - ऋद्धिसागर
    - उदयसागर आदि १० अन्य शिष्य
  - विनयसागर (प्रसिद्ध रचनाकार; विभिन्न रचनायें उपलब्ध)
    - सौभाग्यसागर (वि.सं.१६९७ में शांतिनाथजिनालय जामनगर की शिलाप्रशस्ति एवं वि.सं.१७१९ में **वर्धमानपद्मसिंहश्रेष्ठीचरित** के रचनाकार)
    - ऋषि कीका (वि.सं.१६९५ में **शतकत्रय** एवं वि.सं.१६९७ में **नेमिनाथयादवरास** के प्रतिलिपिकार)
  - कल्याणसागरसूरि
    - .....अचलगच्छ मुख्य परम्परा.....

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं रत्नसागर के सभी शिष्यों में से मेघसागर की ही शिष्य-परम्परा लम्बे समय तक चली। इस परम्परा के अन्तिम यति गौतमसागर जी ने संवेगी दीक्षा ग्रहण कर अंचलगच्छ को एक नया जीवन प्रदान किया। २०वीं शताब्दी में इस गच्छ में जितने भी विद्वान् मुनिजन हुए हैं और इस गच्छ का जो भी प्रभाव आज है, उसका श्रेय निश्चितरूपेण आचार्य गौतमसागर जी और उनकी सुयोग्य शिष्य-परम्परा को है।

सन्दर्भ :

१. सोमचन्द्र धारसी, सम्पा० **अंचलगच्छम्होटीपट्टावली** (गुजराती भाषान्तर), भावनगर वि०सं० १९८५, पृ० ३९०-९१.

श्रीपार्श्व, **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ३६१.

२. सतरसो वीस साले गुरुजी। कपडवंजनी मांहे।। हो० ।।
पोस दसम दिवसे सुभध्याने। पाये सरग उछांहें ।। हो० ।।

अंचलगच्छम्होटीपट्टावली, पृ० ३९१.

३. **अंचलगच्छदिग्दर्शन,** पृ० ३६२.

४-५. मोहनलाल दलीचन्द्र देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग ४, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ६६.

६. H.D. Velankar, Ed. *Jinaratnakosha,* Poona 1944 A.D., p. 434.

श्रीपार्श्व, पूर्वोक्त, पृ० ४०५.

७. *Jinaratnakosha,* p. 299.

८. *Ibid,* p. 310.

यहां श्री वेलणकर ने विनयसागर के स्थान पर विनीतसागर लिखा है, जो भ्रामक है।

९. A.P. Shah, Ed. *Catalogue of Samskrit & Prakrit Mss. Muniraj Shree PunyavijayaJis Collection,* Part II, L.D. Series No. 5, Ahmedabad 1965 A.D., No. 5137, p. 659.

१०. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग १, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ० ३६१. **अंचलगच्छ दिग्दर्शन,** पृ० ४०२.

११. सं० १६९७ मार्गशीर्ष शुक्ल ३ गुरुवासरे उपाध्याय श्रीविनयसागरगणेः शिष्य सौभाग्यसागरैः रलेखीयं प्रशस्तिः।।

श्रीपार्श्व, सम्पा० **अंचलगच्छीयप्रतिष्ठालेखो**, लेखांक ३१२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ३६२.

१३. वही, पृ० ३७८.

१४. **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ३, पृ० १६७.

१५. **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ४०८.

१६. A.P. Shah, *Catalogue of Sanskrit & Prakrit...* No. 5827.

१७. **अंचलगच्छीय प्रतिष्ठालेखो**, लेखांक ३१२.

१८-१९. सोमचन्द्र धारसी, सम्पा०- **अंचलगच्छीयम्होटीपट्टावली**, पृ० ३९५.

२०-२२. वही, पृ० ३९६-३९८.

२३. **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ४२७.

२४. सोमचन्द्र धारसी, पूर्वोक्त, पृ० ३९८.

२५. **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ५१९.

२६-२७. सोमचन्द्र धारसी, पूर्वोक्त, पृ० ३९८-४०४.

२८. वही, पृ० ४१० और आगे.

२९. **अंचलगच्छदिग्दर्शन**, पृ० ३६२,३९८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ अध्याय

अचलगच्छीय मुनिजनों का साहित्यावदान

साहित्य निर्माण में अचलगच्छ के विभिन्न विद्यानुरागी आचार्यों और मुनिजनों का उल्लेखनीय योगदान है। इस गच्छ के तृतीय पट्टधर धर्मघोषसूरि से साहित्यनिर्माण की जो परम्परा चली उसकी अखण्ड धारा आज भी निरन्तर प्रवाहित हो रही है। फलस्वरूप हजारों की संख्या में उल्लेखनीय छोटी-बड़ी रचनायें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, मरु-गुर्जर आदि विभिन्न भाषाओं में विभिन्न विषयों पर प्राप्त होती हैं। अन्य गच्छों की भाँति अंचलगच्छ के साधु-साध्वी भी गाँव-गाँव में विहार करते थे अत: उनके द्वारा रचित साहित्य का बिखराव इतना अधिक हो गया कि उन सबका पता लगा पाना असम्भव है। असुरक्षा, अज्ञानता और उपेक्षा के कारण भी बहुत सारा साहित्य नष्ट हो गया फिर भी जो कुछ बचा है, उसे संरक्षित करने में विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों का प्रयत्न सराहनीय है।

अन्यान्य गच्छों की भाँति अञ्चलगच्छ के इतिहास के अध्ययन के क्रम में इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा रचित कृतियों का विवरण एकत्र करना प्रारम्भ किया और देखा कि ऐसी सामग्री विपुल परिमाण में है। अत: रचनाकारों को वर्णक्रमानुसार रखते हुए उनकी कृतियों का यथाज्ञात संक्षिप्त विवरण देने का निश्चय किया जिसका परिणाम प्रस्तुत सूची है। इसे संकलित करने में **जैनगूर्जरकवियो, जैन साहित्यनो संक्षिप्तइतिहास, जिनरत्नकोश,** पूना, जैसलमेर, पाटण, अहमदाबाद, खम्भात आदि स्थानों पर संरक्षित जैन ग्रन्थ भण्डारों के सूचीपत्र, सुप्रसिद्ध विद्वान् भाई श्रीपार्श्व द्वारा प्रणीत **अंचलगच्छदिग्दर्शन, हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास-मरु-गूर्जर** (भाग १-३) आदि से सहायता प्राप्त हुई है और इन सभी का यथास्थान उल्लेख है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रचनाकार का नाम	गुरु-परम्परा	कृतियों का नाम	रचनाकाल	सन्दर्भग्रन्थ
अमरचन्द्र	अमरसागर | गुणसागर | रयणचन्द्र | मुनिचन्द्र | अमरचन्द्र (रचनाकार)	**विद्याविलासरास या चरित**	वि.सं.१७४५	जै.गू.क., भाग ५, पृ. ४९-५०. जै.सा.सं.इ., कण्डिका ९७६, ९७९.
अमृतसागर	अमरसागरसूरि . . . . नेमसागर | शीलसागर | अमृतसागर (रचनाकार)	१. **मृगसुन्दरीकथारास**	वि.सं.१७२८	कै.गु.मै., पृ. ६०३. जै.गू.क., भाग ४, पृ. ४३५.
		२. **अजितशांतिस्तवन** (वि.सं. १७३० में रचनाकार द्वारा लिखी गयी प्रति उपलब्ध)	वि.सं.१७३० से पूर्व	जै०सा०सं०इ०,कण्डिका ९७६. कै०गु०मै०, पृ० १३१.
		३- **रात्रिभोजन परिहाररास** अपरनाम **जयसेनकुमाररास**	वि.सं.१७३०	अं०दि०, पृ० ४६६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तमचन्द्र	पुण्यचन्द्र ⋮ देवसागर । उत्तमचन्द्र (रचनाकार)	सुनन्दरास	वि.सं.१६९५	जै.गू.क., भाग ३, पृ. ३१०-११.
उदयचन्द्र	देवसागर । विजयचन्द्र । उदयचन्द्र (रचनाकार)	माणिककुमारचौपाई	१७१४ फाल्गुन सुदि..शनिवार	अं.दि., पृ. ४७१. जै.गू.क., भाग ४, पृ० २६५.
उदयमन्दिर	पुण्यमन्दिर । उदयमन्दिर (रचनाकार)	ध्वजभुजंगआख्यान	वि.सं.१६७५	जै०गू०क०, भाग ३, पृ० १८८.
उदयसागर 'प्रथम'	? सिद्धान्तसागर, धर्मशेखर धर्मशेखर । उदयसागर (रचनाकार)	१- शांतिनाथचरित २- उत्तराध्ययनदीपिका ३- कल्पसूत्रअवचूरि (प्रतिलेखन की तिथि वि०सं० १६३३)	 वि.सं. १५४६	जै.सा.बृ.इ., भाग ६, पृ. ११०. जै.सा.सं.इ., कण्डिका ७५६. पीटर्सन, भाग२, क्रमांक २८७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदयसागर 'द्वितीय'		१- कल्याणसागरसूरिरास २- स्नात्रपंचाशिका	वि.सं. १८०२ वि.सं. १८०४	जै.सा.सं.इ., कण्डिका ९९३, ९९८.
ऋषिवर्धनसूरि	जयकीर्तिसूरि ऋषिवर्धनसूरि (रचनाकार)	१- नलदमयन्तीरास २- अतिशयपंचाशिका अपरनाम जिनातिशयपंचाशिका ३- समस्यामहिम्नस्तोत्र	१५१२	कै०गु०मै०, पृ० ६०९. अं०दि०, पृ० २४५. जै.सं.सा.सं.इ., भाग२, पृ.४५८.
कपूरविजय	अमरसागर : रत्नशेखर कपूरविजय (रचनाकार)	नेमिराजीमतीबारमास	.....?	कै०गु०मै०, पृ० ७२५.
कमलमेरु		कलावतीचौपाई	वि.सं. १५९४	हि.जै.सा.इ.-मरु-गुर्जर, भाग, पृ. ३४१.
कमलशेखर	वेलराज पुण्यलब्धि लाभशेखर कमलशेखर(रचनाकार)	१- नवतत्त्वचौपाई २- प्रद्युम्नकुमारचौपाई ३- धर्ममूर्तिसूरिफागु	वि.सं. १६०९ वि.सं. १६२६	जै.गू.क., भाग २, पृ. ४३-४४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कल्याणसागरसूरि (अंचलगच्छ के १८वें पट्टधर; वि०सं० १६७०-१७१८)	धर्ममूर्तिसूरि | कल्याणसागरसूरि (रचनाकार)	१- मिश्रलिंगकोश २- पार्श्वनाथसहस्रनाम ३- गौडीपार्श्वनाथस्तोत्र ४- वीशी		जि०र०को०, पृ० ३१०. जै०गू०क०, भाग ३, पृ० २६८. कै०गु०मै०, पृ० १४८.
कल्याणसागरसूरि-शिष्य	कल्याणसागरसूरि | कल्याणसागरसूरिशिष्य (रचनाकार) (नाम अज्ञात)	१- गुरु स्तुति २- गुरुप्रदक्षिणास्तुति		जै०गू०क०, भाग ५, पृ० ३३७. कै०गु०मै०, पृ० ३१७.
कीर्तिवल्लभगणि	सिद्धान्तसागरसूरि | कीर्तिविल्लभगणि (रचनाकार)	उत्तराध्ययनदीपिकावृत्ति	वि.सं. १५५२	जि०र०को०, पृ० ४४. पीटर्सन, भाग ४, क्रमांक, ११८७, पृ० ७६.
क्षमारत्न (अंचलगच्छ-गोरक्षशाखा)	गजसागरसूरि | पुण्यरत्न | गुणरत्न | क्षमारत्न (रचनाकार)	चित्रसम्भूतचौपाई	वि.सं. १७२१	अं०दि०, पृ० ३२४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्षमाशेखर (अचलगच्छ- पालिताना शाखा)	वाचक सुमतिशेखर | वाचकसौभाग्यशेखर माणिक्यशेखर सकलशेखर क्षमाशेखर (प्रतिलिपिकार)	**उपदेशमालाबालालबोध** के वि.सं.१६८३ में प्रतिलिपिकार		जै०गू०क०, भाग ३, पृ० ३५४. अं०दि०, पृ० ४०२.
गजलाभ	अज्ञात	१- **वारव्रतरास** २- **जिनाज्ञाहुंडी**	वि.सं. १५९७ वि.सं. १६१०	जै.गू.क., भाग १, पृ. ३६१-६३.
गुणरत्न (अचलगच्छ गोरक्ष शाखा)	गजसागर | पुण्यरत्न | गुणरत्न (रचनाकार)	**गुणाकरसूरिकवित्त**		अं०दि०, पृ० ३७४. जै०स०प्र०, वर्ष ७, पृ० ५३०.
गुणसागर (अचलगच्छ -गोरक्षशाखा)	गजसागर | गुणसागर (रचनाकार)	**गजसागरसूरिनिर्वाणरास**		जै०गू०क०, भाग ३, पृ० ३७१.
चन्द्रलाभ		**चतुःपर्वीरास**	वि.सं. १५७२	जै०गू०क०, भाग १, पृ० २६९.
जयकीर्तिसूरि (अचलगच्छ के १२वें पट्टधर	मेरुतुंगसूरि | जयकीर्तिसूरि (रचनाकार)	१- **वैराग्यगीत** २- **पार्श्वदेवस्तवन**	वि.सं. १५१२ से पूर्व वि.सं. १४७० के आसपास	जै.सा.सं.इ., कण्डिका ७५०. जै.सं.सा.इ., भाग २, पृ० ३७८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

			३- **उत्तराध्ययनदीपिकावृत्ति** ४- **क्षेत्रसमासटीका** ५- **संग्रहणीटीका**		कै०गु०मै०, पृ० ३४८.
जयकेशरीसूरि	जयकीर्तिसूरि | जयकेशरीसूरि	(रचनाकार)	१- **चतुर्विंशतिजिनस्तोत्र** २- **आदिनाथस्तोत्र** ३- **साधारणजिनस्तोत्र**		आ०क०गौ०स्मृ०ग्रं०, पृ० ९३.
जयवल्लभमुनि	माणिक्यसुन्दरसूरि | जयवल्लभमुनि	(रचनाकार)	१- **स्थूलिभद्रवासठीओ** २- **धन्नाअणगारनोरास**		जै.सा.सं.इ., कण्डिका ९, पृ. ४८८.
जयशेखरसूरि	महेन्द्रप्रभसूरि | जयशेखरसूरि	(अंचलगच्छ के १०वें पट्टधर) (रचनाकार)	**जयशेखरसूरि की रचनायें** १. **उपदेशचिन्तामणि** २. **त्रिभुवनदीपकप्रबन्ध** अपरनाम **परमहंसप्रबन्ध** ३. **प्रबोधचिन्तामणि** ४. **धम्मिलकुमारचरित्र** ५. **जैनकुमारसम्भव** ६. **नेमिनाथफागकाव्य** ७. **विनतीसंग्रह**	वि.सं. १४३६ वि.सं. १४६२	जै.सा.बृ.इ., भाग ६, पृ.९ १५७ जै.सा.सं.इ., कण्डिका ६५०-१. पीटर्सन, भाग ५, क्र. ७०१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	१. नेमिनाथविनती २. श्री थांभणाविनती ३. श्रीआदिनाथविनती ४. श्रीपार्श्वनाथविनती ५. श्रीजीरावल्लीयपार्श्वनाथ-विनती ६. श्रीउदावसहीमंडनपार्श्वनाथ-विनती ७. श्रीतारणगिरिराजमंडन श्री अजितनाथविनती ८. श्रीजीरावलापार्श्वनाथविनती ९. श्रीचेरुआडमंडन श्रीपार्श्व-नाथविनती १०. श्रीनवपल्लवपार्श्वनाथविनती ११. श्रीस्तम्भतीर्थविनती १२. श्रीशांतिनाथविनती १३. श्रीवीसविहरमानविनती १४. श्रीआदिनाथविनती १५. श्रीपंचतीर्थंकरस्तुति १६. श्रीमल्लिनाथविनती		साध्वी मोक्षगुणाश्री– महाकवि जयशेखरसूरि, भाग-२, पृ॰ २२४-२६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

		१७. श्रीमुनिसुव्रतस्वामिविनती		
		१८. श्रीवर्धमानविनती		
		१९. श्रीशंखेश्वरपार्श्वनाथविनती		
		२०. श्रीआदिनाथविनती		
		२१. वायडश्रीमुनिसुव्रतविनती		
		२२. श्रीपंचासरापार्श्वनाथविनती		
		२३. श्रीशांतिनाथविनती		
		२४. श्रीऋषभदेवविनती		
		२५. श्रीशान्तिनाथदेवस्तुति		
		२६. श्रीमथुरानगरश्रीपार्श्वनाथ-विनती		
		२७. श्रीशांतिनाथविनती		
		२८. श्रीअरिष्ठनेमिनाथविनती		
		२९. श्रीआदिनाथविनती		
		३०. श्रीआदिनाथविनती		
		३१. श्रीसंभवनाथविनती		
		३२. श्रीजीराउलाविनती		
		३३. श्रीनेमिनाथविनती		
		३४. श्रीआदिनाथविनती		
		३५. श्रीचुवीसजिणवरचउपइ		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

		३६. श्रीनेमिनाथकीडाचउपइ		
		३७. श्रीऋषभदेवचउपइ		
		३८. त्रोटकबंधेनश्रीनेमिस्तुति		
		३९. श्रीजीरावलाविनती		
		४०. श्रीशत्रुंजयमंडनआदिनाथ-विनती		
		४१. श्रीआदिदेवविनती		
		४२. श्रीपार्श्वनाथविनती		
		४३. श्रीशत्रुंजयमंडनआदिदेव-विनती		
		४४. श्रीसहिलामंडन आदिनाथ-विनती		
		४५. श्रीनेमिनाथधउल		
		अन्य रचनायें		
		१. द्वात्रिंशिकायें		
		१. तीर्थाधिराजश्रीशत्रुंजय तीर्थस्तुति		
		२. श्रीगिरनारतीर्थस्तुति-गर्भिताद्वात्रिंशिका		
		३. श्रीमहावीरजिनस्तुति-गर्भिताद्वात्रिंशिका		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

			२. सम्यकत्वकौमुदी		
			३. आत्मबोधकुलक		
			४. जम्बूस्वामिचरित्र रचनाकाल	वि.सं. १४३६	
ज्ञानमूर्ति उपा०	धर्ममूर्तिसूरि		१- शास्वतजिनभवनचैत्य परिपाटी	वि.सं. १६९४	जै.गू.क., भाग३, पृ.३०१-३०६.
	विमलमूर्ति		२- रूपसेनराजर्षिरास	वि.सं. १६९४	कै०गु०मै०, पृ० १८२, ६२३.
	गुणमूर्ति		३- प्रियंकरचौपाई		
	ज्ञानमूर्ति उपा०	(रचनाकार)	४- बाइसपरीषहचौपाई	वि.सं. १७२५	
			५- संग्रहणीबालावबोध	वि.सं. १७२ के आसपास	
ज्ञानसागर 'प्रथम'	गजसागर		१- शुकराजआख्यान	वि.सं. १७०१	जै०गू०क०, भाग ४, पृ० ३७, भाग ५, पृ० ३२९.
	ललितसागर		२- धम्मिलरास	वि.सं. १७१५	अं०दि०, पृ० ४६२-६५.
	माणिक्यसागर		३- इलाकुमाररास	वि.सं. १७१९	कै०गु०मै०, पृ० ४९१, ५९७ ६०१, ६२६, ८३०.
	ज्ञानसागर	(रचनाकार)	४- धणअणगारस्वाध्याय	वि.सं. १७२१	
			५- रामलेख	वि.सं. १७२३	
			६- परदेसीराजारास	वि.सं. १७२४	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

		७- चित्रसम्भूतचौपाई	वि.सं. १७२१	
		८- आषाढ़भूतिचौपाई	वि.सं. १७२४	
		९- नंदिसेणमुनिरास	वि.सं. १७२५	
		१०- श्रीपालरास	वि.सं. १७२६	
		११- आद्रकुमारचौपाई	वि.सं. १७२७	
		१२- शांतिनाथचौपाई		
		१३- सनत्चक्रीरास	वि.सं. १७३०	
		१४- शाम्बप्रद्युम्नरास		
		१५- चतुर्विंशतिजिनस्तवन		
		१६- स्थूलिभद्रनवरसो		
		१७- अर्बुदचैत्यपरिपाटी		
		१८- महावीरस्तवन		
		१९- पार्श्वनाथस्तवन		
		२०- स्थूलिभद्रसज्झाय		
		२१- राजीमतीगीत		
		२२- वैराग्यगीत		
ज्ञानसागर 'द्वितीय'	कल्याणसागरसूरि	१- समकितनी सज्झाय	वि.सं. १७८६	कै०गु०मै०, पृ० ३८०.
		३- भावप्रकाशसज्झाय	वि.सं. १७८७	हि०जै०सा०ई०, मरु-गूर्जर,
		४- गुणवर्मरास	वि.सं. १७९७	भाग-३, पृष्ठ १९९-२००.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

			४- कल्याणसागरसूरिरास	वि.सं. १८०२	
			५- स्नात्रपंचाशिका	वि.सं. १८०४	
			६- स्थूलिभद्रसज्झाय		
			७- चौबीसअतिशयनो छंद		
			८- शीयलसज्झाय		
			९- षडावश्यकसज्झाय		
			१०- लघुक्षेत्रसमासबालावबोध		
	विद्यासागर				
	ज्ञानसागर	(रचनाकार)			
दयाशील	धर्ममूर्तिसूरि		१- अंतरंगकुटुम्बगीत	वि.सं. १६६४	जै.गू.क., भाग ३, पृ० ८४-८६
	कल्याणसागरसूरि		२- कायाकुटुम्बसज्झायस्तवन	१७वीं शती	अं०दि०, पृ० ३६९, ४१०.
	विजयशील		३- शीलबत्तीसी	वि.सं. १६६४	
	दयाशील	(रचनाकार)	४- ईलाचीकेवलीरास	वि.सं. १६६६	
			५- चन्द्रसेन- चन्द्रप्रद्योत नाटकीयाप्रबन्ध	वि.सं. १६६७	
दयासागर अपरनाम दामोदर	धर्ममूर्तिसूरि		१- सुरपतिकुमारचौपाई	वि.सं. १६६५	जै.गू.क., भाग ३, पृ. ९७-१००.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	कल्याणसागरसूरि भीमरत्न उदयसमुद्र दयासागर (रचनाकार)	२- **मदनशतक** (जालौर में रचित)	वि.सं. १६६९	कै.गु.मै., पृ.५३६, ५६७, ८५२.
देवसागरगणि	वाचक पुण्यचन्द्र माणिक्यचन्द्र विनयचन्द्र रविचन्द्र देवसागरगणि (रचनाकार)	१- **अभिधानचिन्तामणि** पर **व्युत्पत्तिरत्नाकर** नामक **टीका** २- **कपिलकेवलीरास** ३- **शत्रुंजय की शिलाप्रशस्ति**	वि.सं. १६८६ वि.सं. १६७४ वि.सं. १६७५ एवं १६८३	अं०दि०, पृ० ३४१, ४११. जि०र०को०, पृ० १३. जै०गू०क०, भाग ३, पृ० १८७. कै०गु०मै०, पृ० ६३०.
धनजी	कल्याणसागरसूरि भीमरत्न उदयसमुद्र दयासागर	**सिद्धदत्तरास**		जै०गू०क०, भाग ३, पृ० ३४३. अं०दि०, पृ० ४०८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	धनजी	(रचनाकार)			
धनराज	कल्याणसागरसूरि भोजदेव अपरनाम भुवनराजगणि धनराज	(रचनाकार)	**महादेवसारणी** पर **महादेवी-टीका**	वि.सं. १६९२	जि०र०को०, पृ० ३०४. न्यू०कै०सं०प्रा०मै०- जे०क०, क्रमांक १८३३, पृ० ३२८.
धर्मकवि	महेन्द्रसूरि धर्मकवि	(रचनाकार)	१- **जम्बूस्वामिचरित** २- **स्थूलिभद्ररास** ३- **सुभद्रासतीचतुष्पदिका**	वि.सं. १२६६	जै०गू०क०, भाग १, पृ० ७. आ०क०गौ०स्मृ०ग्र०, पृ० ५९.
धर्मघोषसूरि	जयसिंहसूरि धर्मघोषसूरि	(रचनाकार)	**शतपदी** अपरनाम **प्रश्नोत्तरपद्धति**	वि.सं. १२६३	जै०सा०सं०इ०, कण्डिका ४९५.
धर्मघोष	शालिभद्र धर्मघोष	(रचनाकार)	**अविमुक्तचरित**	वि.सं. १४२८	जै.सा.बृ.इ., भाग ६, पृ० १९७.
धर्मनन्दनगणि			**छन्दस्तत्त्व**		जै.सा.बृ.इ., भाग ५, पृ० १५०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्ममूर्तिसूरिशिष्य	धर्ममूर्तिसूरि		विधिरास	वि.सं. १६०६	हि.जै.सा.इ., भाग-२, पृ. २४६.
नयनशेखर	पुण्यतिलक ⋮ सुमतिशेखर सौभाग्यशेखर ज्ञानशेखर नयनशेखर	(रचनाकार)	योगरत्नाकरचौपाई	वि.सं. १७३६	अं०दि०, पृ० ४६९. कै०गु०मै०, पृ० ५७०.
नयसागर	कल्याणसागर रत्नसागर नयसागर	(रचनाकार)	१- अध्यात्मगीत २- चैत्यवन्दन ३- चौबीसी	१८वीं शती वि.सं.१७१०-१७१८के मध्य	कै.गु.मै., पृ. ७४९. हि.जै.सा.इ., भाग २, पृ० २६०
नित्यलाभ	सहजसुन्दरगणि नित्यलाभ		१- जिनस्तवनचौबीसी २- नेमिनाथबारमास ३- वासुपूज्यस्तव	वि.सं.१७६९ वि.सं. १८वीं शती वि.सं. १७७६	जै०गू०क०, भाग ५, पृ० २९४. कै०गु०मै०, पृ० २११, ७३०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

			४- चन्दनबालासज्झाय	वि.सं. १७८२	
			५- सदेवंतसावलिंगारास	वि.सं. १७८२	
			६- महावीर पंचकल्याणक-स्तवन		
			७- चौबीसी		
			८- विद्यासागरसूरिरास	वि.सं. १७९८	
पद्मतिलक			बारभावनाढाल	वि.सं. १७वीं शती	अं०दि०, पृ० ३७७. कै०गु०मै०, पृ० ५९७.
पद्मसागर	उदयसागर		जीवाभिगमसूत्रटीका	वि.सं. १७००	जै०सा०सं०इ०, कण्डिका ८९०.
पुण्यरत्न	सुमतिसागर		१- नेमिनाथयादवरास	वि.सं. १५९६ से पूर्व	अं०दि०, पृ० ३७३-७४.
	गजसागर		२- नेमिराजुलरास	वि.सं. १७वीं शती	कै०गु०मै०, पृ० ७३७.
	पुण्यरत्न	(रचनाकार)	३- नेमिनाथविवाहलो	वि.सं. १६०० से पूर्व	
			४- सनत्कुमाररास	वि.सं. १६३७	
			५- सुधर्मास्वामीरास	वि.सं. १६४०	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पेथो (श्रावक कवि)		जीरावलापार्श्वनाथविवाहलो	वि.सं. १६वीं शती	कै०गु०मै०, पृष्ठ ६९४.
भक्तिलाभ		शीलोपरिगीत	वि.सं. १६वीं शती प्रथम चरण के आस-पास	वही, पृष्ठ ३५४.
भावशेखरगणि	वेलराज लाभशेखर कमलशेखर सत्यशेखर विवेकशेखर भावशेखरगणि (रचनाकार) विजयशेखर	१- रूपसेनराजर्षिरास २- धनामहामुनिसन्धि	वि.सं. १६८३ वि.सं. १७०९ के पूर्व	जै.गू.क., भाग ३, पृ. २५३-५५.
भावसागरसूरि	सिद्धान्तसागरसूरि भावसागरसूरि (रचनाकार)	१- अनन्तकायस्वाध्याय २- मायासज्झाय ३- शास्वतजिनचैत्यवन्दन	वि.सं. १५७५ से पूर्व	कै०गु०मै०, पृष्ठ ३८८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावसागरसूरिशिष्य (नाम अज्ञात)	भावसागरसूरि		१- चैत्यपरिपाटी २- नवतत्त्वरास ३- इच्छापरिणामचौपाई	वि.सं. १५६२ वि.सं. १५७५ वि.सं. १५९०	जै.गू.क.,भाग१, पृ.२७१, ४९७.
भुवनतुंगसूरि	जयसिंहसूरि धर्मघोषसूरि महेन्द्रसिंहसूरि भुवनतुंगसूरि	(रचनाकार)	१- चतुःशरणअवचूरि २- आतुरप्रत्याख्यानअवचूरि ३- ऋषिमण्डलवृत्ति ४- मल्लिनाथचरित ५- सीताचरित्र ६- आत्मसंबोधकुलक ७- आदिनाथचरित ८- संस्तारकप्रकीर्णक	वि.सं. १३८० से पूर्व	जि०र०को०, पृ० ३०२, ४४२; जै०सा०सं०इ०, कण्डिका ५६९. कै०मै०जै०ग्र०पा०, पृ० १३६. पीटर्सन, भाग ३, ए, पृ० २९३. अं०रि०, पृ० ११२-१४.
वाचक भोजसागर	भावसागर विनीतसागर भोजसागर	(रचनाकार)	सिद्धचक्रस्तवन	वि.सं. १९वीं शती	कै०गु०मै०, पृ० २३३. जै०सा०सं०इ०, कण्डिका ९७०.
मतिचन्द्र	गुणचन्द्रगणि मतिचन्द्र	(रचनाकार)	नवतत्त्वबालावबोध		कै०गु०मै०, पृ० ३१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मतिसागर 'प्रथम'	सोमरत्न गुणमेरु मतिसागर (रचनाकार)	**क्षेत्रसमासरास**	वि.सं. १५९४	जै०गू०क०, भाग १, पृ० ३३७ कै०गु०मै०, पृ० ६४५.
